RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 149
नई दिल्ली, बुधवार, 5 अप्रैल, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



ऑस्ट्रेलिया के लिए महत्वपूर्ण होंगे स्टार्क
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# गढ़े गए नाम से सच्चाई नहीं बदल जाती: भारत

● दिल्ली ने अरुणाचल के कुछ स्थानों के पुन: नामकरण के चीन के कदम को किया खारिज

● कहा- यह राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन द्वारा पुन: नामकरण करने को सिरे से खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि यह राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और गढ़े गए नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जाएगी। भारत की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब हाल में चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे।

चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसे सिरे से खारिज करते कहा कि मनगढ़ंत नाम रखने से हकीकत बदल नहीं जाएगी। बागची ने कहा, हमने ऐसी खबरें देखी हैं। यह पहली बार नहीं है, जब चीन ने ऐसा प्रयास किया है। हम इसे सिरे से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा, अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और रहेगा। गढ़े गए नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जाएगी। गौरतलब है कि हाल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के लिए चीनी, तिब्बती और पिनयिन अक्षरों में नामों की तीसरी सूची जारी की है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए, जिसे वह स्टेट काउंसिल, चीन की कैबिनेट द्वारा जारी भौगोलिक नामों पर नियमों के अनुसार तिब्बत का दक्षिणी भाग ज़ंगनान बताता है। चीन की सरकार द्वारा संचालित ग्लोबल टाइम्स ने सोमवार को अपनी एक खबर में कहा कि मंत्रालय ने रविवार को 11 स्थानों के आधिकारिक नाम जारी किए, जिनमें दो भूमि क्षेत्रों, दो आवासीय क्षेत्रों, पांच पर्वत चोटियों और दो नदियों सहित उनके सटीक निर्देशांक भी दिए गए हैं।

इसके अलावा, स्थानों के नाम और उनके अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी सूचीबद्ध की गई है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने भारत की आलोचना पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि जंगनान चीनी क्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा, स्टेट काउंसिल के भौगोलिक नामों को लेकर प्रशासन के संबंधित नियमों के अनुसार चीन की सरकार के सक्षम अधिकारियों ने जंगनान के कुछ हिस्सों के नामों का मानकीकरण किया है। यह चीन के संप्रभु अधिकारों के दायरे में किया गया है। चीनी मंत्रालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश के लिए जारी मानकीकृत भौगोलिक नामों की यह तीसरी सूची है। अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी, और 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का पुन: नामकरण (शेष पेज 9)

## चीन को प्रधानमंत्री की क्लीन चिट का परिणाम: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन द्वारा पुन: नामकरण करने को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चीन को क्लीन चिट दिए जाने और चीनी आक्रामकता पर उनके लगातार चुप्पी साधे रहने का परिणाम है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और हमेशा रहेगा। उन्होंने ट्वीट किया, चीन ने तीसरी बार अरुणाचल में हमारे इलाकों के नाम बदलने का दुस्साहस किया है। उसने 21 अप्रैल 2017 को छह जगहों, 30 दिसंबर 2021 को 15 जगहों और तीन अप्रैल 2023 को 11 जगहों के नाम बदले हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, गलवान के बाद, मोदी जी द्वारा चीन को क्लीन चिट देने का नतीजा, देश भुगत रहा है। पार्टी (शेष पेज 9)

## बदला सुर: भारत, रूस और चीन उभरती बड़ी ताकतें: बीजिंग

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग

**भारत-चीन** सीमा पर पिछले दो वर्षों से जारी तनाव के बीच चीन ने भारत के साथ संबंधों में सुधार की पहले करते हुए रूस के साथ भारत को उभरती शक्ति बताया है। चीन ने मंगलवार को कहा है कि वह मास्को के अलावा नई दिल्ली के साथ भी संबंधों में सुधार करने के लिए तैयार है। बीजिंग ने यह भी कहा कि तीनों देश विश्व की उभरती प्रमुख शक्तियां हैं, जिनका व्यापक प्रभाव है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग का यह बयान मंगलवार को सामने आया जिसमें उन्होंने कहा कि उल्लेखनीय प्रभाव के साथ रूस और चीन उभरती प्रमुख शक्तियां है। इसके साथ ही बीजिंग मास्को और नई दिल्ली के साथ संबंधों में सुधार करने के लिए तैयार है। रूस की (शेष पेज 9)

## भारत ने कई क्षेत्रों में विकास किया है: अमेरिका

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत कई क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा विकसित हो रहा है। साथ ही उन्होंने कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) के प्रस्ताव में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका की सराहना की। दुनिया भर में आपदा की स्थिति से निपटने में भारत की सतत प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) की प्रशासक सामंथा पावर ने कहा कि यह देश का नेतृत्व ही था जिसने सीडीआरआई को इस दृढ़ विश्वास से तैयार करने में मदद की कि आपदा से निपटने के प्रयास तभी सफल होंगे जब केवल सरकार द्वारा नहीं बल्कि सभी के द्वारा इसमें योगदान दिया जाए। कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इन्फ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) (शेष पेज 9)

# ट्रंप अदालत में आपराधिक मामले की सुनवाई से पहले हिरासत में

● वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री डेनियल को धन देने के मामले का कर रहे हैं सामना

**भाषा।** न्यूयॉर्क



**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वर्ष 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री को चुप कराने के बदले में धन देने संबंधी आपराधिक मामले की सुनवाई से पहले मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया। वह सुनवाई के लिए मैनहट्टन की अदालत पहुंचे थे।

ट्रंप के पहुंचने से पहले वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। ट्रंप आठ कारों के काफिले से अदालत पहुंचे। उम्मीद है कि ट्रंप की उंगलियों की छाप ली जाएगी और अन्य प्रक्रियाओं का भी पालन किया जाएगा। ट्रंप की तस्वीर भी ली जा सकती है। सीएनएन की खबर के मुताबिक, अदालत में अपनी पेशी से पहले ट्रंप मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में पुलिस हिरासत में हैं। वह अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जो आपराधिक मामले की सुनवाई का सामना करेंगे। वह न्यायाधीश जुआन मर्चेन के सामने आत्मसमर्पण करेंगे। अमेरिका मीडिया ने ट्रंप के वकील के हवाले से बताया कि वर्ष 2024 में व्हाइट हाउस की दौड़ में शामिल होने के इच्छुक 74 वर्षीय रिपब्लिकन नेता अदालत के समक्ष आपराधिक मामले में दोषी होने से इनकार करेंगे। वह वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टार्मी डेनियल को धन देने की वजह से इस मामले का सामना कर रहे हैं। अदालत में पेश होने के तुरंत बाद ट्रंप फ्लोरिडा वापस लौट जाएंगे और शाम को पाम बीच स्थित अपने घर मार-आ-लागो में बयान देंगे। उम्मीद की जा रही है कि ट्रंप के खिलाफ आरोपों की सुनवाई संक्षिप्त होगी। सुनवाई के दौरान उन पर लगे अभियोग को पढ़ा जाएगा जिसमें 10 से 15 मिनट का समय लगने की उम्मीद है। हालांकि, ट्रंप ने आरोपों से इनकार किया है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक ट्रंप पर कारोबार से जुड़े 30 से अधिक अभियोग लगाए गए हैं।

# गृह मंत्रालय ने हिंसा पर बंगाल से मांगी रिपोर्ट

● हुड़दंगियों को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी: राज्यपाल

● अनुराग ठाकुर ने ममता, नीतीश पर साधा निशाना, कहा-तुष्टीकरण की राजनीति

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा पर राज्य सरकार से मंगलवार को एक विस्तृत रिपोर्ट तलब की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्यपाल सीवी आनंद बोस से बात करने तथा राज्य में और खासतौर पर हावड़ा के हिंसा प्रभावित इलाकों में मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के कुछ दिनों बाद यह कदम उठाया गया है।

इस बीच, दार्जिलिंग का दौरा छोड़कर हुगली जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने कहा कि हुड़दंगियों को कानून को हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं, निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को हुगली जिले के दंगा प्रभावित इलाकों का दौरा करने से रोक दिया गया। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रामनवमी पर हिंसा की घटनाओं को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर को निशाना साधा और उनपर अल्पसंख्यक वोटों के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। पश्चिम बंगाल (शेष पेज 9)

## ममता बोलीं, दंगाई नहीं बचेंगे-भाजपा पर साधा निशाना

**एजेंसी।** दीघा



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राम नवमी की शोभायात्रा के दौरान हिंसा कराने का भाजपा पर मंगलवार को आरोप लगाया और कहा कि वह किसी दंगाई को बच कर भागने नहीं देंगी तथा दंगाबाज के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व मेदिनीपुर जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा। ममता ने कहा, हुगली और हावड़ा में हिंसा के पीछे भाजपा का हाथ है। वे बंगाल में हिंसा के लिए अन्य राज्यों से गुंडों को लेकर आए, जो हमारी संस्कृति में नहीं है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा का कहना है कि यदि पार्टी बिहार में सत्ता में आती है, तो यह दंगाइयों को उल्टा लटका देगी।

तो फिर, वह अपने उनके लिए ऐसा क्यों नहीं कर रही, जो बंगाल में संकट पैदा कर रहे हैं? पुण्य का काम घर से ही शुरू होता है। ममता ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि बाम (वाम दल) और राम (भाजपा) ने तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ हाथ मिला लिया है।

# सिक्किम में हिमस्खलन सात पर्यटकों की मौत



पूर्वी सिक्किम में हिमस्खलन में दबे लोगों को खोजते सेना के जवान

**भाषा।** गंगटोक

● केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, केंद्र सरकार स्थिति पर नजर बनाए है

**पूर्वी** सिक्किम के नाथुला इलाके में मंगलवार को हुए भीषण हिमस्खलन में सात पर्यटकों की मौत हो गई और उनके वाहन बर्फ के नीचे दफन हो गए। थलसेना ने एक बयान में कहा कि हिमस्खलन से जवाहरलाल नेहरू मार्ग प्रभावित हुआ, जो राज्य की राजधानी गंगटोक को चीनी सीमा पर स्थित नाथुला से जोड़ता है।

पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे हुए हिमस्खलन में करीब 30 लोगों के साथ पांच-छह वाहन बर्फ के नीचे फंसे गए। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने सेना से प्राप्त रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि शाम चार बजे तक सात शवों को बर्फ से निकाला जा चुका था और 23 लोगों को जीवित निकाल लिया गया, जिनमें एक गहरी खाई से निकाले गए छह पर्यटक भी (शेष पेज 9)

# यूपी में एक ही चयन आयोग से होगी सभी शिक्षकों की भर्ती

● योगी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग गठित करने के दिए निर्देश, टीईटी का भी संभालेगा जिम्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विभिन्न शिक्षक चयन आयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' का गठन किया जाए। यह एकीकृत आयोग शिक्षकों की समयबद्ध चयन प्रक्रिया, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में उपयोगी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर प्रदेश में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में संचालित शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में संचालित बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग गठित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारीए माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी शिक्षकों का चयन किया जा रहा है। उच्चध्माध्यमिक शिक्षा स्तर की अल्पसंख्यक संस्थाओं के लिए प्रबन्ध बोर्ड, तकनीकी संस्थाओं के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स/बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाती है। व्यावहारिक सुधारों के क्रम में भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन के लिए एकीकृत आयोग का गठन किया जाना उचित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' को एक स्वायत्तशाषी निगमित निकाय का स्वरूप जाना चाहिए। आयोग द्वारा अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बन्ध में मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार किए जाएंगे। अध्यापकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाए। उन्होंने नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष व सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,991 | | |
| निफ्टी | 17,359 | | |
| सोना | 59,600 | ↓ 180 | /10g |
| चांदी | 72,140 | ↑ 240 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जाति आधारित जनगणना की जरूरत नहीं: केंद्रीय मंत्री कुलस्ते

**भदोही।** केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने मंगलवार को कहा कि जातिगत जनगणना की कोई जरूरत नही है क्योंकि सामान्य जनगणना होने के बाद जाति आधारित आबादी की स्थिति अपने आप साफ हो जाएगी। भदोही मे जनजाति-धन्यवाद जनसभा मे बतौर मुख्य अतिथि आए कुलस्ते ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, जाति आधारित जनगणना की कोई जरूरत नही है और जब भी जनगणना होगी तो अपने आप स्थिति साफ हो जाएगी की किस जाति की कितनी जनसंख्या है। कुलस्ते ने यह भी कहा कि सभी दलों में इस तरह की सोच और मांग करने वाले है, लेकिन सिर्फ राजनितिक कारणों से जातिगत जनगणना करने मे सबसे बड़ी और गंभीर समस्या ये है कि जब इसकी शुरुआत होगी तो सभी जाति के लोग यही कहेंगे कि उनकी संख्या सबसे ज्यादा है।

# अमेरिका में बैठ गैंग चलाना चाहता था दीपक बॉक्सर

**संजय राय।** नई दिल्ली

● मेक्सिको के कैनकुन से पकड़ा गया भगोड़ा गैंगस्टर, दिल्ली पुलिस को पहली बार देश से बाहर किसी अपराधी को पकड़ने में मिली कामयाबी, स्पेशल सेल को मिली एफबीआई और इंटरपोल की मदद



गैंगस्टर दीपक बॉक्सर का फाइल चित्र

**दिल्ली** पुलिस की कामयाबी में एक और उपलब्धि जुड़ी गई है। उसने देश से बाहर पहली बार किसी गैंगस्टर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। हालांकि यह कामयाबी इतनी आसान नहीं थी। स्पेशल सेल की टीम ने बेहद सुनियोजित तरीके गैंगस्टर दीपक पहलवान उर्फ दीपक बॉक्सर को पकड़ने के लिए जाल बुना और अमेरिकी खुफिया एजेंसी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) तथा इंटरपोल की मदद से मेक्सिको में समुद्र तट से सटे शहर कैनकुन से गिरफ्तार कर लिया।

प्रतिभाशाली बॉक्सर से सरगना बने दीपक का देश के टॉप टेन गैंगस्टरों में शुमार था। यह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का खतरनाक अपराधी है। इस पर दिल्ली के विभिन्ना थानों में करीब दस गंभीर मामलों में केस दर्ज है। वह अमेरिका में अपना ठिकाना बनाना चाहता था। दिल्ली पुलिस सिविल लाइंस इलाके में बिल्डर अमित गुप्ता की हत्या के मामले में दीपक बॉक्सर की तलाश कर रही थी। फेसबुक के जरिए दीपक ने बिल्डर की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। रोहिणी कोर्ट में जितेंद्र गोगी की हत्या के बाद से वह गोगी गैंग की कमान संभाल रहा था। वह बरेली से रवि अंतिल के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर कोलकाता के रास्ते जनवरी 2023 में मेक्सिको भाग गया था। दीपक को पकड़ने के लिए स्पेशल सेल के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल की देखरेख में टीम बनाई गई थी। उसके बुधवार को दिल्ली पहुंचने की संभावना है।

दीपक बॉक्सर व उसके गिरोह के खिलाफ दिनांक 16 मार्च 2023 को एक मुकदमा स्पेशल सेल में दर्ज किया गया था, जिसके तहत वर्तमान ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। लगभग एक महीने तक चली सघन पूछताछ और सर्विलांस के जरिए पता चला था कि वह भारत से भागने के बाद, कई देशों में ठहरा फिर दक्षिण अमेरिका के मेक्सिको पहुँच गया है। यहां से उसकी मंशा मानव तस्करों के जरिये अमेरिका पहुँचने की थी जहां वह अपने अन्य साथियों से जुड़ जाता और फिर वहीं से दिल्ली और आसपास के राज्यों में फैले अपने संगठित अपराध को चलाता रहता। लगभग एक सप्ताह तक दीपक के सभी पुराने साथियों और निकट संबंधियों से पूछताछ कर उसके मेक्सिको में होने की पुख्ता जानकारी मिली।

भारत और मेक्सिकों में पूरे 12 घंटे के टाइम जोन अंतर के बावजूद, लगभग रियल टाइम पर, मेक्सिको और एफबीआई के अधिकारियों के साथ जानकारियों को साझा किया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए दीपक को मेक्सिको से ढूंढ़ निकाला गया। दरअसल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय अपराधी आतंकी गठजोड़ और संगठन को जड़ से खत्म करने पर विशेष जोर है। वह पुलिस और समेत अन्य संबन्धित एजेंसियों के साथ नियमित बैठकें कर इसकी समीक्षा भी करते हैं। इसी कड़ी में गृहमंत्री ने अगस्त 2022 में दिल्ली पुलिस की कार्यो समीक्षाओं के बाद स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच को विशेष निर्देश (शेष पेज 9)

### बॉक्सिंग रिंग से गैंगस्टर का सफर

**दीपक** हरियाणा के सोनीपत के छोटे से गांव गन्नौर का रहने वाला है। वह 2008 में बॉक्सिंग क्लब से जुड़ा और स्टेट चैंपियनशिप में भाग लिया। उसकी खेल प्रतिभा के चलते वर्ष 2009-10 में उसका चयन साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) के लिए हुआ। जहां उसने 57 किलोग्राम भारवर्ग में 15-16 की आयु में राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप में भाग लिया। 10वीं तक पढ़ाई करने वाले दीपक ने खेल में करियर बनाते हुए जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। लेकिन बॉक्सिंग छोड़ने के बाद वह मोहित से मिला। जहां से दोनों गोगी गैंग में शामिल हो गए।

# उप्र की बरेली, बांदा व नैनी जेलों के वरिष्ठ अधीक्षक निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● जेल में बंद अपराधियों की गैर कानूनी मुलाकात व सुख-सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में राज्य सरकार ने की बड़ी कार्रवाई

**प्रदेश** की जेलों में अपराधियों की गैर कानूनी मुलाकात व सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में जेल प्रशासन की संलिप्तता की शिकायतों को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रदेश के तीन जेलों के वरिष्ठ जेल अधीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें बरेली के वरिष्ठ जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला, बांदा के वरिष्ठ जेल अधीक्षक अविनाश गौतम व प्रयागराज की नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह शामिल हैं, जिन्हें निलंबित किया गया है। तीनों अधिकारी निलंबन अवधि में मुख्यालय से सम्बद्ध रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेलों में अराजकता के मामले पर गंभीर संज्ञान लेते हुए अभी बीते दिनों ही डीजी जेल आनंद कुमार को हटा दिया था। उनके स्थान पर एसएन साबत को नया डीजी जेल नियुक्त किया गया है। साबत ने अभी बीते सोमवार को सभी जेल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जेलों की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही शासन ने जेलों की व्यवस्था को और अधिक चुस्त दुरुस्त करने के लिए दो आईपीएस अधिकारियों को पूर्ण कालिक तैनाती देने के साथ ही आधा दर्जन को कारागार महकमे का जिम्मा भी सौंपा (शेष पेज 9)

# चिल्ला एलिवेटेड बनने का रास्ता साफ, बजट को मंजूरी

## दो राज्यों को जोड़ेगी सड़क, इससे 5 लाख यात्रियों को मिलेगा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दो राज्यों को जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटड रोड का निर्माण अब शुरू हो सकेगा। इसके लिए शासन स्तर पर बनी फाइनेंस कमेटी ईएफसी ने 801 करोड़ के बजट को पास कर दिया है। बजट कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। वहां से अप्रूव होते ही एग्रीमेंट के तहत 50 प्रतिशत पैसा पीडब्लूडी को देना होगा। इस योजना के बनने से रोजाना 5 लाख वाहनों को राहत मिलेगी।



परियोजना साल 2008 में तैयार की थी, लेकिन साल 2019 में धरातल पर उतर सकी। हालांकि सीएम योगी के शिलान्यास के बावजूद भी इसका काम पूरा नहीं हो सका। यदि समय पर यह परियोजना पूरी हो गई होती तो आज चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाई ओवर तक वाहन चालकों को जाम नहीं झेलना पड़ता। यही एक लिंक है जो सीधे दिल्ली को एक्सप्रेस वे से जोड़ता है।

दिल्ली के चिल्ला गांव से बनकर ये एलिवटेड महामाया फ्लाई ओवर के आगे नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस को सीधे जोड़ेगी।

इसका निर्माण ब्रिज कॉर्पोरेशन कर रहा है। इसका फिजिकल काम 13 प्रतिशत हो चुका है। इसकी नई डेड लाइन मार्च 2025 तय की गई है। इस एलिवेटड की कुल लंबाई करीब 5.96 किमी और छह लेन की होगी।

शासन के आदेशानुसार इस कार्य के खर्च का वहन 50 प्रतिशत नोएडा प्राधिकरण और 50 प्रतिशत उप्र शासन की ओर किया जाएगा। इसके लिए एग्रीमेंट भी साइन हो चुके है। प्राधिकरण की 194वीं बोर्ड बैठक में इस फैसले पर मुहर लगी थी। धनराशि उपलब्ध कराने के लिए कई बार पीडब्लूडी को रिमाइंडर जारी किए गए। मगरए नतीजा कोई नहीं निकला। अब फाइनेंस कमेटी के अप्रूव के बाद इस कैबिनेट में रखा जाएगा। इस प्रोजेक्ट का बजट 2013 में 605 करोड़ था। 2019 में काम शुरू किया गया। करीब 74 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

इसके बाद मामला पीडब्लूडी की ओर से बजट रिलीज नहीं होने फंस गया। वहीं ब्रिज कॉर्पोरेशन ने प्रोजेक्ट में वैरिएशन करते हुए योजना का बजट 1076 करोड़ का प्रस्ताव प्राधिकरण के भेजा। प्राधिकरण ने इसे खारिज कर दिया। साथ ही नए सिरे से बजट बनाया गया और आईआईटी अप्रूव के बाद ये बजट 801 करोड़ तय किया गया।

चिल्ला एलिवेटड की जो डिजाइन में बदलाव किया गया। ये एलिवेटड सिंगल पिलर पर बनेगी। इसमें स्टील का प्रयोग पहले के मुकाबले कम किया जाएगा। जिससे इसकी कास्ट 1076 करोड़ से कम होकर अब 801 करोड़ हो गई है। ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बताया कि बजट फाइनल होते ही टेंडर जारी किया जाएगा। इसी बजट में निर्माण कार्य किया जाएगा।

### सड़क के फायदे

- दिल्ली के जिन मुसाफिरों को एक्सप्रेस वे के जरिए ग्रेटर नोएडा, आगरा, लखनऊ जाना है वे सीधे एलिवेटड के जरिए एक्सप्रेस वे तक जा सकेंगे।
- इससे एलिवेटड से चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाईओवर तक जाम से राहत मिल जाएगी।
- आगरा, लखनऊ और ग्रेटर नोएडा के मुसाफिर जिनको मयूर विहार फेज.1 या दिल्ली के रिंग रोड जाना है वे महामाया के पास से इस पर चढ़ सकते है।

### निर्माण में करीब 42 महीने का समय लगेगा

*चिल्ली एलिवेटेड रोड का काम चार बार बंद हो चुका है। अब तक परियोजना का 13 प्रतिशत ही काम हो सका है। साल 2020 में कोरोना की आई पहली लहर के कारण करीब 4.5 महीने काम बंद रहा था। फिर उसी साल और फिर 2021 में प्रदूषण की रोकथाम के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के आदेश के कारण भी करीब दो माह काम बंद पड़ा रहा। वर्ष 2020 के नवंबर में काम बंद होने पर अक्टूबर 2021 में काम शुरू हुआ था। अब चौथी बार काम बंद हो गया। ये एलिवेटड दिल्ली के मयूर विहार फ्लाई ओवर से शुरू होकर नोएडा सेक्टर-14, 14ए, 15, 15ए, 16, 18 से होते हुए एक्सप्रेस वे से पहले महामाया फ्लाई ओवर के पास जाकर समाप्त होगा। इसके बनने में करीब 42 महीने का समय लगेगा।*

# इलाज के दौरान युवक की मौत बाद परिजनों ने किया हंगामा

**● पथरी के दर्द के चलते अस्पताल में था भर्ती**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पप्पू कॉलोनी में रहने वाले लीलू पार्चा नामक व्यक्ति के 30 वर्षीय पुत्र रोहित पार्चा को निजि अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही से जान चली गई। परिजनों ने स्पर्श अस्पताल के संचालक एवं चिकित्सकों के खिलाफ जमकर हंगामा किया।

हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाने की तहरीर भी लीलू पार्चा की ओर से दी गई। तहरीर में लीलू पार्चा ने बताया कि कुछ समय पूर्व उसके पुत्र रोहित को पथरी का दर्द हुआ था। उस समय उन्होंने गली नंबर छह में क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर मुकेश जिसके पास डॉक्टर की डिग्री भी नहीं है। जब उसके पुत्र को आराम नहीं हुआ तो मुकेश ने उसके पुत्र को स्पर्श अस्पताल में भर्ती करवा दिया। वहां, चिकित्सकों ने पहले तो पित्त की थैली का ऑपरेशन कर दिया और फिर बिना किसी जानकारी के गुर्दे का ऑपरेशन कर दिया।

ऑपरेशन गलत हो जाने के चलते उसके पुत्र रोहित पार्चा की मौत हो गई। लीलू पार्चा का यह भी आरोप है कि उसके पुत्र की हत्या करने के बाद मुकेश और स्पर्श अस्पताल के संचालक के स्टॉफ व गुंडों ने उनके ऊपर जानलेवा हमला किया।

एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच करके पुलिस दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी, 66 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● जिला प्रशासन की अपीली, जरूरत पड़ने पर 18004192211 पर करें कॉल**



नोएडा में कोरोना के मामले तेजी जो बढ़ रहे है। विगत 24 घंटे में यहां कोरोना का विस्फोट हुआ है। 66 नए मामले सामने आए है।

18 मरीज ठीक हुए है। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर अब 185 पहुंच गई है। इसमें से अधिकांश मरीजों का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। जरूरत पड़ने पर एकीकृत कंट्रोल रूम के टोल फ्री नंबर 18004192211 पर कॉल किया जा सकता है। बता दे नोएडा में तेजी से बढ़ रहे कोविड केस के ओमीक्रान का सब वैरिएंट एक्सबीबी-1 जिम्मेदार है। हालिया मामलों के जीनोम एनालिसिस से यह बात सामने आई है। नोएडा में अधिकांश मरीजों में ये सब वैरिएंट ही है। इसके अलावा एक्सबीबी-1.5, एक्सबीबी-2.3 सब वैरिएंट के मरीज भी है। एक्सबीबी-1 तेजी से संक्रमण को फैलाना है।

यदि सावधानी नहीं बरती तो ये कोरोना की नई लहर का रूप ले सकता है। जिस तरह से नोएडा में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में महज एक सप्ताह में यहां सक्रिय मामलों की संख्या 500 का आकड़ा का पार भी कर सकता है। सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने लोगों से अपील की वे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करे।

साथ ही भीड़ भाड़ वाले एरिया में न जाए। तेज बुखार, खांसी, गले में खराश, बदन दर्द, सिर में दर्द, सर्दी जैसे लक्षण आम हैं। सूंघने और टेस्ट करने की क्षमता नहीं जाती और जा भी सकती है।

## पत्नी की हत्या कर शव यमुना नदी में फेंका

**नोएडा।** नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव को यमुना नदी में फेंक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि महिला पिछले दो दिन से अपने घर से लापता थी। पुलिस ने जब उसके पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल की। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के छतंगा गांव में रहने वाले सरवन की शादी उषा से हुई थी। उषा दो मार्च से घर से लापता थी। महिला के ससुराल वालों ने सोमवार को जेवर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई, जबकि महिला के मायके वालों ने सरवन पर हत्या का आरोप लगाया है।

# बुजुर्गों के लिए शेल्टर होम खोलना चाहती थी अमिया

**● दिसंबर के वीडियो में कहा था सभी को मनचाही जिदंगी जीने की मिले आजादी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अमिया की फाइल फोटो

ग्रेटर नोएडा 70 साल की डॉक्टर मां की मौत के मामले में एक वीडियो सामने आया है। जिसमें अमिया बुजुर्गों के लिए एक शेल्टर होम खोलने की बात कर रही हैं।

वह कह रही हैं एक ऐसा घर होना चाहिए, जहां सारे बुजुर्ग रहें। उनका जो मन हो, वो करें। वहां पर कोई रोक-टोक न हो। जिसको बात करनी हो वो बात करे, जिसको खाना बनाना हो वो खाना बनाए। हालांकि उनका ये वीडियो दिसंबर का बताया जा रहा है।

इस घटना के बाद से कॉलोनी के लोग भी काफी दुखी हैं। सेक्टर बीटा.1 के आरडब्लूए महासचिव मनोज नागर ने बताया कि अमिया आंटी बहुत ही जागरूक थीं। वो सेक्टर के विकास को लेकर आए दिन बातचीत करती थीं। उनसे मेरी मुलाकात कई महीने पहले हुई थी। वो अपने बारे में कभी किसी को कुछ नहीं बताती थीं।

न ही किसी का उनके घर ज्यादा आना जाना था। वो अकेले ही रहा करती थीं। साथ में एक झोला लेकर घूमा करती थीं। उनसे मैं बातचीत भी करता था। एक दिन उन्होंने शिकायत की थी कि उनके घर की बिजली कट गई है। बाद में मुझे पता चला कि काफी दिनों से उनका बिजली का कनेक्शन कटा हुआ था। वो घर के लिए अक्सर मोमबत्ती लेकर जाया करती थीं। हलांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि बिजली क्यों कटी है।

ज्ञात हो कि 4 महीने से बेटा न ही अपनी मां से मिलने आया था और न ही उसने फोन किया था। वहीं पिछले कुछ दिनों से बेटा लगातार फोन कर रहा था, लेकिन फोन स्विच ऑफ जाता रहा।

इसके बाद बेटा अपनी पत्नी के साथ सोमवार को घर पहुंचा, तो उसको मां की लाश बिस्तर के नीचे पड़ी हुई मिली। मां का शव पूरी तरह से खराब हो चुका था। उनकी बॉडी गल गई थी। उसमें कीड़े लग गए थे।

घटना के बारे में ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक मकान में 1 बुजुर्ग महिला की डेड बॉडी मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद जिला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# संक्षिप्त समाचार



कार के शीशों पर काली फिल्म हटाते पुलिसकर्मी।

### एमिटी के पास ट्रैफिक पुलिस ने चलाया अभियान

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-126 एमिटी विवि के बाहर मुख्य सड़क पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान 276 गाड़ियों के चालान किए गए। 22 गाड़ियों को सीज किया गया। साथ ही यहां अवैध रूप से लगी रेहड़ी पटरी वालों को भी हटाया गया। बता दे पिछले कुछ दिनों से इस सड़क पर दो गुटों के मारपीट के कई वीडियो वायरल हुए थे। इन वीडियो का संज्ञान भी लिया गया और गिरफ्तारी की गई। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस के द्वारा एमिटी के आस पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में यातायात का पालन ना करने, ब्लैक फिल्म और रोड अतिक्रमण के खिलाफ चालान और वाहनों को सीज किया गया। इस दौरान करीब 17 दुकानों को हटाया गया। यहां बड़े स्तर यानी प्रत्येक गाड़ी का 10 से 15 हजार के बीच ही चालान किया गया।

### अनारक्षित सीटों पर सामान्य वर्ग करने की मांग

**गाजियाबाद।** राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ ने अनारक्षित सीटों पर समान्य वर्ग के लोगों को टिकट देने की मांग उठाई। महासंघ के संरक्षक राजकुमार त्यागी ने कहा कि सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित महिला एवं पुरुष सीटों पर राजनीतिक दल सामान्य वर्ग के लोगों की ही टिकट दें। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवेश दत्त भारद्वाज ने कहा कि सामान्य वर्ग हमेशा से ही राजनीति में उपेक्षित रहा है। जब तक इसे बर्दाश्त किया जाता रहेगा राजनीतिक दल सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित सीटों पर अन्य वर्ग के लोगों को टिकट देते रहेंगे। प्रेसवार्ता में सतीश शर्मा, मुकेश शर्मा, अंकुर शर्मा, रामकुमार शर्मा, संजय शर्मा, युगांधर शर्मा, दिलीप सिंह, आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

### राहुल गांधी की आवाज दबाना नामुमकिन: कांग्रेस

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर युवा कांग्रेस के पश्चिमी यूपी अध्यक्ष ओमवीर यादव ने प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अडानी मामले में आवाज उठाने वाले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की आवाज दबाना चाहती है। जबकिए राहुल गांधी की आवाज दबाना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। युवा कांग्रेस मोदी सरकार को पोस्टकार्ड भेजकर अडानी मामले में राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवाल पूछेगी। नेता ने कहा कि राहुल गांधी युवाओं, किसानों, गरीबों की आवाज बनकर उनकी परेशानियों को उठा रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार हर हाल में उनकी आवाज दबाना चाहती है। प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकास खारी और महानगर अध्यक्ष अमित यादव भी मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से निकली भगवान महावीर की रथयात्रा

**गाजियाबाद।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर कविनगर द्वारा भगवान महावीर जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य रथयात्रा भी निकाली गई। सबसे पहले जिन अभिषेक, शांति धारा, श्रीजिन पूजन, झंडारोहण व दीप प्रज्ज्वलन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके उपरांत खवासी, कुबेर, इन्द्र आदि का चयन लकी ड्रॉ व बोली के माध्यम से किया गया। इसके उपरांत रथयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बैंडबाजे, घोड़े, बग्घी और कई झांकियां शामिल थीं। भगवान महावीर का रथ सबसे अधिक आगे चल रहा था। यात्रा कविनगर, नेहरू नगर के विभिन्न ब्लॉकों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची जहां पांडुक शिला पर श्री जिनेन्द्र भगवान का पूजन व अभिषेक किया गया।

# केरल ट्रेन आगजनी में एक को छोड़ा, दूसरे से पूछताछ जारी

**● केरल पुलिस के इनपुट पर यूपी एटीएस ने बुलंदशहर और गाजियाबाद से उठाए थे दो युवक**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



घटना की फाइल फोटो

केरल के कोझिकोड में ट्रेन में यात्रियों पर केमिकल डालकर आग लगाने के मामले में यूपी एटीएस ने शाहरुख नामक दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। एक बुलंदशहर जिले के कस्बा स्याना से और दूसरा गाजियाबाद जिले के कस्बा मोदीनगर से उठाया गया।

मेरठ एटीएस ने करीब 20 घंटे की पूछताछ के बाद स्याना वाले शाहरुख को क्लीन चिट देकर छोड़ दिया है, जबकि मोदीनगर वाले शाहरुख से नोएडा एटीएस पूछताछ कर रही है। संदिग्ध आरोपी का भागते वक्त कुछ सामान ट्रेन में छूट गया था।

इस बैग से मिले मोबाइल से ही पुलिस आरोपी शाहरुख तक पहुंच पाई। संदिग्ध आरोपी का भागते वक्त कुछ सामान ट्रेन में छूट गया था। इस बैग से मिले मोबाइल से ही पुलिस आरोपी शाहरुख तक पहुंच पाई।सीट के विवाद में यात्रियों पर केमिकल फेंक लगाई आग, तीन मरे केरल के कोझिकोड में रविवार रात 9 बजकर 45 मिनट पर अलप्पुझा.कन्नूर एग्जीक्यूटिव एक्सप्रेस में कुछ यात्रियों के बीच बैठने को लेकर विवाद हुआ था।

इस दौरान एक यात्री ने कुछ यात्रियों पर प्लास्टिक बोतल से केमिकल फेंक दिया। इससे ट्रेन के कोच में आग लग गई और कुछ यात्री झुलस गए। इस अग्निकांड में केरल में मत्तन्नूर के रहने वाले रहमत, उसकी बहन और दो वर्षीय बेटी की मौत हो गई। जबकि थलासेरी के अनिल कुमार, उनकी पत्नी सजीशा, उनके बेटे अद्वैत, कन्नूर की रहने वाली रूबी और त्रिशूर के राजकुमार बुरी तरह झुलस गए हैं। इन लोगों को कोझिकोड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, यात्रियों ने चेन पुलिंग की तो स्पीड धीमी होते ही आरोपी ट्रेन से कूदकर भाग निकला।

# खोड़ा कॉलोनी के सभी वार्डों में मिलेगा गंगाजल: वीके सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

खोड़ा कॉलोनी में पीने के पानी की गंभीर समस्या है। वैसे यहां पानी की सप्लाई ट्यूबवेल के जरिए होती है। मगर, वहां कई ऐसे एरिया हैं जहां पीने के पानी के खारेपन की शिकायत है। इसी समस्या को दूर करने के लिए आज एक बड़ा कदम उठाया गया है।

केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद वीके सिंह और क्षेत्रीय विधायक सुनील शर्मा आदि की अगुवाई में टैंकर से गंगाजल सप्लाई योजना का आज शुभारंभ किया गया। प्रताप विहार स्थित गंगाजल प्लांट पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डीएम आरके सिंह, नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ समेत अन्य कई विभागों के अधिकारी भी शामिल रहे। वीके सिंह ने बताया कि कुल 70 टेंकरों द्वारा खोड़ा में गंगाजल सप्लाई की जाएगी।

इनमें 5 हजार और 3 हजार लीटर क्षमता के 35 टेंकर खोड़ा नगर पालिका द्वारा खरीदे गए हैं जिनके के जरिए खोड़ा नगर पालिका के 34 वार्डों में पानी की सप्लाई की जाएगी। कार्यक्रम में विधायक सुनील, डीएम राकेश आदि शामिल हुए।

## गायब डेढ़ वर्षीय मासूम दो घंटे बाद बरामद

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में गांव पलोता में डेढ़ वर्षीय मासूम अचानक खेलते खेलते गायब हो गया। बच्चे के गायब होने की सूचना से परिजनों व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

भोजपुर पुलिस ने महज दो घंटे के अंदर मासूम को बरामद कर लिया और परिजनों को सौंप दिया।

बताया जा रहा है कि बच्चा खेलते खेलते खेत में पहुंच गया था और सो गया था। भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव पलोता की रहने वाली अनीता की शादी तीन साल पहले मेरठ में हुई थी। इन दिनों वो अपने मायके पलोता में ही अपने डेढ़ वर्षीय बेटे वेदांश के साथ रह रही है।

# किसान की मौत पर अन्नदाताओं ने किया एसडीएम का घेराव

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में किसान की मौत के मामले को लेकर तहसील परिसर में किसानों ने हंगामा किया।

त्यागी समाज विधानसभा ट्रस्ट द्वारा उपजिलाधिकारी का घेराव कर जमकर हंगामा किया। किसान के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा, सरकारी नौकरी व दोषी अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग का ज्ञापन दिया। चेतावनी दी है कि यदि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो तहसील परिसर में अनिश्चि कालीन धरना दिया जाएगा। भाजपा नेता नीरज त्यागी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग एकत्रित होकर मोदीनगर तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने नारेबाजी करनी शुरू कर दिया।

इसके बाद उन्होंने उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला का घेराव कर जमकर हंगामा किया। नीरज त्यागी ने कहा कि यदि समय रहते उक्त भूमि की पैमाइश हो जाती तो शायद सुशील कुमार त्यागी हमारे बीच होते। प्रशासनिक अधिकारी किसान को चक्कर कटवा रहे।

## मूर्ति प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालु प्रशासन के सामने अड़े

**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तेल मिल के पास के निकट स्थित कृष्णपुरा कॉलोनी में की गई हनुमान जी की मूर्ति प्रतिष्ठा के समय सैंकड़ों लोग पुलिस प्रशासन के सामने उस समय अड़ गये जब प्रशासन ने स्थापित मूर्ति को वहां से हटाने की कोशिश की।

इसी बीच मौके पर लोग प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगी, वहीं उन्होंने हंगामा भी किया। वहां मौजूद श्रद्धालुओं का कहना था कि कृष्णपुरा में स्थापित की गई हनुमान जी की मूर्ति को प्रशासन हटाने की कोशिश न करे। हम प्रशासन के इसमंसूबे को पूरा नहीं होने देंगे।



स्वच्छता सहयोग सम्मान समारोह के अवसर पर 10 नए कचरा संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं सीईओ ऋतु माहेश्वरी।

# फर्जी वेबसाइट बनाकर की करोड़ों की ठगी

**● सस्ती दरों में सामान दिलाने का देते थे झांसा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



फर्जी वेबसाइट बनाकर सस्ती दरों पर सामान दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह को छह बदमाशों को साइबर हेल्पलाइन मुख्यालय ने पकड़ा है।

इनके द्वारा अब तक कर करोड़ों रुपए की ठगी की जा चुकी है। पुलिस ने बताया कि ये लोग फिशिंग वेबसाइट फर्जी वेबसाइट तैयार कर एपीके फाइल बनाते है। फर्जी फेसबुक खाते बनाकर उस पर ऐड के जरिए कैंपेन चलाते है। जिसमें वेबसाइट का लिंक होता है। इस पर ग्राहक सस्ती दरों पर सामान खरीदने के लिए अपना आर्डर कनफर्म करते है। जिसमें ग्राहक का नाम पता, मोबाइल नंबर, पेमेंट डिटेल जैसे क्रेडिट, डेबिट कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, एक्सपायरी डिटेल मेल एवं सी पैनल के माध्यम से लेकर एवं फिर इनको छूट एवं ऑर्डर कन्फर्म करने के नाम पर एपीके फाइल भेजते है। जिसमें मैसेज फॉरवर्ड होता है।

इसके द्वारा ग्राहक के मोबाइल पर आने वाले सभी एसएमएस इन जालसाज़ी को मिल जाते है। जिससे ग्राहकों, उपभोक्ता के डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड से फोन पे, पेटीएम, क्रीड़ आदि पेमेंट गेटवे के माध्यम से पैसा फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर कर निकाल लेते है। पुलिस ने इनकी पहचान विनीत कुमार पुत्र करणपाल सिंह, ध्रुव सोलंकी पुत्र प्रमोद कुमार, गौरव तालान पुत्र प्रीतम सिंह, सलमान पुत्र रफीक खान, संतोष मौर्य पुत्र मनोज मौर्य, आशुतोष मौर्य पुत्र मनोज मौर्य के रूप में पहचान हुई है।

जांच के दौरान इनके पास से 3 लैपटॉप, 4 फोन, 2 डेबिट कार्ड, 11 हजार 700 रुपए व एक आई 10 से बरामद किया गया है। इन सभी को गौर सिटी सेंटर के सामने सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। ये लोग अपने साथियों के साथ मिलकर करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके है। इन लोगों ने नोएडा दिल्ली-एनसीआर सहित देश के अन्य राज्यों के लोगों के साथ भी ठगी की है।

# हनुमान की मूर्ति हटाने पहुंची मोदीनगर पालिका की टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**● लोगों ने तहसील प्रशासन और पुलिस का किया विरोध**

मोदीनगर की तेल मिल कॉलोनी स्थित एक पार्क में भगवान हनुमान की मूर्ति को हटाने पहुंचे नगर पालिका परिषद व पुलिस को भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

कॉलोनी के लोगों ने अधिकारियों का घेराव का जमकर हंगामा किया। चार घंटे से अधिक चले हंगामे के बाद मूर्ति को कपड़े से ढक दिया गया है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। तेल मिल कॉलोनी स्थित पार्क में भगवान हनुमान जी की मूर्ति लगा दी गई। मंगलवार को मूर्ति को हटाने के लिए नगर पालिका परिषद की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंची। सूचना मिलते ही कॉलोनी के सैकड़ों लोग एकत्रित होकर हंगामा करना शुरू कर दिया। वहीं कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पहले इस स्थान पर हनुमान जी की छोटी मूर्ति थी। कॉलोनी के लोगों ने चंदा एकत्र करके बड़ी मूर्ति लगवा दी है। किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं किया गया है। उपजिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला व एसीपी रितेश त्रिपाठी ने भमौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# दिल्ली में जारी रहेगी मुफ्त बिजली योजना

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 200 यूनिट तक फ्री बिजली को जारी रखने को दी मंजूरी

● 200 से 400 यूनिट तक मिलने वाली 50 फीसद छूट भी जारी रहेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रेस वार्ता में बिजली मंत्री आतिशी और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज।

राजधानी दिल्ली में लोगों को मुफ्त बिजली सब्सिडी इस साल भी मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इसकी मंजूरी दी है। पहले की तरह उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली और 200-400 यूनिट तक बिल पर 50 फीसदी सब्सिडी मिलती रहेगी। जिन लोगों ने अक्टूबर से अब तक सब्सिडी के लिए आवेदन किया है, उन्हें यह 31 मार्च, 2024 तक सब्सिडी मिलेगा। कैबिनेट की बैठक के बाद आम आदमी पार्टी ने भाजपा और उपराज्यपाल पर हमला बोला है।

बिजली मंत्री आतिशी और स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने एलजी के माध्यम से मुफ्त बिजली योजना को रोकने के सारे प्रयत्न किए लेकिन सीएम केजरीवाल के व्यक्तिगत प्रयासों के कारण भाजपा की कोई साजिश कामयाब नहीं हो सकी। वहीं केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली वालों को वह आश्वस्त करना चाहते है कि जब तक आपका बेटा है, आपको मिल रही सुविधाएं नहीं रुकेंगी।

कैबिनेट में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में पिछले कई दिनों से बहुत बड़ी साजिश चल रही है। दिल्ली वालों को बिजली पर मिल रही सब्सिडी मिल रही को रोकने की साजिश चल रही है। बिजली विभाग के अफसरों ने बताया कि किस तरह से भारतीय जनता पार्टी के नेता एलजी ऑफिस में बैठते हैं, वहां बिजली विभाग के अफसरों को बुलाया जाता है और उन पर दबाव बनाया जाता है कि केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार की ओर से दी जा रही मुफ्त बिजली को किसी तरह से रोका जाए। आतिशी ने कहा कि उन्होंने विधानसभा बजट सत्र के दौरान भी यह मुद्दा उठाया था कि उन्हें मीडिया से पता चलता है कि एलजी ने मुफ्त बिजली से जुड़े मुद्दे पर एक फाइल भेजी है। 10 मार्च को भेजी गई फाइल को बार-बार अफसरों से मांगने के बाद भी सरकार से छुपाया गया, क्योंकि फ्री बिजली रोकने की साजिश चल रही थी। आज तक उस फाइल को आधिकारिक रूप से चुनी हुई दिल्ली सरकार के सामने पेश नहीं किया गया। उसके बाद जब हर साल दी जाने वाली बिजली सब्सिडी का कैबिनेट नोट तैयार होता है, प्रस्ताव तैयार होता है तो बिजली विभाग पर दबाव डाल कर उनको एलजी हाउस बुलाया जाता है और भाजपा के नेताओं द्वारा धमकाया जाता है। इसके बाद अधिकारियों से फाइल पर लिखवाया जाता है कि वकीलों और किसानों की बिजली सब्सिडी बंद कर दी जाए। भाजपा नेताओं की तमाम कोशिशों के बावजूद केजरीवाल सरकार ने आने वाले साल में दिल्ली के लोगों को बिजली सब्सिडी देने का फैसला कैबिनेट में ले लिया है।

### आप सरकार की मौजूदा बिजली सब्सिडी योजनाओं का ब्योरा

*कृषि कनेक्शनों को बिजली सब्सिडी प्रदान करने के फिक्स्ड चार्ज पर 105 रुपये प्रति किलोवाट हर माह टैरिफ चार्ज लिया जाता है। भले ही उपभोक्ता का बिजली का लोड कितना भी हो उसके बावजूद उसे बिजली सब्सिडी का लाभ दिलाने के लिए एक महीने में 200 यूनिट तक बिजली के इस्तेमाल पर सब्सिडी दी जाती है। जिसमें फिक्स्ड चार्ज, ऊर्जा शुल्क, पीपीएसी, सरचार्ज और बिजली टैक्स पूरे बिल में शामिल होता है। 201 से 400 यूनिट तक बिजली के उपयोग पर 800 रुपये प्रति माह की बिजली सब्सिडी और बढ़ाई जाती है। सिख दंगों के पीड़ितों को बिजली सब्सिडी देने के लिए उनके कनेक्शन पर 400 यूनिट तक बिजली के इस्तेमाल पर 100 फीसद सब्सिडी दी जाती है। न्यायालय परिसर के भीतर वकीलों के चैंबर को मिलने वाली सब्सिडी को विभिन्न चैंबरों और उनके बिजली खपत के अनुसार तीन स्तर पर बांटा गया है। पहला वह चैंबर जहां 200 यूनिट तक बिजली की खपत होती है, यहां दिल्ली सरकार उन्हें 200 यूनिट तक फ्री बिजली देती है। दूसरे वह चैंबर जहां 201 से 400 यूनिट तक बिजली खपत होती है। इस चैंबर के लिए सरकार प्रति माह 800 रुपये की सब्सिडी प्रदान करती है। तीसरा प्रति माह 400 यूनिट से अधिक बिजली की इस्तेमाल करने वाले चैंबर को बिजली सब्सिडी देने के लिए उनके गैर-घरेलू टैरिफ चार्ज को घरेलू टैरिफ चार्ज की दर पर जमा कराती है ताकि उन्हें रियायत मिल सके।*

### वकीलों, किसानों और 1984 के दंगा पीड़ितों को भी मिलेगी फ्री बिजली

**दिल्ली सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि दिल्लीवालों को न सिर्फ 24 घंटे बिजली मिलेगी बल्कि फ्री बिजली मिलेगी। आने वाले साल में भी उसी तरह से बिजली सब्सिडी जारी रहेगी, जैसे पिछले सालों में रही है। 200 यूनिट तक की बिजली जो भी घरेलु उपभोक्ता अपने घर में इस्तेमाल करेगा, वो बिजली मुफ्त रहेगी। 200 से 400 यूनिट पर 50 फीसद की छूट रहेगी। वकीलों, किसानों और 1984 के दंगा पीड़ितों को जैसे पहले बिजली सब्सिडी मिल रही थी, वो भी जारी रहेगी।**



# एमसीडी स्कूल भी बनेंगे वर्ल्ड क्लास : शिक्षा मंत्री

● आतिशी ने समीक्षा बैठक में रोडमैप तैयार करने आवश्यकता की बात कही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों के शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि वे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय और शिक्षा निदेशालय (डीओई), एमसीडी तथा एससीईआरटी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए आतिशी ने एमसीडी के विद्यालयों के शिक्षकों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता व्यक्त की।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए डीओई और एमसीडी एकीकृत तरीके से काम करेंगे। दिल्ली सरकार के शिक्षकों के वैश्विक प्रशिक्षण ने दिल्ली की शिक्षा क्रांति में अहम भूमिका निभाई और अब एमसीडी के विद्यालयों के शिक्षकों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण का भी रोडमैप तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण की मदद से हमारे एमसीडी के विद्यालयों के शिक्षक अपने विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होंगे। मंत्री ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के अधिकारियों को डीओई के साथ-साथ दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए एक संयुक्त कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को दोनों एजेंसियों के तहत आने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का संयुक्त उन्मुखीकरण कराने का भी निर्देश दिया।

आतिशी ने कहा, यह दोनों के लिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का एक उत्कृष्ट अवसर पैदा करेगा। यह प्रशिक्षण न केवल दोनों विभागों के शिक्षकों के पेशेवर विकास में मदद करेगा बल्कि शिक्षकों को उन चुनौतियों को समझने का अवसर भी होगा। बैठक के दौरान डीओई, एमसीडी और एससीईआरटी को सामग्री और पाठ्यक्रम विकास पर काम करने के लिए एक संयुक्त कार्रवाई समूह बनाने का भी निर्देश दिया।

# आईपी कालेज मामले में समिति ने किया प्रिंसिपल का बचाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कॉलेज में छात्राओं और प्रशासन के बीच विश्वास बहाल करना प्राथमिकता



दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ (आईपी) कॉलेज में छात्राओं के कथित उत्पीड़न की जांच कर रही पांच सदस्यीय समिति के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि समिति की वर्तमान प्राथमिकता छात्राओं और प्रशासन के बीच विश्वास बहाल करना और कक्षाओं को फिर से शुरू करना है जो लगातार विरोध प्रदर्शनों से प्रभावित हुए हैं।

समिति का नेतृत्व कर रहे साउथ कैंपस के निदेशक प्रकाश सिंह ने कहा कि समिति प्रदर्शनकारी छात्राओं और कॉलेज प्रशासन सहित सभी हितधारकों से उनके पक्ष को समझने के लिए बात करेगी। परिसर में सुरक्षा सुनिश्चित करने में कथित रूप से विफल रहने के लिए इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज (आईपीसीडब्ल्यू) की प्राचार्य पूनम कुमरिया के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्राएं नियमित रूप से विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।

सिंह ने कुमरिया का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने हाल ही में कॉलेज के प्राचार्य के रूप में पदभार संभाला है और ऐसी समितियां हैं जो इस तरह के आयोजनों का जिम्मा संभालती हैं।

उन्होंने कहा कि प्राचार्य ने हाल ही में कॉलेज में प्रभार संभाला है। उन्हें कॉलेज में आए हुए मुश्किल से एक महीना हुआ है। एक प्राचार्य जिन्होंने हाल ही में कॉलेज में प्रभार संभाला है, वह अपने कॉलेज में अराजकता क्यों चाहेंगी। प्राथमिकता किसी व्यक्ति की गलती को देखना नहीं बल्कि कॉलेज में सुरक्षा को मजबूत करना है। जवाबदेही के सवाल पर सिंह ने कहा कि यह व्यापक जांच का हिस्सा है।

# कोरोना के 521 नए मामले, एक की मौत

● पिछले साल 27 अगस्त के बाद एक दिन में आए सर्वाधिक मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 521 नए मामले सामने आए, जो पिछले साल 27 अगस्त के बाद एक दिन में आए मामले में सर्वाधिक है।

कोविड संक्रमण से एक मरीज की मौत भी हो गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को साझा किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली।स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमण से एक और मरीज की मौत के साथ मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 26,533 हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि मरीज की मौत का प्राथमिक कारण कोविड-19 नहीं था। इस दौरान संक्रमण दर 15.64 प्रतिशत हो गई है। नए मामले सामने आने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 20,11,555 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को 3,331 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई थी। इससे पहले, दिल्ली में सोमवार को संक्रमण के 293 मामले सामने आए थे और संक्रमण की दर 18.53 प्रतिशत रही थी। देश में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के मामलों में तेज वृद्धि के बीच दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में नए कोविड मामलों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### आईसा का दावा, जेएनयू छात्रावास निर्माण में मजदूरों का वेतन नहीं मिला

**नई दिल्ली।** वाम समर्थित छात्र संगठन ने आरोप लगाया कि जेएनयू प्रशासन ने एक छात्रावास भवन के निर्माण में लगे ठेका मजदूरों को कुछ महीनों के वेतन का भुगतान नहीं किया है। आरोप पर प्रशासन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने निर्माण कार्य रोक दिया है। संगठन ने आरोप लगाया, जेएनयू में छात्रावास बनाने वाले मजदूरों और ठेकेदारों को दो-तीन महीने से मजदूरी नहीं दी गई है। दिहाड़ी मजदूरों, ठेकेदारों, ठेका मजदूरों, मिस्त्रियों, क्रेन मजदूरों और अन्य का भुगतान लंबित है।

# सीयूईटी-यूजी में डीयू के लिए सबसे अधिक आवेदन

● दूसरे संस्करण में देशभर से मिले करीब 14 लाख आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के इस वर्ष के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए सबसे अधिक आवेदन मिला है। सीयूईटी यूजी के दूसरे संस्करण के लिए करीब 14 लाख आवेदन मिले, जो पिछले साल की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। ज्ञात हो कि सीयूईटी-यूजी आवेदन की संख्या के लिहाज से देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। कुमार ने कहा कि सीयूईटी-यूजी 2023 के लिए 16.85 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया जिसमें से 13.99 लाख छात्रों ने आवेदन शुल्क एवं अवदेन जमा किए। यह पिछले वर्ष की तुलना में चार लाख छात्र अधिक है। उन्होंने बताया कि सीयूईटी-यूजी के दूसरे संस्करण के लिए करीब 14 लाख आवेदन मिले, जो पिछले साल की तुलना में 41 फीसदी अधिक हैं। सीयूईटी-यूजी के प्रथम संस्करण में 12.50 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया था जिसमें से 9.9 लाख ने आवेदन जमा किया था। सीयूईटी-यूजी 2023 में सबसे ज्यादा आवेदन दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए मिले हैं।

इसके बाद बीएचयू और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के लिए आवेदन प्राप्त हुए। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा, इस बार प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेने वाले विश्वविद्यालयों की संख्या में भी वृद्धि आई है। वर्ष 2022 में यह संख्या 90 थी जबकि 2023 में यह बढ़कर 242 हो गई है।

उन्होंने बताया कि सीयूईटी-यूजी के लिए 74 देशों से 1000 से ज्यादा विदेशी विद्यार्थियों से आवेदन मिले हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 59 देशों से छात्रों ने सीयूईटी-यूजी के लिए आवेदन किया था और इस वर्ष 74 देशों से छात्रों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन देशों में यूरोप, एशिया, अमेरिका, खाड़ी देशों के छात्र शामिल हैं।

# देशभर के रोगियों की आवाज बनेगा इंटरनेशनल पेशेंट्स यूनियन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● मरीज करेंगे अस्पताल, चिकित्सकों के गुणवत्ता का मूल्यांकन

मरीजों को केंद्र में रखकर नीति निर्धारण के साथ उनके हितों को सर्वोपरि रखने के लिए आगामी 6 अप्रैल को इंटरनेशनल पेशेंट्स यूनियन (आईपीयू)की स्थापना होने जा रही है। जिसके तहत अस्पताल, चिकित्सकों द्वारा की गई सेवा व इलाज का मूल्यांकन मरीजों द्वारा की जाएगी। देशभर के मरीजों को संगठित करने की दिशा में अपनी तरह का पहला अभूतपूर्व प्रयास है।

इंटरनेशनल पेशेंट्स यूनियन के संस्थापक डॉ. राजेंद्र प्रसाद गुप्ता का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में नीति का निर्धारण में मरीजों को वरीयता नहीं दी जाती है। इलाज से पहले और बाद में मरीजों की सुविधाओं को लेकर अभी तक किसी भी मंच नहीं सुनाई देती है।

देश में चिकित्सकों, दवा कंपनियों और अस्पतालों में काम करने वालों का संगठन तो होता है लेकिन क्या आपने कभी मरीजों के संगठन की बात सुनी या देखी है।

# राशन की दुकानों के लिए विजिलेंस कमेटी का होगा गठन

● राजधानी की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी बनेगी : राज निवास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आठ साल की देरी से राशन की दुकानों के स्तर पर विजिलेंस कमेटी का गठन का रास्ता साफ हो गया है। इसका मकसद सार्वजनिक वितरण प्रणाली को भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए इस तरह की समितियों का गठन करना जरूरी है।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सतर्कता समिति के गठन से संबंधित फाइल को मंत्री ने वर्ष 2017 से बिना किसी कारण से लंबित कर रखा था और आठ अलग-अलग मौकों पर इसे विभाग को बिना फैसला लिए लौटाया गया। यहां तक कि जब 27 मार्च 2023 को इसे उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पास अंतिम रूप से भेजा गया। तब भी मंत्री ने इससे पहले नौ महीने तक फाइल को अपने पास दबाए रखा था जबकि, राशन की दुकानों (फेयर प्राइस शॉप) के स्तर पर सतर्कता समितियों को एनएफएसए अधिनियम, 2013 और टीडीपीएस (नियंत्रण) आदेश, 2015 द्वारा अनिवार्य किया गया है। राजनिवास के अधिकारी ने बताया कि इस अनावश्यक देरी के लिए उप राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को अपनी आपत्ति से अवगत कराया और उनसे अनुरोध किया है कि जनहित से जुड़े इस तरह के मामलों का निपटारा तुरंत सुनिश्चित कराने की सलाह वे अपने मंत्रियों को दें।

### क्यों जरूरी है समिति

राशन की दुकानों के स्तर पर सतर्कता समितियों में राशन कार्ड धारकों, अनुसूचित जाति-जनजाति और महिला लाभार्थियों व अन्य कमजोर वर्गों के सदस्यों को शामिल किया जाता है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राशन वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचे और इसमें चोरी नहीं हो।

समितियां दुकानों में खाद्य या अनाजों की गुणवत्ता की निगरानी करती हैं। इसके अलावा ये समितियां राशन की दुकानों के लाभार्थी सूची में लाभार्थियों के नाम जोड़ने और हटाने की भी निगरानी करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नई शिक्षा नीति होगी गेम चेंजर : केंद्रीय राज्य मंत्री



**नई दिल्ली।** नई शिक्षा नीति (एनईपी) देश की शिक्षा व्यवस्था में गेम चेंजर साबित होगी, यह दावा केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री राज कुमार रंजन सिंह ने राजधानी में आयोजित एशिया एजुकेशन समिट एंड अवार्ड में किया। आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एनईपी देश की शिक्षा प्रणाली को नए सिरे से व्यवस्थित करके पूरी तरह बदल सकती है। इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री राम दास अठावले, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल और फग्गन सिंह कुलस्ते केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर करीब 40 एजुकेशनल सस्थानो को सम्मानित किया गया जिसमे स्टेपआप, एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी, एमआईएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कर्नाटका, रेमो इंटरनेशनल कॉलेज , आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ,डीपीएस अजमेर आदि शामिल थे।

### नौकरी के इच्छुक युवा शुरू करेंगे आंदोलन

**नई दिल्ली।** जॉब एस्पाइरेंट्स कलेक्टिव (जेएसी) समेत सौ से अधिक संगठनों ने रोजगार के वास्ते राष्ट्रव्यापी युवा आंदोलन छेड़ने के लक्ष्य को लेकर संयुक्त युवा मोर्चा बनाने के लिए आपस में हाथ मिलाया है। इस संगठन ने कहा कि वह हर बालिग के वास्ते रोजगार के अधिकार को कानूनी गारंटी दिलाने के लिए अभियान शुरू करेगा और मूलभूत न्यूनतम वेतन के लिए भी लड़ाई लड़ेगा। इस अभियान को समर्थन दे रहे वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इस संगठन में लोकपाल से भी बड़ा एक आंदोलन बनने की क्षमता है। सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी यशोवर्धन आजाद ने कहा, बेरोजगार युवाओं के बीच बहुत असंतोष है। युवा आंदोलन में इस निराशा को आशा में तब्दील कर देने की क्षमता है।

### दिल्ली दंगा : हत्यारोपी की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** अदालत ने उत्तर-पूर्वी इलाके में हुए दंगों के उस आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके पास से दंगों के दौरान कथित तौर पर मारे गए एक व्यक्ति का मोबाइल फोन बरामद किया गया था। अदालत ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि हत्या के आरोप के लिए परिस्थितिजन्य साक्ष्य और डकैती के दौरान चोरी की गई संपत्ति को बेईमानी से प्राप्त करने के अपराध के लिए आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत था। इस बीच, अदालत ने मामले में आठ अन्य लोगों की जमानत याचिका यह कहते हुए स्वीकार कर ली कि उनके खिलाफ ठोस और पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला हिमांशु ठाकुर, साहिल बाबू, टिंकू, संदीप, विवेक पांचाल, पंकज शर्मा, सुमित चौधरी, प्रिंस और अंकित चौधरी की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे थे।

# जेलरवाला बाग के 1,675 फ्लैट में सम्मान से रहेंगे झुग्गीवासी

## उपराज्यपाल ने पुनर्वास परियोजना की समीक्षा के साथ किया नर्सरी का निरीक्षण, निर्माण का 95 फीसदी काम पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए जेलरवाला बाग जेजे क्लस्टर में 1,675 फ्लैटों के निर्माण का लगभग 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और यह जून तक आवंटन के लिए तैयार हो जाएंगे।

अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बहुमंजिला आधुनिक फ्लैट उन लाभार्थियों/झुग्गीवासियों को आवंटित किया जाएगा जो अत्यंत गरीब हैं, ताकि वे लोग सम्मान से रह सकें। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उत्तरी दिल्ली के अशोक विहार क्षेत्र में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित की जा रही महत्वाकांक्षी पुनर्वास परियोजना और आसपास की विश्व स्तरीय नर्सरी (वैष्णवी) के कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। वैष्णवी पार्क के निर्माण से आसपास के निवासियों को एक बहुत बड़ा हरा-भरा खुला मैदान उपलब्ध हो सकेगा। सक्सेना डीडीए के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए की जहां झुग्गी वहीं मकान परियोजना के अनुरूप जेलरवाला बाग पुनर्वास परियोजना के तहत बनाए जा रहे सभी फ्लैट आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं।

राज निवास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि निर्माण स्थल के निरीक्षण के दौरान सक्सेना को बताया गया कि झुग्गीवासियों के पुनर्वास के लिए बनाए जा रहे कुल 1,675 फ्लैटों का लगभग 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष काम 30 मई तक पूरा हो जाएगा तथा वे जून तक आवंटन के लिए तैयार हो जाएंगे।

राज निवास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, डीडीए की जहां झुग्गी वहीं मकान परियोजना के आधार पर कालकाजी के बगल में पुनर्वास परियोजना के बाद, ये फ्लैट गरीब से गरीबतम लोगों के लिए सम्मानित जीवन जीने के वास्ते प्रधानमंत्री के समावेशी दृष्टिकोण को साकार करने में बहुत महत्वपूर्ण होंगे। इससे पहले कालकाजी में डीडीए की 'जहां झुग्गी वहीं मकान' योजना को पूरा किया गया था।

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इमारत

जेलरवाला बाग में झुग्गीवासियों के लिए बन रही यह 14 मंजिली इमारत आरसीसी संरचना से बनी है और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस और भूकंपरोधी है। इसके 1675 फ्लैटों में 1093 फ्लैटों को यहाँ पहले से रह रहे झुग्गीवासियों को पुनर्वासित किया जाएगा। शेष 582 फ्लैट्स को अन्य स्थानों के लाभार्थियों को आवंटित किया जाएगा। 340 वर्ग फुट में फैली इस इमारत के प्रत्येक फ्लैट में एक बेडरूम, एक लिविंग रूम, एक किचन, अलग शौचालय, बाथरूम और एक बालकनी है। परियोजना का कुल आवासीय निर्मित क्षेत्र लगभग 67,000 वर्ग मीटर है जबकि सामुदायिक सुविधाओं के लिए कवर क्षेत्र लगभग 1000 वर्ग मीटर है। इसमें 337 वाहनों की पार्किंग की भी सुविधा होगी।

# ...अब अमेरिका में टैलेंट दिखाने पहुंचे गुरुग्राम के टैलेंटेड बच्चे



मुंबई में इंडियाज गोट टैलेंट में अपना टैलेंट दिखाते गुरुग्राम के बच्चे। (फाइल फोटो)



अमेरिकाज गोट टैलेंट के लिए अमेरिका पहुंची गुरुग्राम की टीम।

### मुंबई में इंडियाज गोट टैलेंट सीजन-9 में रहे थे सेकेंड रनरअप, दिखाया था जलवा

### गरीब घरों के इन बच्चों ने अमेरिका को अपनी कला से किया प्रभावित, देश का नाम रोशन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**अगर** आपमें प्रतिभा है और आपको उसे प्रदर्शित करने का कोई मंच मिल जाता है तो फिर आप दुनिया को अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर सकते हैं। ऐसा ही हुआ है गुरुग्राम के उन आम, गरीब घरों के बच्चों के साथ जिनके माता-पिता या तो मजदूरी करते हैं या फिर किसी के घरों में काम करके अपना घर चलाते हैं।

मुंबई में इंडियाज गोट टैलेंट सीजन-9 में परफोर्मेंस के दौरान ही अमेरिका के कला के कद्रदानों की उन पर नजर पड़ी और उन्हें अमेरिका आने का न्यौता दे दिया। अब ये बच्चे अमेरिका के लॉस एंजिल्स शहर में पहुंच चुके हैं, जो वहां पर अमेरिकाज गोट टैलेंट सीजन-18 में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। सरकारी, निजी स्कूलों में पढ़ने वाले जो बच्चे गुरुग्राम की गलियों में घूमते हुए खुद की प्रतिभा को निखारते थे, आज उनकी प्रतिभा दुनिया देख रही है। जहां समय मिला, वहीं पर अभ्यास करके इन बच्चों ने खुद को तराशा। इनके मेंटर राव राम सिंह पब्लिक स्कूल कन्हई के संचालक जगदीश यादव ने भी इन बच्चों की प्रतिभा को एक अदद मंच दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस समारोहों में भी इन बच्चों का टैलेंट गुरुग्राम ने देखा।

**तब गुरुग्राम से निकलकर मुंबई पहुंची बच्चों की कला :** मीडिया के माध्यम से बच्चों की यह एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक, योगा कला गुरुग्राम से बाहर निकलकर आर्थिक राजधानी मुंबई पहुंची। वर्ष 2022 में मुंबई में इंडियाज गोट टैलेंट सीजन-9 के माध्यम से इन बच्चों का टैलेंट अमेरिका की नजर में आया। वहां के अमेरिका गोट टैलेंट की टीम ने शो के दौरान उनका चयन अमेरिकाज गोट टैलेंट के लिए किया। वैसे तो अमेरिकाज गोट टैलेंट के सीजन-17 के लिए बच्चों का चयन हुआ था, लेकिन उस समय कई पाबंदियों के चलते वीजा नहीं लग पाया था। अमेरिकाज गोट टैलेंट का सीजन-18 शुरू हो रहा है। इसके लिए गुरुग्राम की टीम के सभी बच्चे गुरुग्राम से अमेरिका के शहर लॉस एंजिल्स पहुंच चुके हैं। अब तक वे दुबई समेत कई देशों में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। भारत में उनके अनेक शो हुए हैं।

**शौक ने पैदा किया इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का जुनून :** टीम लीडर राहुल यादव ने अमेरिका से बातचीत में कहा कि वे काफी साल से एक्रोबेटिक जिम्नास्टिक, योगा कला का अभ्यास करते थे। उन्हें इसका शौक था। शौक से रियलिटी शो में जाने का जज्बा पैदा हुआ। अपने कालेज में उन्होंने इस पर काफी काम किया। उनके साथ सागर और सचिन सिंह भी जुड़े। इसके बाद ग्रुप बनाया, जिसे वॉरियर स्क्वॉड नाम दिया। वे दा वॉरियर्स फाउंडेशन इंडिया चलाते हैं। राहुल का कहना है कि भारत में इस अद्भुत कला को प्रदर्शित करने के साथ ही उनमें विदेशों में भी इस कला को ले जाने का सपना देखा, ताकि अपने देश का वहां पर प्रतिनिधित्व कर सकें। राहुल यादव के मुताबिक टीम को 10 साल के लिए बिजनेस अमेरिका से विजा मिला है। आगामी पांच अप्रैल 2023 को अमेरिकाज गोट टैलेंट के लिए शूटिंग शुरू होगी। मई या जून में टेलिविजन पर प्रसारण होगा। टीम में शामिल सभी 18 बच्चे गुरुग्राम के सरकारी, निजी स्कूलों से ही पढ़े हैं और कुछ पढ़ रहे हैं। इन स्कूलों में कन्हई का राव राम सिंह पब्लिक स्कूल, चकरपुर का सरकारी स्कूल, सुशांतलोक का सरकारी स्कूल शामिल है।

**जोश, जज्बे के साथ अमेरिका पहुंची टीम :** भारतीय समय सुबह 11:20 बजे और अमेरिका समय रात्रि 10:50 बजे हुई बातचीत में टीम के साथ गए जगदीश यादव ने कहा कि वे अमेरिका पहुंच गए हैं और सभी में पूरा जोश व जज्बा है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि बच्चे अमेरिका में अपनी प्रतिभा की धूम मचाकर अमेरिकाज गोट टैलेंट में जीत दर्ज करेंगे। जीतने के बाद उन्हें एक मिलियन डॉलर इनाम के रूप में मिलेंगे। अमेरिकाज गोट टैलेंट में पहुंची टीम ने वहां पर रिहर्सल शुरू कर दी है। इस आयोजन में विश्वभर से टीमें अपनी प्रतिभा दिखाने पहुंची हैं।

**ये हैं टीम में शामिल बच्चे :** अमेरिका गई टीम में युवा राहुल यादल (टीम लीडर), सागर, राहुल, सचिन सिंह, सपना यादव, रोहित यादव, कपिल सिंह, प्रज्जवल दूबे, मनजीत यादव, अभिषेक मिश्रा, सुमित कुमार, आशीष कुमार साहू, नीरज के अलावा नाबालिग बच्चे शिवम, आर्यमन, धर्मवीर, भूमि कुमारी शामिल हैं। जगदीश कुमार यादव नाबालिग बच्चों के गार्जियन के रूप में साथ गए हैं।

# हनुमान चालीसा को बनाएं जीवन का अभिन्न अंग

### समाजसेवी बोधराज सीकरी को ग्लोबल ग्रुप ऑफ कम्पनीज ने प्रेरणादायक एवं आध्यात्मिक भाषण के लिए किया आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



ग्लोबल ग्रुप ऑफ कम्पनीज ने प्रेरणादायक एवं आध्यात्मिक भाषण के लिए पहुंचे समाजसेवी बोधराज सीकरी का स्वागत करते हुए सदस्य।

**ग्लोबल** ग्रुप ऑफ कम्पनीज ने बोध राज सीकरी को अपने कॉरपोरेट ऑफिस दक्षिण परिसर रोड सेक्टर-74 में प्रेरणादायक भाषण, प्रबंधन भाषण एवं आध्यात्मिक भाषण के लिए आमंत्रित किया। लगभग एक घंटे के भाषण में बाद बोधराज सीकरी ने उनसे आग्रह किया कि इस प्रकार के भाषण के लिए वह नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। यदि आप मेरे व्यक्तव्यों से प्रसन्न हैं तो सभी अंत में मिलकर 5-5 बार श्री हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें और उसे भविष्य में अपने जीवन का एक अंग बनायें।

बोधराज सीकरी की इस प्रेरणा से कंपनी के सभी पदाधिकारी, कर्मचारी, प्रबंधक, प्रबंध निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ निदेशक भी इसमें सम्मिलित हुए। बता दें कि लगभग सवा महीने पूर्व बोध राज सीकरी ने एक छोटी से मुहिम हनुमान चालीसा पाठ से प्रारम्भ की थी, वो मुहिम अब गुरुग्राम में बड़ा रूप धारण कर रही है।

कॉरपोरेट सेक्टर भी इस ओर अपनी अभिरुचि प्रकट कर रहा है। सवा महीने की अवधि के दौरान 75,000 हनुमान चालीसा के पाठ का एक कीर्तिमान स्थापित हुआ है। आने वाले 4 मंगलवार अलग-अलग शहर की संस्थाओं ने हनुमान चालीस का पाठ कराने संबंधी पंजीकरण भी करवा दिया है। बोधराज सीकरी ने बताया कि 4 अप्रैल को जैकमपुरा के 2 मंदिरों की ओर से, 11 अप्रैल को 4-8 मरला श्री कृष्ण मंदिर में आयोजित रामकथा में, 18 अप्रैल को होम डेवलपर्स एसोसिएशन की ओर से और 25 अप्रैल को ग्लोबल ग्रुप की ओर से सेक्टर-31 मार्किट में, 2 मई 2023 को आरडब्ल्यूए सुशांत लोक-1 आयोजन करेंगे।

# खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में चयन के लिए गुरुग्राम में भी होंगे ट्रायल

### गुरुग्राम में बैडमिंटन बॉक्सिंग और एथलेटिक्स में सलेक्शन के लिए होंगे ट्रायल

**गुरुग्राम।** खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला में चयन के लिए गुरुग्राम सहित राज्य के विभिन्न जिलों में ट्रायल भी लिए जा रहे हैं। ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों काचयन किया जाएगा। ट्रायल में वहीं खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनकी आयु पहली अप्रैल 2023 को 14 से 23 वर्ष के बीच हो।

हरियाणा सरकार द्वारा पदक लाओ-पदक बढ़ाओ के ध्येय पर आगे बढ़ते हुए खेल जगत की नवोदित प्रतिभाओं में निखार लाने व आगे बढ़ने के लिए उचित मंच उपलब्ध करवाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसके लिए पंचकूला में खेलो इंडिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी स्थापित किया गया है। इस सेंटर में बैडमिंटन, बॉक्सिंग और एथलेटिक्स खेलों को शामिल किया गया है। गुरुग्राम जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधु बाला ने बताया कि एथलेटिक्स के लिए सेक्टर-38 स्थित ताऊ देवीलाल खेल परिसर में 6 अप्रैल को और बॉक्सिंग के लिए 8 अप्रैल को ट्रायल लिया जाएगा। वहीं बैडमिंटन के लिए सेक्टर-34 स्थित आईसमैस बैडमिंटन एकेडमी में 6 अप्रैल को ट्रायल लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी अस्पताल संचालकों की हड़ताल का असर मिला-जुला रहा

**सोहना।** मंगलवार को स्थानीय शहर में राजस्थान में आरटीएच बिल के विरोध में निजी अस्पताल संचालकों ने 24 घंटा की हड़ताल रखी। इस हड़ताल का शहर के सभी निजी अस्पतालों ने भाग नहीं लिया। जिसके कारण हड़ताल का मिला-जुला असर ही रहा। मंगलवार को शहर में खुले 20 से 25 निजी अस्पताल संचालकों ने सोमवार को राजस्थान में आरटीएच बिल का कड़ा विरोध करते हुए मंगलवार को अपने-अपने प्रतिष्ठानों को 24 घंटा तक बंद रखने का ऐलान किया था। लेकिन बिल के विरोध में सभी निजी अस्पताल संचालक सहमत नहीं थे। 5 से 7 ऐसे अस्पताल संचालक रहे है। जिनका इस हड़ताल से कोई लेना-देना नहीं समझा और अपने अस्पतालों को रोजाना की तरफसे खुला रखा। 24 घंटा की इस हड़ताल में 4 से 5 ऐसे निजी अस्पताल संचालक भी शामिल थे। जिन्होंने अस्पताल के शटर को आधा गिराया हुआ था। रोगियों को एक-एक करके अंदर बुलाया और उपचार देते रहे। जिसके चलते निजी अस्पताल संचालकों की हड़ताल पूर्ण रुप से सफल नहीं हो सकी। इस संबंध में एक भी निजी अस्पताल संचालक मिडिया के सामने ब्यान देने को आगे भी नहीं आया। हड़ताल में शामिल होने वाले अस्पताल मालिकों ने मंगलवार की सुबह 6 बजे से मुख्य द्वार के दरवाजे बंद कर दिए। अस्पतालों में दाखिल रोगियों को जरुरत के अनुसार दाखिल रखा। लेकिन मुख्य दरवाजा को गिरा रोगी को उपचार देने का कार्य पूरे दिन चलता रहा।




सोहना में मंगलवार को निजी अस्पताल संचालकों की हड़ताल के चलते बंद अस्पताल।

### गुरुग्राम में 2023-24 के लिए कलेक्टर रेट की नई दरें लागू

**गुरुग्राम।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देशानुसार गुरुग्राम जिला में वर्ष 2023-24 के लिए नए कलेक्टर रेट लागू कर दिए है। नए कलेक्टर रेट के अनुसार ही वसीकाएं पंजीकृत की जाएंगी और नई दरों को वेब हेलरिस पर भी अपलोड कर दिया गया है। गुरुग्राम जिला में वर्ष 2023-24 के लिए कलेक्टर रेट को जिला की तहसील व उपतहसील नामत: गुरुग्राम, सोहना, पटौदी, फरूखनगर, मानेसर, वजीराबाद, बादशाहपुर, कादीपुर व हरसरू के क्षेत्र में कृषि भूमि, रिहायशी, व्यावसायिक, एचएसवीपी व लाइसेंस कॉलोनी के कलेक्टर रेट में 10 से 30 फीसदी तक बदलाव किया गया है। निर्धारित रेट की जानकारी सभी तहसील व जिला की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### अपहरण व दुष्कर्म के नाबालिग आरोपी को मिली जमानत

**गुरुग्राम।** अपहरण व दुष्कर्म के एक आरोपी को नाबालिग मानकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने जमानत दी है। इससे पहले जुवेनाइल कोर्ट ने इस अभियुक्त को बालिग मानकर उसकी जमानत अर्जी को खारिज कर दी थी। अभियुक्त के वकील अभिषेक जिंदल के मुताबिक 17 मार्च 2021 को एक व्यक्ति ने बादशाहपुर थाने में शिकायत दी कि उसकी एक नाबालिग पुत्री 16 मार्च 2021 को दुकान से सामान लेने गई थी। अभी तक वापस नहीं लौटी। उसे अंदेशा है कि किसी ने उसकी 15 साल की इस नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया है। बादशाहपुर थाने में इस बारे में विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। वकील अभिषेक जिंदल के अनुसार अगले दिन यानी 18 मार्च को बच्ची को दिल्ली से बरामद कर लिया गया। उसका मेडिकल कराया गया। मेडिकल के आधार पर एफआईआर में धारा 376 भी जोड़ी गई।

# गुरुग्राम में अब तक 43 हजार एकड़ जमीन पर फसल खराबी की सूचना



गुरुग्राम के गांव ऊंचा माजरा के खेतों में अधिकारियों के साथ खराब फसल का मुआयना करते डीसी निशांत कुमार यादव।

### डीसी ने गांव ऊंचा माजरा, नरहेड़ा बोहड़ा खुर्द व घामड़ोज का दौरा कर जानी खराब फसल की हकीकत

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**जिला** के 225 गांवों में अभी कुल 8017 किसानों ने 43 हजार एकड़ भूमि पर बारिश और ओलावृष्टि से फसल खराबी की सूचना क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज की है। काफी किसान पोर्टल पर पंजीकरण कर नहीं पाए, ऐसे में फिर से उनके लिए पोर्टल को खोला गया है। फसल खराबे की जमीनी हकीकत जानने के लिए मंगलवार को डीसी निशांत कुमार यादव खेतों में गए। उन्होंने खराब फसलें भी देखी और किसानों से भी बात की।

फसलों को पहुंचे नुकसान का जायजा लेने के लिए डीसी निशांत कुमार यादव अधिकारियों के साथ मंगलवार को फील्ड में उतरे। उन्होंने पटौदी ब्लॉक के गांव ऊंचा माजरा, नरहेड़ा व बोहड़ा खुर्द सहित सोहना ब्लॉक के गांव घामड़ोज के खेतों में जाकर निरीक्षण किया। इससे पूर्व उन्होंने लघु सचिवालय में सोहना, पटौदी व गुरुग्राम के एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के साथ बैठक कर खराबे की गिरदावरी को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश व ओलावृष्टि के कारण सरसों व गेहूं की फसल खराबे की रिपोर्ट का आंकलन किया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब करते हुए प्रभावित किसानों को सरकार के मापदंडों के अनुरूप मुआवजा दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि फील्ड से मिली रिपोर्ट के आधार पर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को पुन: खुलवाया गया है। ऐसे में वे किसान जो किन्ही कारणों से पूर्व में पंजीकरण नही करा पाए थे, वे अब पंजीकरण कराने उपरांत क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल खराबे की सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले के प्रभावित किसानों की सुविधा के लिए फील्ड में उतरकर कार्य कर रहे संबंधित पटवारी व कानूनगो को आगामी पांच दिनों में खेत में जाकर सभी भौतिक निरीक्षण पूरे करने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी व अन्य कर्मचारी गांव वाइज बनाए गए शेड्यूल के अनुसार तय समय सीमा में गिरदावरी करें। डीसी ने कहा कि किसानों द्वारा दी गयी सूचना के तहत व पटवारी की फील्ड रिपोर्ट के आधार पर ही मई माह में मुआवजा उनके खातों में भेजा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रिकॉर्ड का अच्छी तरह से मिलान करें, ताकि बाद में किसी प्रकार की परेशानी न हो। खराबा रिपोर्ट तैयार करते समय किसानों से भी बातचीत करें। इस अवसर पर सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव, पटौदी के एसडीएम संजीव सिंगला, गुरुग्राम के तहसीलदार दर्पण कंबोज, पटौदी की तहसीलदार रीटा ग्रोवर, सोहना की तहसीलदार शिखा, फरूखनगर के तहसीलदार सज्जन कुमार सहित नायब तहसीलदार भी उपस्थित थे।

# अनाज मंडी की नालियों में जमा बरसाती पानी से मक्खी-मच्छरों का क्षेत्र में फैला आतंक

### अपनी फसल को बेचना मंडी आने वाले किसान को होगी भारी परेशान, प्रशासन बैठा मौन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना की अनाज मंडी में नालियों में जमा बरसाती पानी।

**अनाज** मंडी के खुले परिसर में बनी नालियों में जमा गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जिससे मंडी परिसर में गंदगी और मक्खी-मच्छरों का आतंक बढ़ता रहा है। अनाज मंडी गेहूं और सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। किसान जल्द ही अपनी सरसो व गेहूं को सरकारी को बेचने के लिए लेकर आना वाले हैं। लेकिन मंडी परिसर के खुले परिसर में बनी अवैध पार्किंग, गंदे कूड़े के लगे ढेर और नालियों जमा गंदा पानी की निकासी तक नहीं हो रही है। गंदगी के इस अलाम से मंडी परिसर में मक्खी-मच्छरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। नालियों में जमा बरसात के पानी से उठती बदबू से इसके आस पास से निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

**क्या कहते हैं किसान :** अभी फसलों पर पड़ी बरसात व ओलों की मार से किसान अपनी गेहूं व सरसों की फसल को पूरी तरह से समेट नहीं पाया है। इसलिए मंडी परिसर में गेहूं व सरसों की आवक नाममात्र हो रही है। किसान अपनी निकाली गइ फसल को मंडी में बेचने के लिए लेकर आ रहा है। लेकिन नमी अधिक होने के कारण सरकारी खाते में न बिकने के कारण निजी बोली पर औने-पौने भाव में बेच रहा है। किसान राधेश्याम का कहना कि फसल ब्रिकी के दौरान मंडी परिसर में लगे ढरियों के पास बैठना मुश्किल हो रहा है। यहा की नालियों में जमा बरसाती पानी के कारण मच्छर दिन के समय में भी बैठने नहीं दे रहे है।

**अतिक्रमण के दौरान हुई हाथापाई :** मार्केट कमेटी प्रशासन ने सोमवार को अनाज मंडी परिसर में लगे फल, सब्जी, मशाले, कपड़ा आदि की करीब 100 के लगभग रेहड़ियों को हटाते हुए अतिक्रमण का सफाया किया था। लेकिन दौरान जेसीबी से किसान की ट्राली को पलटा दिया था। जिससे किसान को गुस्सा आ गया और इस दौरान मार्केट कमेटी के एक कर्मचारी के साथ हाथापाई तक हो गई थी। बाद में उक्त मामले को मौजूद जनसमूह ने बीचबचाव कराते हुए आपसी सुलहनामा करा दिया था।

# बरसाती नाले के खुले ढक्कन दे रहे हादसों को खुला न्यौता, अधिकारी अंजान

### स्थानीय नागरिक नप अधिकारियों को लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में बरसाती नाले के खुले ढक्कन दे रहे जान लेवा हादसों को न्यौता।

**शहर** के शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक से दमदमा मोड़ तक जाने वाले बरसाती नाले के खुले ढक्कन जान लेवा हादसों को खुला न्यौता दे रहे है। मात्र 300 से 400 मीटर की दूरी में नाले के ढक्कन 8 से 10 स्थानों पर 4 से लेकर 6 फुट तक नाला खुला हुआ है। नगर परिषद प्रशासन कुंभकर्णीय नींद में सौया हुआ है।

शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से दमदमा मोड़ तक जाने वाला पक्का बरसाती नाला 4 फुट चौड़ा और 5 से 6 फुट गहरा है। जिसके ऊपर लगे ढक्कन 8 से 10 स्थानों पर खुले है। नाले के ऊपर से सफाई के दौरान ढक्कनों को हटाया जाता है। ताकि नाले की सही ढंग से सफाई हो सके। शहर के निवासी मनोज का कहना है कि नाले के ऊपर से करीब डेढ साल पहले ढक्कनों को हटाया था। जिन्हे दोबार नहीं रखा है। जिससे नाले के खुले ढक्कन आम नागरिकों की जान के दुश्मन बनें हुए है। इस मार्ग के साथ बनी सड़क से एक दिन में 500 छोटें बडे वाहन निकलते है। जिनके आमने सामने बचाव के दौरान खुले नाले के ढक्कनों वाले स्थान पर गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है।

### लोग नाले पर बैठकर पीते हैं शराब

**दमदमा** मोड़ के पास बना ठेका से शराब लेकर दर्जनों पीने वाले नाले के ऊपर बैठ जाते है। विकास का कहना है कि शराब के नशा में नाले के खुले स्थानों पर गिरने से जान जा सकती है। जबकि इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट न होने के कारण दिन छिपने के बाद पूरी रात अंधेरा छाया रहता है। नाले के भरे पानी पर तैरता हुआ कूड़ा-कचरा में किसी के गिरने के बाद पता लगाना भी आसान नहीं होगा। उन्होने बताया कि परिषद के अधिकारी जानते हुए भी नाले के खुले ढक्कनों से अंजान बनें हुए है।

> “ **जेई** और सफाई इंस्पेक्टर को नाले के खुले स्थानों को 24 घंटा में बंद करने के आदेश जारी कर दिए है। इसके अलावा शहर के अन्य नालों पर इस प्रकार के स्थानों की सर्वे कराई जाएगी। ताकि उन्हे भी बंद किया जा सके।
>
> **धीरज सिंह**
> **एसडीओ नगर परिषद**

# गोलिबाज: बुर्राह का लेटेस्ट सिंगल, जो ट्रेडिशनल फ्रेंडशिप सॉन्ग को रीडिफाइन करता है

### बुर्राह ने सोनी म्यूजिक के साथ अपना लेटेस्ट सॉन्ग गोलीबाज लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**क्या** आप अपने पगले लेकिन प्यारे दोस्तों को डेडीकेट करने के लिए सही गीत की तलाश में हैं जो झूठे वादे करने में उस्ताद हैं? तो हमारे पास है सिर्फ आपके लिए एकदम सही वाला ट्रैक! उड़जा में अपनी यूनिक स्टाइल के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में एक लहर की तरह आने और तूफान की तरह छा जाने वाले, कोक स्टूडियो इंडिया में दमदार शुरुआत करने वाले बुर्राह ने सोनी म्यूजिक के साथ अपना लेटेस्ट सॉन्ग गोलीबाज लॉन्च किया है। यह ट्रैक लॉयल्टी और डिवोशन का खुलकर ऐलान करने वाली एक रियलिस्टिक फ्रेंडशिप एंथम है, जिसका अंत हमेशा हमारे फ्रेंड्स के द्वारा हमें और हमारे प्लान्स को गोली देने के साथ होता है।

शोकिड द्वारा निर्मित और बुर्राह द्वारा कंपोज्ड इस ट्रैक में आवाजें दी हैं बुर्राह और जिज़ी ने। बुर्राह, चारबिस और जिजी द्वारा लिखित, गोलीबाज दोस्ती का एक खरा-खरा और मज़ेदार चित्र प्रस्तुत करता है और यह भी बताता है कि यार ही कैसे हमारे प्यार का फायदा उठाते हैं। फिर भी, गाना एकदम हल्के -फुल्के अंदाज में दोस्तों के साथ बनने वाले स्ट्रांग सपोर्ट सिस्टम को हाइलाइट भी करता है। कैची बीट्स और प्लेफुल लिरिक्स गाने को पूरी तरह से कॉम्प्लीमेंट करते हैं, यह उन सभी को जरूर सुनना चाहिए जिनके आखरी घड़ी में पर प्लान की वाट लगाने वाले




दोस्त हैं। गोलीबाज के पीछे की प्रेरणा के बारे में बोलते हुए बुर्राह कहते हैं, मैं एक ऐसा गाना बनाना चाहता था जो दोस्ती की सच्चाई को दिखाता है, दोस्तियाँ जो कई बार अनप्रेडिक्टेबल और इनकंसिस्टंट होती है।

मेरा मानना है कि रिश्तों को ईमानदारी से दिखाना जरूरी है, और यह गाना बड़े ही फनी तरीके से यही काम करता है। मुझे आशा है कि हर कोई इस गाने से रिलेट करेगा और इसे अपने उन दोस्तों को डेडीकेट करेगा जो उन्हें सिर्फ और सिर्फ गोली देते हैं। गोलिबाज का म्यूजिक वीडियो बुर्राह के बर्थडे के साथ शुरू होता है, जब उसके बर्थडे को सुपर स्पेशल बनाने का वादा उसके दोस्त करते हैं। क्या वे वास्तव में ऐसा कर पाते हैं? वीडियो देखें और पता लगाएं!

# कलयुगी संतानों के कारण बुजुर्ग पहुंच रहे वृद्धाश्रम

**कविता** । फरीदाबाद

## ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ने मंगलवार को तीन बुजुर्गों को दिया सहारा

**अकेले** रह रहे बुजुर्गों के संग कई तरह की घटनाएं अब आम हो गई हैं। क्योंकि वर्तमान में कुछ कलयुगी संतान बुजुर्गों को उनके हाल पर अकेला छोड़कर चले जाते हैं। मंगलवार को एनएच-तीन स्थित ताऊ देवी लाल आश्रम के संचालक ने तीन बेसहारा बुजुर्गों को आसरा दिया। जिसमें एक कैंसर की लास्ट स्टेज पर है, दूसरा मानसिक रोगी और तीसरा मुंह में छाले के कारण अपनी व्यथा नहीं बता पा रहा है। बदलते परिवेश में नई पीढ़ी असंवेदनशील होती जा रही है। वे अपने बुजुर्ग माता पिता को बेघर करने से भी नहीं चूक रहे हैं। सहारा न मिलने पर कई बार अपने बच्चों से ठुकराए बुजुर्ग सड़क पर भीख मांगते हैं। ऐसे बुजुर्गो का सहारा बन रहा है एनएच दो स्थित ताऊ देवीलाल आश्रम। यहां रहने वाले ज्यादातर बुजुर्ग अपने बच्चों के ठुकराए हुए है।


बीके के बाहर मिले बुजुर्गों को आश्रम ले जाते हुए कृष्ण लाल बजाज।

**मंगलवार को तीन आए:** आश्रम संचालक कृष्ण लाल बजाज ने बताया कि मंगलवार को तीन बुजुर्ग आए हैं। जिसमें भीकम कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय पवन कुमार अग्रवाल बीके हॉस्पिटल के सामने एडवोकेट रविंद्र गुप्ता को मिले। उन्होंने आश्रम को सूचित किया था। उनके परिजनों ने बीमारी के कारण बाहर निकाल दिया। उनके मुख में कैंसर लास्ट स्टेज पर है। 70 वर्षीय ज्ञानचंद को उनके भाई और भतीजों ने घर से बाहर निकाल दिया। तीसरे 70 वर्षीय बुजुर्ग को पल्ला थाना पुलिस लाई है, वह मुंह में छालों के कारण बोल नहीं पा रहे है।

**भीख मांगने पर मजबूर:** शहर आश्रमों में ऐसे बुजुर्ग अधिक है, जो पारिवारिक कलह के कारण यहां रहते है। आश्रम के प्रधान कृष्ण लाल बजाज की माने तो नए बुजुर्गों में आधे से ज्यादा बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनकी संतानों ने उन्हें सड़क पर भीख मांगने के लिए छोड़ दिया था। ऐसे बुजुर्ग यहां रहकर अपना समय गुजार रहे हैं। बुजुर्गों का कहना है कि उन्हें घर से कोई सहायता नहीं मिल रही थी, जिसके कारण वह भीख मांगकर अपना गुजारा करते थे। कृष्ण बजाज ने उन्हें आश्रम में रहने की जगह देकर उन्हें भीख मांगने से बचा लिया।

**अज्ञात बुजुर्ग भी:** इस आश्रम में अज्ञात बुजुर्ग भी दाखिल है। इन बुजुर्गों को सड़क किनारे, बीके सिविल अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से लाकर यहां रखा गया है। बजाज ने बताया कि किसी बुजुर्ग के लावारिस हालत में मिलने पर वे पुलिस को तो सूचित करते ही हैं। इसके साथ ही वे उनसे पूछताछ कर अपने सम्पर्कों की मदद से परिवार वालों का पता भी लगाते हैं।

# घर में परिवार के साथ सो रहे युवक की चाकू से गोदकर हत्या

## पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



मृतक के परिजनों से बातचीत करते पार्षद जयवीर खटाना। बेटे की मौत पर विलाप करते हुए परिजन।

**सेक्टर 23** की संजय कॉलोनी में बीती अपने घर में परिवार के सदस्यों के साथ सो रहे एक युवक पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। युवक के चिल्लाने पर परिवार के सदस्यों के जाग जाने पर आरोपी घर से निकल कर भागने लगा। युवक के भाई द्वारा पीछा किया गया। लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गया।

घायल युवक को इलाज के लिए बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के मुताबिक संतोष नामक व्यक्ति संजय कॉलोनी की गली नंबर 23 में अपनी पत्नी, दो बेटे विशाल व लखन और एक बेटी के साथ रहते हैं। वह एक कंपनी में काम कर परिवार का गुजारा चला रहे हैं। बीती रात संतोष नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर गए हुए थे। रात को खाना खाने के बाद उनके बेटे विशाल व लखन जमीन पर और उनकी पत्नी व बेटी पलंग पर सो गए थे। रात करीब एक बजे कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आया। आरोपी ने आते ही विशाल के मुंह, छाती और पेट पर चाकू से ताबड़-तोड़ वार करने शुरू कर दिये। विशाल के चिल्लाने पर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए। जिन्हें देखकर आरोपी मकान से निकल कर भागने लगा। विशाल के छोटे भाई लखन ने आरोपी का पीछा करने का प्रयास किया। लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया। विशाल को तुरंत बीके अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना मुजेसर पुलिस, क्राइम ब्रांच डीएलएफ और क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 की टीम ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस आरोपी का सुराग लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मृतक के पिता संतोष की शिकायत पर थाना मुजेसर में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।


मृतक विशाल (फाइल फोटो)

मृतक के पिता संतोष के मुताबिक 19 वर्षीय विशाल ने हाल ही में 12 वीं कक्षा पास की थी। मृतक के परिजनों का कहना है कि विशाल की कुछ दिनों पहले एक व्यक्ति से कहासुनी हुई थी। लेकिन वे हत्या करने वाले व्यक्ति को पहचान नहीं पाए हैं। पुलिस विभिन्न एंगलों से जांच कर आरोपी का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

# शॉर्ट-सर्किट से लगी बीके अस्पताल में आग

## फायर बिग्रेड और कर्मचारियों ने आग पर पाया काबू

**फरीदाबाद।** बीके अस्पताल में रि-विजिट, बिलिंग और सैम्पल रिपोर्ट के लिए कमरा नम्बर 22 में काउंटर है। मंगलवार को महावीर जयंती के कारण काउंटर बंद थे। करीब साढ़े चार बजे अचानक बिलिंग काउंटर से घुआं उठने लगा। वहां शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लग गई। अस्पताल प्रशासन की सूझबूझ से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बीके अस्पताल की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सविता यादव ने बताया कि मंगलवार अचानक शॉर्ट-सर्किट से अस्पताल की ओपीडी में लगी आग की सूचना मिली, तो वह तुरंत अस्पताल पहुंची। उनके पहुंचने से पहले ही आग पर कर्मचारियों ने काबू पा लिया था। उन्होंने बताया कि स्थिति न बिगड़े इसके लिए दो फायर बिग्रेड की गाड़ियों को भी मौके पर बुला लिया था। आग की सूचना के बाद मौके पर एनआईटी थाना प्रभारी पहुंचे। शीशे तोड़कर आग बुझाई गई है। आग से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। गर्मियों के कारण कई बार तार शॉर्ट कर देते हैं, ऐसी स्थिति में आग लग जाती है। विभाग तारों को ऊंचा कराएगा। डॉ. सविता यादव ने कहा कि मंगलवार को महावीर जयंती को लेकर अस्पताल की सरकारी छुट्टी थी।


ओपीडी के कमरा नम्बर- 22 में लगी आग के बाद मौके का निरीक्षण करतीं पीएमओ डॉ. सविता यादव व अन्य चिकित्सक व कर्मी।

# जिले में 141 कोरोना पॉजिटिव वैक्सीन उपलब्ध नहीं

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

## 16 की की रिपोर्ट नेगेटिव आई

## 42 में पांच मरीजों को किया भर्ती

**जिले** में मंगलवार को 42 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आए है। वहीं राहत की बात यह रही की 16 संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिससे जिले में फिलहाल एक्टिव केसो की संख्या का आंकड़ा 141 पर पहुंच गया है।

जिले में नए आए 42 मरीजों में से पांच को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जिससे जिले में दाखिल मरीजों की संख्या का आंकड़ा 8 पर पहुंच गया है। वहीं होम आईसोलेशन में 133 मरीज है। कोरोना से बचाव के लिए जिले में वैक्सीन ही समाप्त हो गई है। टीकाकरण कक्ष तक ताला लगा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि टीके खत्म होने के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई है, जल्द वैक्सीन मिलने पर दोबारा टीकाकरण किया जाएगा। सूत्रों की माने तो जिले में 10 फरवरी को कोविशील्ड और करीब छह महीने पहले कोर्बेवैक्स खत्म होने के बाद केवल कोवैक्सीन ही लगाई जा रही थी, लेकिन पिछले तीन दिनों से कोवैक्सीन भी समाप्त है।

ऐसे में 42 नए संक्रमित होने से जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा और जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की मौत का आंकड़ा एक बार फिर महामारी का खतरा बढ़ा रहा हैं। साल 2021 में इन दिनों महामारी के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर थे। लापरवाही और बिना टीकाकरण के खतरा बढ़ रहा है। विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# अमेजन इंडिया पर मिलेंगे ऑस्ट्रेलियाई ब्रांड एन्को के प्रोडक्ट

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद



**ऑस्ट्रेलिया** में सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद हाउसहोल्ड ब्रांड्स में शुमार एन्को ने डी2सी चैनल के माध्यम से भारत में कदम रखा है। इसके लिए एन्को ने अमेजन डॉट इन के साथ गठजोड़ करते हुए डिजिटल-फर्स्ट के रूप में एंट्री की है। इस गठजोड़ के तहत एन्को पूरे देश में उपभोक्ताओं को होम एवं लिविंग प्रोडक्ट्स की क्यूरेटेड रेंज उपलब्ध कराएगा। अभी एन्को के कुछ शुरुआती प्रोडक्ट अमेजन पर होम, किचन, फर्नीचर, डेकोर व अन्य कैटेगरी में उपलब्ध कराए गए हैं। अगले कुछ महीने में इसे विस्तार देते हुए अन्य उत्पाद भी उपलब्ध कराए जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी मेलबर्न में कंपनी का मुख्यालय है।

एन्को ब्रांड का संचालन केमार्ट ग्रुप करता है। केमार्ट ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर इयान बेली ने कहा, हम भारतीय बाजार में एन्को को पेश करते हुए रोमांचित हैं। किफायती दाम में अपने घर और लाइफस्टाइल को निखारने की चाहत रखने वाले भारतीय उपभोक्ताओं का ध्यान एन्को अवश्य आकर्षित करेगा।

कंपनी ने हाल ही में गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में अपने उत्पादों को प्रदर्शित किया था। इस मौके पर एन्को के डायरेक्टर अर्जुन पुरी ने कहा, अमेजन डॉट इन के साथ मिलकर भारतीय बाजार में एन्को के उच्च गुणवत्ता वाले किफायती उत्पादों को पेश करते हुए हम उत्साहित हैं। हमारे ब्रांड के डी2सी स्टोर एन्को डॉट को डॉट इन पर भी ये उत्पाद उपलब्ध होंगे। हमने अपने उत्पादों को खास तरीके से उपभोक्ताओं के जीवन को खास बनाने के लिए डिजाइन किया है। भारत के उपभोक्ता हमारे उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करेंगे।

एन्को ने भारतीय ग्राहकों का दिल जीतने का लक्ष्य रखा है। ब्रांड को बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए जाना जाता है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य वैश्विक बाजारों में 300 से ज्यादा स्टोर पर 2022 में एन्को के 80 करोड़ से ज्यादा उत्पादों की बिक्री हुई थी। एशिया में भी ब्रांड का बड़ा सप्लायर बेस है।

# युवक को कैंची मारकर घायल करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने लड़ाई झगड़े व स्नेचिंग के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहम्मद उमर है जो फरीदाबाद के पल्ला एरिया का रहने वाला है। 2 दिन पहले आरोपी की राहुल नाम के व्यक्ति के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी जिसमें आरोपी ने उस व्यक्ति के कैंची से हमला करके चोट पहुंचाई और उसका बटुआ व जरूरी कागजात और पैसे लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में दी जिसके पश्चात आरोपी के खिलाफ लड़ाई झगड़ा व स्नैचिंग की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई।

# विकास को लेकर विधायक ने की निगम अधिकारियों संग बैठक

## निगम आयुक्त के साथ बैठक में फरीदाबाद विस क्षेत्र के विकास कार्यं को लेकर हुई चर्चा

**प्रवीन शर्मा** फरीदाबाद


विकास कार्यों को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक लेते विधायक नरेंद्र गुप्ता। साथ में निगमायुक्त जितेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी।

**गर्मी** के मौसम को देखते हुए तथा फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने नगर निगम कमिश्नर जितेंद्र दहिया के साथ बैठक की। इस दौरान संबंधित अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक नरेंद्र गुप्ता ने जहां फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लंबित पड़े विकास कार्यो को लेकर निगमायुक्त से सुनिश्चित करने को कहा कि कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं तथा यदि कोई अड़चन इन कार्यो के बीच आ रही है तो उसे उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि समाधान निकाल कर निर्बाध गति से कार्य किए जा सकें। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मानसून से पूर्व ही जल निकासी के उचित इंतजाम किए जाएं। इसके लिए फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के जो एरिया जल भराव को लेकर संवेदनशील हैं, उन्हें चिन्हित कर वहां ड्रेनेज लाइनें साफ करने के साथ-साथ जलभराव की स्थिति में जल्द से जल्द जल निकासी के प्रबंध करने के लिए रूपरेखा अधिकारी तैयार करें। इसके अलावा डिस्पोजल्स की स्थिति दुरुस्त की जाए ताकि बरसातों में लोगों को जलभराव की समस्या से न जूझना पड़े। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने निर्माणाधीन सडकों के कार्य की भी समीक्षा की और सडकों के शीघ्र निर्माण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने गर्मियों में लोगों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े, इसे सुनिश्चित करने के लिए ट्यूबवैलों के उचित रख-रखाव व खराब मोटरों को ठीक करवाने तथा जनरेटर आदि की व्यवस्था करने सहित अन्य दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनका यही प्रयास है कि गर्मियों में फरीदबाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों को पानी की समस्या से बिल्कुल जूझना न पड़े।

# डेढ़ पेटी अवैध देशी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी जगमिंदर सिंह की टीम ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम ओमप्रकाश है जो फरीदाबाद के सेक्टर 62 का रहने वाला है। आरोपी की उम्र 47 वर्ष है और वह पेंटर का काम करता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध शराब सहित आशियाना फ्लैट से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से 80 पव्वे देसी शराब मस्ताना के बरामद किए गए। आरोपी से जब पूछताछ की गई तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके पश्चात आरोपी को आदर्श नगर थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। आरोपी आसपास के ठेकों से शराब एकत्रित कर महंगे दामों पर बेचता था।

# एडीसी ने निर्माणाधीन कॉलेज के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण


निर्माणाधीन कॉलेज की जांच करतीं एडीसी अपराजिता।

**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि कॉलेज की नई इमारतें सरकार द्वारा जारी हिदायतो के अनुसार सभी नार्मस आधुनिक तकनीक से परिपूर्ण हो और उसमें किसी भी प्रकार की कोई भी तकनीकी कमी नहीं रहनी चाहिए। एडीसी अपराजिता ने आज नचौली में बन रहे राजकीय कॉलेज के निर्माणकार्य का निरिक्षण किया।

आपको बता दें कि फरीदाबाद जिला के विकास कार्यों को लेकर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के मद्देनजर मोहना और नचौली गांव में बनने वाले सरकारी कॉलेजों का निर्माण कार्य लगभग पूरा है। जिसके निर्माण कार्य का निरिक्षण अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सभी कॉलेजों की सभी इमारतें आधुनिक तकनीक के रूप में विकसित की गई है साथ ही उनमें वेल्टीनेशन, बिजली-पानी तथा अन्य तमाम मूलभूत सुविधाएं सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार पूरी की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहाकि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न आने पाये। इस अवसर पर एसीयूटी सोनू भट्ट सहित पीडब्ल्यूडी के कई अधिकारी मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## मंत्री ने भगवान महावीर जयंती पर दी बधाई



**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज मंगलवार को सकल जैन समाज द्वारा कर्म तीर्थकर श्रमण भगवान वर्धमान महावीर स्वामी के 2621वें जन्मोत्सव पर सेक्टर -16 में जैन मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहां परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने सकल जैन समाज को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की पूरे देश की तरक्की में जैन समाज का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर आत्मानंद जैन सभा और सकल जैन समाज के समस्त वरिष्ठ पधाधिकारी गण मौजूद रहे।

## दुकानदारों ने सरकारी मदद के बिना बनाया शौचालय




**फरीदाबाद।** एनआईटी पांच नंबर स्थित सब्जी मंडी में स्थानीय दुकानदारों द्वारा सार्वजनिक शौचालय का नवीनीकरण कर उद्घाटन किया गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि समाजसेवी परविंदर राजपाल के अथक प्रयासों से यह कार्य संपन्न हो पाया। इस मौके पर बातचीत के दौरान यह बताया कि नगर निगम अधिकारियों से कई दौर की बातचीत के बाद यह काम स्थानीय दुकानदारों की मदद से पूरा हो पाया। 31 मार्च 2012 को इस शौचालय का निर्माण कार्य पूरा हुआ था जिसके बाद नगर निगम के द्वारा रख रखाव नहीं होने के चलते धीरे-धीरे यह टॉयलेट खंडहर में तब्दील हो गया और इस पर ताला जड़ दिया गया। जिसके चलते सब्जी मंडी व नजदीक की मार्किट में कोई भी टॉयलेट न होने के कारण जहां दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी ने पहुंचकर कहा कि सरकार के लिए बहुत ही बेहतरीन आय का स्त्रोत मार्केट होने के बावजूद यहां पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहा है और मार्केट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने मिलजुलकर खासकर महिलाओं की परेशानी को देखते हुए मिलजुल कर सराहनीय कार्य किया है। इसी के चलते स्थानीय दुकानदारों ने नगर निगम से परमिशन लेकर इस शौचालय का नवीनीकरण किया। जिसमें करीब दो लाख रूपये से ज्यादा का खर्च आया। स्थानीय दुकानदारों ने बाजार में हनुमान चालीस व गुरू जी का पाठ करके किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब प्रशासन और नगर निगम द्वारा इस शौचालय की सुध नहीं ली गयी तो उन्होंने खुद इसे सुधारने का बीड़ा हाथ में उठाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश वर्मा, दीपक गुप्ता, दीपक कुमार, संदीप गेरा, बंटी चावला, वर्जित वधवा, देवेंद्र सिंह मखीजा, देवेंद्र अरोड़ा, हरप्रीत सिंह खालसा, नीतू वाधवा, संदीप गर्ग आदि दुकानदारों की मौजूदगी में कहा कि इसकी व्यवस्था बनी रहे इसके लिए यहां कर्मचारी भी रखे गए है। वहीं इस्तेमाल करने वालों से शुल्क भी लिया जाएगा, जिससे इस शौचालय की मेंटेनेंस अच्छे से हो सके। उन्होंने लोगों से भी अपील की है की वह इसे साफ- सुथरा रखने में सहयोग दें। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बहुत अच्छी पहल स्थानीय दुकानदारों के द्वारा की गई है।

## फूल-माला और तिलक से बच्चों का किया स्वागत




**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में प्रवेश उत्सव में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने प्रवेश उत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में प्रवेश हेतु आने वाले नए बच्चों का तिलक लगा कर और फूलमालाओं से स्वागत किया गया। अध्यापक जसबीर, अजय गर्ग, शिखा सहित सभी अध्यापकों ने बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत किया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और अध्यापकों ने सभी बच्चों को तिलक भी लगाया और उन्हे अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जूनियर रेड क्रॉस अधिकारी प्राचार्य मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय के वरिष्ठ बच्चों ने सरकारी स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं के विषय में बताते हुए अधिक से अधिक नए बच्चों का दाखिला सरकारी स्ल में दिलवाने के लिए भी जागरूक किया। मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय के अध्यापकों ने घर घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिल रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया कि सरकार द्वारा विद्यालय में नि:शुल्क दोपहर का पौष्टिक भोजन, दूध, यूनिफॉर्म, पुस्तकें, स्टेशनरी, स्टाइपेंड, व्यावसायिक शिक्षा, रोजगारपरक शिक्षा, तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण, डिजिटल बोर्ड द्वारा शिक्षा, मासिक परीक्षा, प्रीबोर्ड परीक्षा, परीक्षाओं की तैयारी हेतु सेमिनार एवं विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं और गतिविधियां संचालित होती है। इसलिए उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजें। जूनियर रेड क्रॉस, स्काउट व गाइड्स तथा सैंट जॉन एम्बुलेंस के सदस्यों ने अध्यापकों के निर्देश में लोगों को अधिकाधिक बच्चों के विद्यालय में प्रवेश के लिए निवेदन किया तथा कहा कि गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए सभी बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलवाएं।

## सुपर 100 लेवल-2 की परीक्षा आज से होगी शुरू

**फरीदाबाद।** सुपर 100, विकल्प फाउंडेशन के सहयोग से हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गयी एक महत्वकांशी पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी स्कूल के छात्रों को उच्चतम शिक्षा प्रदान करना है। यह एक आवासीय कार्यक्रम है जो छात्रों को आईआईटी और एनईईटी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है। सुपर 100 बैच 2023-25 के लिए हरियाणा राज्य से कुल 35,000 छात्रों ने अपना पंजीकरण कराया। 14 फरवरी 2023 को लेवल 1 की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमे 1900 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। पांच अप्रैल से सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा आरम्भ हो रही है। यह परीक्षा 12 दिनों तक चलेगी जिसमें चयनित 1920 छात्रों को 4 बैचेस मे बाटा गया है और उन्हें परीक्षा के लिए विकल्प फाउंडेशन के रेवाड़ी परिसर में बुलाया गया है। इस परीक्षा के लिए 4 बैचेस बनेंगे और प्रत्येक बैच में लगभग 500 छात्र होंगे। हर एक बैच 3 दिनों के लिए कैंपस में रहेगा। आखिरी बैच की परीक्षा 17 अप्रैल को संपन्न होगी। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 2 अप्रैल 2023 से उल्लिखित लिंक पर जारी किया जा चुका है। सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा के लिए सभी छात्र 3 दिनों के लिए परिसर में उपस्थित रहेंगे जहां उन्हें गणित और विज्ञान के विषयों का अध्ययन कराया जाएगा और आखिरी दिन एक परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान कक्षाओं के साथ-साथ छात्रों के व्यवहार पर भी शिक्षकों की नजर रहेगी। इस लेवल 2 परीक्षा का उद्देश्य केवल छात्रों की परीक्षा लेना ही नहीं, बल्कि उनके व्यवहार और शिक्षा के प्रति समर्पण को परखना भी है। छात्र कक्षा में कितना ध्यान केंद्रित करते है और पढ़ाई को लेकर उनकी रूचि कितनी है, इसका भी निरिक्षण सुपर 100 के अध्यापक करेंगे ताकि वे मेधावी छात्रों का चयन कर सके। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्र सुपर 100 बैच 2023- 25 का हिस्सा बनेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 5 अप्रैल, 2023



## विपक्षी एकता

### थरूर का दृष्टिकोण

**शशि थरूर** ने विपक्षी एकता पर अपना दृष्टिकोण सामने रखा है, पर राहुल के समर्थक 'सावरकर' मुद्दे में उलझे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने रविवार को अपनी पार्टी के वरिष्ठतम लोगों को एक सलाह दी है। पहले तो उन्होंने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के 'जर्मनी को धन्यवाद' ट्वीट पर निराशा प्रकट की है। दिग्विजय का यह ट्वीट बर्लिन के इस बयान के बाद आया था कि उसने राहुल गांधी की अयोग्यता पर गौर किया है। थरूर ने कहा कि वे अपने वरिष्ठ पार्टी नेता को ऐसा न करने की सलाह देते। थरूर ने जोर दे कर कहा, 'मैं अपने अत्यधिक सम्मानित वरिष्ठ साथी और मित्र को वह न करने की सलाह देता जो उन्होंने किया। कांग्रेस पार्टी में यह हमेशा विश्वास का मामला रहा है कि 200 साल औपनिवेशिक शासन के आधीन रहने के बाद हमें किसी विदेशी सलाह की आवश्यकता नहीं है और न हम इसे स्वीकार करते हैं।' यह उनके कठोर उपनिवेशवाद-विरोधी दृष्टिकोण के अनुरूप है। दिग्विजय सिंह की हालिया टिप्पणी उनकी शुरुआती टिप्पणियों की तरह है जिस पर जमीनी कार्यकर्ता प्रसन्न हो सकते हैं। लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी को किसी दूसरे देश से अपने दृष्टिकोण पर सहमति की जरूरत क्यों हो? सरकार को पश्चिमी देशों की ऐसी टिप्पणियां पसंद नहीं हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, 'पश्चिम सोचता है कि उसे दूसरे देशों के मामलों में टिप्पणी करने का ईश्वरीय अधिकार प्राप्त है।' लेकिन दिग्विजय सिंह तथा कुछ अन्य विपक्षी नेताओं को पश्चिमी देशों द्वारा नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना में अपने लिए अवसर नजर आता है।



थरूर ने कहा, 'मैं वास्तव में किसी छोटी पार्टी को प्रोत्साहित करता कि वह विपक्षी गठबंधन के समन्वयक की भूमिका अदा करे। मेरे विचार से अपने गौरव को महत्व देने के बजाय एकता ज्यादा जरूरी है।' यह दृष्टिकोण वस्तुनिष्ठ राजनीतिक यथार्थ को देखते हुए सही हो सकता है। कांग्रेस भले ही सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी हो और उसकी अखिल भारतीय उपस्थिति तथा वोटों में दूसरा सबसे बड़ा हिस्सा हो, लेकिन वह उत्साह तथा संगठनात्मक क्षमता में बहुत कमजोर है। पिछले एक दशक में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की कथा आम चुनाव व राज्यों के चुनाव में पतन व चुनावी पराजयों की कथा है। उसे सफलतायें बहुत कम मिली हैं। इसके साथ ही उसके नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की विरोधी पार्टियों को एकजुट करने के बड़े प्रयास नहीं किए हैं। यहां तक कि राहुल गांधी की हाई-प्रोफाइल 'भारत जोड़ो यात्रा' से भले ही उनकी व्यक्तिगत छवि बेहतर हुई हो, पर इसने भाजपा-विरोधी दलों को साथ लाने के मामले में कुछ नहीं किया है। इससे भी बुरी बात है कि सावरकर पर उनके अपने बयानों ने सहयोगी शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे को नाराज कर दिया है। इन परिस्थितियों में यदि कांग्रेस के नेता किसी छोटी पार्टी को पहल कर गठबंधन बनाने को प्रोत्साहित करते हैं तो इससे उसे कोई नुकसान नहीं होगा। पहले भी इस बात के उदाहरण हैं कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी के नेताओं ने भाजपा-विरोधी गठबंधनों को गढ़ा है। 1996 में संयुक्त मोर्चा तथा 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन इसके उदाहरण हैं। लेकिन महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या कांग्रेस के सर्वोच्च नेता इसकी अनुमति देंगे? विपक्ष के दृष्टिकोण से यह कठिन समस्या है क्योंकि राहुल गांधी के कुछ सलाहकारों का दृष्टिकोण राजनीतिक के बजाय 'सिद्धान्तवादी' है। उनकी दिलचस्पी पार्टी या विपक्ष को मजबूत करने के बजाय अपने वामपंथी एजेंडे पर चलना है। इसलिए विपक्षी एकता की कीमत पर भी राहुल गांधी का 'सावरकर' के प्रति भ्रम बना हुआ है।

# सुधारों से होगा दीर्घकालीन लाभ

**यदि प्रत्यक्ष करों को और घटा कर अपवादों को छोड़ दिया जाए तो यह लाभदायक हो सकता है। आर्थिक सुधारों के दीर्घकालीन नतीजे होंगे।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वर्ष 2022-23 में पूरे साल का खाद्य एवं सेवा कर संग्रह 18.1 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह उम्मीद करना भी उचित है कि वर्ष 2023-24 में देश को इससे लगभग 24 लाख करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। मासिक जीएसटी संग्रह लगातार कई महीनों से 1.5 लाख करोड़ से अधिक हो रहा है। मार्च में यह संग्रह 1.6 लाख करोड़ था जिससे 13 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि लगभग सुनिश्चित है। यह भी संतोषजनक है कि परोक्ष कर संग्रह घरेलू उपभोग में वृद्धि के कारण बढ़ रहा है। यह आटोमोबाइल क्षेत्र के आंकड़ों से भी स्पष्ट है।

एसयूवी वाहनों की बिक्री में पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 27 प्रतिशत वृद्धि हुई है जिससे समृद्धि बढ़ने का संकेत मिलता है। बिजनेस पर्यवेक्षक इसे आटोमोबाइल क्षेत्र की अब तक की सर्वोत्तम उपलब्धि बता रहे हैं। स्पष्ट रूप से अब और ज्यादा लोग सड़कों पर एसयूवी से निकलेंगे। पिछले नौ साल में देश में सड़कों के विकास के आंकड़े अच्छी तरह दस्तावेजीकृत हुए हैं। अब लोगों को विश्वास है कि वे देश भर में बनी शानदार सड़कों तथा उनके बेहतर रखरखाव के कारण अपने वाहन से आराम से जा सकते हैं। यह स्थिति अर्थव्यवस्था के बेहतर होने का संकेत भी है। सड़कें अर्थव्यवस्था की मुख्य संचालक शक्ति हैं क्योंकि आसानी व तेज गति से लाजिस्टिक्स के परिवहन से न केवल भारत को एक सुसंगठित व एकीकृत बाजार बनाने में सहायता मिल रही है, बल्कि इससे देश को वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में गरिमापूर्ण स्थान भी मिल रहा है।

यह वृद्धि जीएसटी आंकड़ों में दिखाई देती है। अंतर-राज्य व्यापार में तेजी से वृद्धि हो रही है। अंतर-राज्य व्यापार के सूचकांक समन्वित जीएसटी-आईजीएसटी में हर महीने वृद्धि हो रही है। यह लगभग 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और मार्च में 82,907 करोड़ रुपये के साथ इसका कुल संग्रह में सबसे बड़ा स्थान था। जीसटी संग्रह में आधे से अधिक हिस्सा आईजीएसटी का है। इससे व्यापारियों में विश्वास बढ़ा है। इसके साथ ही केन्द्र सरकार ने 2023 के लिए नई विदेश व्यापार नीति घोषित की है जिसका लक्ष्य भारत का व्यापार 2030 तक 2 ट्रिलियन डालर पहुंचाना है। सड़कों, बंदरगाहों व रेलवे के माध्यम से बनी जीवन्त ढांचागत संरचना से समर्थित सुसंगठित भारतीय बाजार द्वारा 2030 तक व्यापार का 2 ट्रिलियन डालर लक्ष्य पाना निश्चित रूप से संभव है। वर्ष 2030 तक भारत निश्चित रूप से दुनिया की सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था बनने के निकट होगा।

तेजी से हो रहे भू-रणनीतिक विकास भारत की शक्ति कई गुना बढ़ाएंगे जिससे वह वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में केन्द्रीय स्थान पर आ जाएगा। जी20 की भारत द्वारा अध्यक्षता के अभी पांच और महीने बाकी हैं। इससे भारत को वैश्विक सप्लाई श्रृंखला में अपना स्थान मजबूत करने में सहायता मिलेगी। हालांकि, इसके बावजूद उन चुनौतियों पर भी नजर डालना जरूरी है जिनका सामना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इन वर्षों में करना पड़ा है। सभी क्षेत्रों से भारी विरोध के बावजूद वे भारत को सुधारों की राह पर आगे ले जाने में सफल हुए हैं। जीएसटी लागू करने के निर्णय का विपक्ष ने भारी विरोध किया था। कांग्रेस ने जीएसटी के बारे में अनेक गलत धारणायें विपक्षी दलों की सोच में स्थापित करने में सफलता पाई थी। कहा गया था कि इससे राज्यों का राजस्व घटेगा और जीएसटी लागू करना संघीय ढांचे तथा देश की भावना पर प्रहार होगा। राज्यों को राजस्व नुकसान के मुआवजे के तौर पर भुगतान को जीएसटी व्यवस्था में रखा गया था, लेकिन संग्रहों की दर मुआवजों के लिए निर्धारित सीमा से 14 प्रतिशत अधिक हो गई है। वास्तव में जीएसटी परिषद एक सहमति-आधारित संस्था के रूप में विकसित हुई है। यह सर्वोत्तम संघीय भावना की अभिव्यक्ति है और इससे पूरा ढांचा संचालित होता है। समय ने सिद्ध कर दिया है कि मोदी सरकार द्वारा जीएसटी लागू करने पर दृढ़ता उचित थी। इसके साथ ही जीएसटी ढांचे का संचालन एक लोकतांत्रिक भावना से होता है। इसमें योजना के सुधार हेतु फीडबैक व सुझावों की खिड़की खुली रखी गई है।

केवल सुधार ही भारत को समृद्धि के रास्ते पर ले जा सकते हैं। हालिया सालों में 'डिजिटल इंडिया' भी भारत की उल्लेखनीय उपलब्धि है। दुनिया भर में इसका दस्तावेजीकरण डिजिटल भुगतान व्यवस्था के लोकतांत्रीकरण के रूप में किया गया है। अब हाकर भी डिजिटल भुगतान स्वीकार करने लगे हैं। लोग यूपीआई से समोसा व चाय का भुगतान भी करते हैं। अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को इस प्रकार मुख्यधारा में लाने से भारत निकट भविष्य में तेजी से विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है। मार्च में यूपीआई लेनदेन 14 लाख करोड़ का आंकड़ा पार कर चुके हैं। डिजिटल भुगतान व्यवस्था को अर्थव्यवस्था के सभी पक्षों ने स्वीकार किया है। इससे न केवल 'बिजनेस सुगमता' बढ़ी है, बल्कि अनेक उद्यमी लोगों के लिए नए आयाम भी खुले हैं। इस प्रकार वे स्वरोजगार के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं।

सरकारी ई-मार्केट-जेम से 2022-23 में 2 लाख करोड़ से अधिक के लेनदेन हुए हैं। सरकारी खरीद के इस लोकतांत्रीकरण में तकनीकी हस्तक्षेप ने सबसे निचले स्तर पर पारदर्शी तरीके से कीमतें घटाई हैं। इससे यह गारंटी भी मिली है कि इस पर कम लागत पर बेचे जाने वाला उत्पाद कहीं भी इससे कम कीमत पर नहीं बेचा जा सकता है। यह सरकारी विभागों के कामकाज में उल्लेखनीय सुधार है। तकनीकी स्वीकार्यता की सहायता से हुए सुधारों ने भ्रष्टाचार व मानवीय गलतियों की संभावना समाप्त की है। परोक्ष कर सुधारों की सफलता को प्रत्यक्ष करों में भी लागू किया जाना चाहिए।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि प्रत्यक्ष करों का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके लिए कुछ साहसी कदम उठाने होंगे। नई परोक्ष कर व्यवस्था में कुछ कदम उठाए गए हैं जिसमें अपवादों का लाभ न उठाने वाले करदाताओं को प्रोत्साहन दिए गए हैं। लेकिन अब भी प्रत्यक्ष कर संग्रह की दो व्यवस्थायें बनी हुई हैं। दीर्घकालीन रूप से यह व्यावहारिक नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत तेजी से अपवाद-रहित प्रत्यक्ष कर संग्रह व्यवस्था की ओर बढ़े, करदाताओं के लिए केवल एक विकल्प होना चाहिए। आंकड़ों से स्पष्ट है कि करों की कम दर से ज्यादा राजस्व आता है और लोग इसे ज्यादातर अपनी इच्छा से स्वीकार करते हैं।

इसलिए यह देखना जरूरी और लाभदायक होगा कि यदि प्रत्यक्ष करों में और कमी की जाए तथा अपवादों को समाप्त किया जाए तथा करदाताओं के लिए केवल एक व्यवस्था बनाई जाए तो इसके क्या नतीजे निकलेंगे। यह युग लोगों को यह मजबूर करने का नहीं है कि वे कर बचाने के लिए बचतों में पैसा लगाएं। कर बचाने वाले वित्तीय उत्पादों के लिए दबाव नहीं होना चाहिए, बल्कि इनको देश की जनता की इच्छा पर छोड़ दिया जाना चाहिए। यह काम किया जा सकता है और इसे फौरन किया जाना चाहिए। इसके साथ ही नीति निर्माताओं को प्रत्यक्ष कर संजाल में शामिल अपवादों की सूची पर गहराई से नजर डालनी चाहिए। एक खास व तार्किक स्तर से अधिक आमदनी करने वाले लोगों को प्रत्यक्ष कर ढांचे का हिस्सा बनाया जाना चाहिए ताकि देश के विकास में उनका योगदान प्राप्त किया जा सके और पूरे देश की जनता को विश्व-स्तरीय शिक्षा व स्वास्थ्य ढांचा उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है जो ऐसे निहित स्वार्थों का डट कर विरोध कर सके जो हमेशा देश में आर्थिक सुधारों की राह में बाधा डालते रहे हैं।

अगले कुछ वर्षों में किए जाने वाले सुधार कर संग्रह को इतना अधिक बढ़ा सकते हैं कि भारत तेजी से रक्षा समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सके। इसके साथ ही स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से कदम बढ़ाए जाने चाहिए।

# महिला कृषकों के लिए वरदान है जलवायु की जानकारी

> "महिला किसानों को सशक्त बनाकर, हम टिकाऊ और लचीली कृषि को बढ़ावा दे सकते हैं।"



**राजेश आर सिंह**
(लेखक चाइल्ड फंड इंडिया के सीईओ हैं)

कृषि और खाद्य सुरक्षा पर दूरगामी प्रभावों के साथ जलवायु परिवर्तन हमारे समय के सबसे अधिक दबाव वाले मुद्दों में से एक है। कृषि में मौजूदा प्रथाएं न केवल वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, सूखा, बाढ़ और चरम मौसम की घटनाओं को बढ़ा रही हैं बल्कि आजीविका को भी खतरे में डाल रही हैं। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, जलवायु-सूचित कृषि को बढ़ावा देने की आवश्यकता बढ़ रही है जिसमें लचीलापन बढ़ाने और उत्सर्जन को कम करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और तकनीकों को शामिल किया गया है।

महिला किसान कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, फिर भी उन्हें अक्सर अनदेखा और कम सेवा दी जाती है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, विकासशील देशों में महिलाओं की कृषि श्रम शक्ति का 43 प्रतिशत हिस्सा है, और कुछ क्षेत्रों में 80 प्रतिशत तक है। हालांकि, उनके पास अक्सर भूमि, वित्त और सूचना जैसे संसाधनों तक पहुंच नहीं होती है जो उनकी उत्पादकता और लचीलेपन के लिए आवश्यक हैं। यह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए विशेष रूप से सच है, जिन्हें लिंग मानदंडों और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों से संबंधित अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

जलवायु-सूचित कृषि को बढ़ावा देने के लिए महिला किसानों को शामिल करना और उनकी विशिष्ट जरूरतों और चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है। जलवायु-स्मार्ट कृषि अनुकूलन और शमन उपायों को जोड़ती है। इसके अलावा, यह कृषि उत्पादकता बढ़ाने, कृषि को लचीला बनाने और जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान देने जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक समाधान के रूप में उभरा है। इसलिए, जलवायु-सूचित कृषि के प्रति



महिलाओं को प्रशिक्षित करते समय हमें कुछ उपायों को ध्यान में रखना चाहिए जो इस प्रकार हैं। जलवायु सूचना और सलाहकार सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना- महिला किसानों को अक्सर मौसम के पूर्वानुमान, पूर्व चेतावनी प्रणाली और अन्य जलवायु जानकारी तक पहुंच की कमी होती है जो निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण होती है। अनुकूल जलवायु सेवाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करके, महिलाएं अपने खेतों की बेहतर योजना और प्रबंधन कर सकती हैं, चरम मौसम की घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम कर सकती हैं और अपनी उपज में सुधार कर सकती हैं। लिंग-संवेदनशील तकनीकों और प्रथाओं को बढ़ावा देना- महिला किसानों की पुरुषों की तुलना में अलग ज़रूरतें और प्राथमिकताएँ हो सकती हैं और उन्हें नई तकनीकों और प्रथाओं को अपनाने में अद्वितीय बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। कम लागत वाली सिंचाई प्रणाली या प्रबंधन में आसान उन्नत बीज किस्मों जैसी लैंगिक-संवेदनशील प्रौद्योगिकियों और प्रथाओं को डिजाइन करके, महिला किसान अपनी उत्पादकता और लचीलेपन में सुधार कर सकती हैं।

वित्त और बाजारों तक पहुंच बढ़ाना- महिला किसानों की अक्सर ऋण और बाजारों तक पहुंच नहीं होती है, जो उनके खेतों में निवेश करने और अच्छी आय अर्जित करने की उनकी क्षमता को सीमित कर सकती है। माइक्रोफाइनेंस ऋण या मूल्य श्रृंखलाओं तक पहुंच जैसी वित्तीय और बाजार सहायता प्रदान करके, महिला किसान अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकती हैं और स्थायी कृषि में योगदान कर सकती हैं। हालांकि, व्यवसाय विकास सेवाएँ, जैसे व्यवसाय प्रबंधन प्रशिक्षण, नेटवर्क, सलाह के अवसर और बाज़ार की जानकारी, साथ ही वित्तीय सेवाएँ, महिला उद्यमियों की सफलता की कुंजी हैं। हालांकि इनमें से कई सेवाएं लैंगिक रूप से तटस्थ हैं, या महिला उद्यमियों की विशिष्ट जरूरतों और वास्तविकताओं को पूरा नहीं करती हैं। कई गैर-सरकारी संगठन और सामाजिक संगठन महिला किसानों की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें इनपुट प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। लैंगिक मानदंडों और रूढ़िवादिता को संबोधित करें। लैंगिक मानदंड और रूढ़िवादिता कृषि में महिलाओं की भागीदारी को सीमित कर सकती है और संसाधनों और निर्णय लेने की शक्ति तक उनकी पहुंच को बाधित कर सकती है। लैंगिक समानता और चुनौतीपूर्ण लैंगिक रूढ़ियों को बढ़ावा देकर, महिला किसान कृषि नीतियों और प्रथाओं में अधिक आवाज उठा सकती हैं और अधिक लचीली और टिकाऊ कृषि में योगदान कर सकती हैं। दरअसल, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने और सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जलवायु-सूचित कृषि आवश्यक है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, महिला किसानों को शामिल करना और उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं और चुनौतियों का समाधान करना महत्वपूर्ण है। महिला किसानों को सशक्त बनाकर, हम टिकाऊ और लचीली कृषि को बढ़ावा दे सकते हैं, और अधिक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण समाज में योगदान दे सकते हैं।

## आप की बात

### एआई पर विवाद

**पिछले दिनों** एलोन मस्क सहित टेक से जुड़े हज़ारों विशेषज्ञों ने इस प्रकार के एआई सिस्टम यानी आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस-एआई को निलंबित करने का आह्वान किया था क्योंकि उन्हें विकसित करने की दौड़ नियंत्रण से बाहर होने की आशंका उन महानुभावों ने जताई थी। लगता इस आशंका को कुछ हद तक सही मानते हुए इटली के डेटा संरक्षण प्राधिकरण ने उन्नत चैटबॉट चैटजीपीटी पर आपत्ति की और इस प्रकार इसे ब्लॉक करने वाला वह पहला पश्चिमी देश बन गया है। एआई के संभावित जोखिमों पर चिंताएं रही हैं, जिसमें नौकरियों के लिए तो भारी खतरा है ही और गलत हाथों में पड़ने से साइबर क्राइम में भारी वृद्धि होने की संभावना है। इस बारे में गंभीर चिंताएं बढ़ रही हैं कि चैटजीपीटी और इसी तरह के चैटबॉट लोगों को कैसे धोखा दे सकते हैं और हेरफेर कर सकते हैं। इन एआई सिस्टमों को अधिक से अधिक सार्वजनिक जांच की आवश्यकता है। और सरकारी अधिकारियों को उन पर फिर से नियंत्रण करने के रास्ते निकालने चाहिए। दुनिया के अन्य देशों को भी सामने आकर इस दिशा में समुचित प्रयास करने चाहिए क्योंकि किसी तकनीक पर पूर्ण प्रतिबंध लगभग असंभव है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### परेशान पाकिस्तान

**पाकिस्तान** जिद करता रहा है कि दोनों कश्मीर में संयुक्त राष्ट्रसंघ के तहत रायशुमारी करवाई जाए कि कौन सा हिस्सा किसके साथ जाना चाहता है। हमारा कश्मीर यानी श्रीनगर वाला हिस्सा तो भारत सरकार के साथ अभिन्न अंग के रूप में जुड़ा हुआ है। दूसरी ओर पाक-अधिकृत कश्मीर पाकिस्तानी सेना के जुल्मो-सितम से नाराज व परेशान होकर पाकिस्तान के साथ नहीं रहना चाहता है। वहां के अनेक लोग बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह अपील कर रहे हैं कि हमें भी अब शीघ्र ही हिंदुस्तानी कश्मीर के साथ शामिल करें। न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि बलूचिस्तान एवं सिंध प्रांत वाले पाकिस्तानी हिस्से भी आज पाकिस्तान से अलग होना चाहते हैं। इसका एक बड़ा कारण पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था की बदहाली है। पाकिस्तानी मीडिया उन रोते-चिल्लाते लोगों की छवियों से भरा पड़ा है जो रमजान के महीने में दिन भर रोजा रखने के बाद शाम को इफ्तारी का इंतजाम भी नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान की बदहाली से उबरने में भारत उसकी मदद कर सकता है, लेकिन इसके लिए उसे भारत-दुश्मनी व आतंकवादियों का पालन-पोषण बंद करना होगा।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### धार्मिक जुलूसों पर हमले

**गत वर्ष** रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान 6 राज्यों में, हनुमान जयंती पर 10 राज्यों में और नवरात्रि में भी कुछ राज्यों में धार्मिक जुलूसों पर हमले हुए। इस वर्ष भी रामनवमी पर पुनः 6 राज्यों में धार्मिक उत्सव के दौरान हुई हिंसक वारदातों में कई लोग घायल हुए और मौतें भी हुई है। उल्लेखनीय है कि समाज को बांटने वाली इन हिंसक वारदातों में कुछ वर्षों से न केवल इजाफा हो रहा है, बल्कि जनता के बीच सांप्रदायिक सद्भाव में कमी हो रही है। यह देश और समाज के लिए कोई शुभ लक्षण नहीं है। इससे आम जनता और शासन-प्रशासन भी तनाव में रहता है। आवश्यकता है निरंकुश व उपद्रवी तथा अलगाववादी तत्वों की धरपकड़ के साथ उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई तथा सजा दिलाने की प्रक्रिया तेज की जाए ताकि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे और धर्मालु जन पर्वों का आनंद उठा सकें। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि अनेक मामलों में दंगाई बाहर से आते हैं, जबकि स्थानीय जनता में सहयोग व प्रेम की भावना बनी रहती है। ऐसे तत्वों पर लगाम लगाना निश्चित रूप से पुलिस, खुफिया विभाग व प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**बी एल शर्मा,** उज्जैन

### समानता का अधिकार

**संविधान** में चाहे लाख समानता के अधिकार कि बात कहीं गई हे!मगर प्रतिदिन यह साबित होता रहता हे कि रसूख वालों/नेताओं/दबंगों व आम नागरिकों में जमीन आसमान का भेदभाव होता है! भारतीय जेलों में जहां कैदियों को भेड-बकरियों कि तरह ठूंसकर भरा जाता हे!वही उनसे जानवरों जैसा सलूक भी किया जाता हे!रसूख वालों/नेताओं/दबंगों को हर तरह कि सुविधाएं लुके छुपे मिल जाती हैं! वहीं आम कैदियों को खाने से लेकर पग पग पर असुविधाओं ओर यातनाओं को सहना पड़ता हे! भारतीय जेलो कि कैदियों को रखने कि क्षमता ओर कैदियों कि क्षमता देखने पर स्पष्ट हो जाता हे कि क्षमता से कई गुना ज्यादा कैदियों को इनमें रखा जाता हे!एक तो हामारी न्याय-व्वस्था इतनी धीमी तीस पर जेल कि बदतर स्थिति। जेलो में भी दबंगों का सामराज्य! आम कैदी को आत्म हत्या तक कराने पर मजबूर कर देता है। वही कैदियों के परिजनों को मुलाकात कराने, पैरोंल पर रिहा करवाने के लिए भारी रिश्वत भी देना पड़ती है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# गांवों को सुंदर व स्वच्छ बनाने की 25 हजार ग्राम प्रधानों को दी जाएगी ट्रेनिंग

- प्रदेश भर में बनाए जाएंगे 21 ट्रेनिंग सेंटर प्रत्येक पर छह मास्टर ट्रेनर होंगे तैनात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के गांवों को स्वच्छ, सुंदर बनाने के लिए योगी सरकार अब ग्राम प्रधानों, खंड प्रेरक, पंचायत सहायक और सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग देगी। इसके लिए प्रदेश भर में 21 ट्रेनिंग सेंटर बनाए जाएंगे, जहां अलग-अलग सत्रों में कुल 83 हजार लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी गांवों में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन को लेकर उचित कदम उठाने और इसके लिए ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देने की तैयारी है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वितीय चरण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश के 25 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। हाल ही में ट्रेनिंग देने वाले मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का कार्य पूरा किया गया है।

### 43242 राजस्व गांवों के लिए लक्ष्य निर्धारित

**अपर** मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के दूसरे चरण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 25145 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके अन्तर्गत 43242 राजस्व गांवों को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन गांवों में प्रथम चरण में प्राप्त उपलब्धियों को आगे भी बनाये रखने के साथ ही ठोस एवं तरल कचरे के प्रबन्धन के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे। इसी क्रम में ग्राम प्रधान, खण्ड प्रेरक एवं पंचायत सहायक आदि लगभग 83000 लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जो वास्तविक रूप से गांवों में काम करेंगें। इन 83000 लोगों का प्रशिक्षण लखनऊ स्थित प्रिट कार्यालय के अलावा 20 जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर कराया जाना है।

### 126 मास्टर ट्रेनर करेंगे प्रशिक्षित

**उन्होंने** बताया कि ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं प्रेरकों आदि को ट्रेनिंग देने के लिए हर प्रशिक्षण केन्द्र पर 6 मास्टर ट्रेनर तैनात किये गये हैं। पूरे प्रदेश के लिए कुल 126 मास्टर ट्रेनर्स तैनात किये गये हैं। हाल ही में पंचायती राज निदेशालय में इन सभी मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया है। अधिकारी के अनुसार ओडीएफ प्लस मॉडल के लिए बीते वित्तीय वर्ष 2022-23 से इस बार लगभग सात गुना से अधिक गांवों को लक्षित किया गया है। इन गांवों में मुख्य रूप से ठोस और तरल कचरे का प्रबन्धनए प्लास्टिक वेस्ट का प्रबन्धन, फीकल स्लज का प्रबन्धन, गोवर्धन परियोजना के अन्तर्गत बायो गैस यूनिट का निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण जैसी गतिविधयां संचालित की जानी हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत रणनीति बनाकर इसपर कार्य करेंगी, जिससे तय समय में हम लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।



पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर मंगलवार को विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में संचालित शिक्षा भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते सीएम योगी

## मनोनीत विधान परिषद सदस्यों को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्ययमंत्री योगी आदियत्यनाथ एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों ने यूपी विधान परिषद के मनोनीत सदस्यों को शुभकामनांए दी है। मुख्ययमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रजनीकांत महेश्वरी, साकेत मिश्रा, लाल जी निर्मल, तारिक मंसूर, राम सूरत राजभर एवं हंसराज विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश विधान परिषद का सदस्य मनोनीत होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य मनोनीत सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विधान परिषद के लिए मनोनीत सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं कार्यकुशलता के साथ निर्वहन करते हुए गरीब कल्याण व अंत्योदय के समर्पण भाव से उत्तर प्रदेश के समग्र विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही उपमुख्ययमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनोनीत विधान परिषद सदस्यों को बधाई दी है।

## बाढ़ परियोजनाओं को 30 मई तक हर हाल में पूरा करें: स्वतंत्रदेव सिंह

- जलशक्ति मंत्री ने की बाढ़ कार्यों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी नवीन बाढ़ परियोजनाओं को 30 मई 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाए। निर्माणाधीन नवीन परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने से क्षेत्रीय जनमानस को बाढ़ से बचाव हो सकेगा। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय स्थित सभागार में बाढ़ कार्यों की समीक्षा बैठक कर विगत दिनों बाढ़ नियंत्रण परिषद की 55वीं स्थाई संचालन समिति द्वारा अनुमोदित 259 नवीन बाढ़ परियोजनाओं की समीक्षा के अवसर पर दिया। जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ परियोजनाओं के गुणवत्तापरक कार्य एवं सतत अनुश्रवण हेतु क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं एवं अधिशासी अभियंताओ को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिया कि 5 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं के अनुश्रवण के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रत्येक परियोजना पर जूनियर इंजीनियर और असिस्टेंट इंजीनियर की ड्यूटी लगाई जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अनिल कुमार, प्रमुख अभियंता परिकल्प एवं नियोजन आलोक कुमार जैन, प्रमुख अभियंता परियोजना अखिलेश कुमार एवं मुख्य अभियंता बाढ़ केबी लाल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रदेश में 11373 टीबी मरीजों की पहचान

- हर माह की 15 तारीख को मनाया जाता है एकीकृत निक्षय दिवस, अब तक हो चुके हैं चार आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**टीबी** मरीजों की शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाता है। दिसम्बर 2022 से शुरू हुई इस पहल के तहत चार आयोजनों और सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के माध्यम से प्रदेश में अब तक 11373 टीबी मरीजों की पहचान की गयी है। इनमें पहले निक्षय दिवस पर 911, दूसरे पर 857, तीसरे पर 844 और चौथे पर 761 टीबी मरीजों की पहचान हुई है। जबकि गत 20 फरवरी से पांच मार्च तक प्रदेश में चलाये गए सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान भी आठ हजार से अधिक टीबी मरीज खोजे गए हैं। राज्य क्षय रोग अधिकारी डा. शैलेन्द्र भटनागर का कहना है कि गत 15 दिसम्बर 2022 को पहले निक्षय दिवस पर ओपीडी में आये कुल 2,80,187 मरीजों में से 12 प्रतिशत यानि 32,619 संभावित क्षय रोगी की स्क्रीनिंग हुई। इनमें से 23,096 लोगों के बलगम जांच को भेजे गए, जिसमें से 17,322 के बलगम की जांच हुई। बलगम जांच में 700 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई जबकि एक्सरे जांच में 211 पाजिटिव पाए गए। इसी तरह जनवरी 2023 के दूसरे एकीकृत निक्षय दिवस पर ओपीडी में आये करीब 2.60 लाख मरीजों में से करीब 26 हजार संभावित क्षय रोगी की स्क्रीनिंग हुई। इनमें से करीब 16 हजार लोगों के बलगम जांच को भेजे गए जिसमें से 11,775 के बलगम की जांच की गयी।

बलगम जांच में 589 लोगों में क्षय रोग की पुष्टि हुई जबकि एक्स.रे जांच में 268 पाजिटिव पाए गए। फरवरी 2023 के तीसरे एकीकृत निक्षय दिवस पर ओपीडी में आये करीब 2.36 लाख मरीजों में से करीब 23 हजार संभावित क्षय रोगी की स्क्रीनिंग हुई। इनमें से करीब 16 हजार लोगों के बलगम जांच को भेजे गए जिसमें से 12834 के बलगम की जांच की गयी। बलगम जांच में 634 लोगों में क्षय रोग की पुष्टि हुई जबकि एक्सरे जांच में 210 पाजिटिव पाए गए। इस तरह कुल 844 टीबी मरीज एक दिन में खोजे गए। इसी तरह मार्च 2023 के चौथे निक्षय दिवस पर ओपीडी में आये करीब 2.31 लाख मरीजों में से करीब 20 हजार संभावित क्षय रोगी की स्क्रीनिंग हुई। इनमें से करीब 14 हजार लोगों के बलगम जांच को भेजे गए जिसमें से 11,575 के बलगम की जाच की गयी। बलगम जांच में 544 लोगों में क्षय रोग की पुष्टि हुई जबकि एक्स.रे जांच में 217 पाजिटिव पाए गए। डा. भटनागर का कहना है कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए जरूरी है कि जांच का दायरा बढ़ाया जाए और जिनमें टीबी की पुष्टि होती है उनका इलाज जल्दी शुरू किया जाए।

## 'पीएम-अजय' के तहत 2521 सूबे के ग्रामों की वीडीपी तैयार

- योजना के अंतर्गत योगी सरकार ने 717 ग्रामों को आदर्श ग्राम घोषित किया
- प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 6171 ग्रामों को किया गया चिन्हित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में योगी सरकार की योजनाओं का लाभ हर तबके तक पहुंच रहा है। जो योजनाएं किसी विशेष वर्ग के उन्मूलन के लिए शुरू की गई हैं, उन्हें उनका पूरा लाभ मिल रहा है। इस क्रम में पीएम अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना 'पीएम-अजय' का क्रियान्वयन भी उत्तर प्रदेश में तेजी से प्रगति कर रहा है। 15 मार्च 2023 तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश सरकार ने सभी 75 जनपदों में चिन्हित 6171 ग्रामों में 2521 ग्रामों की ड्राफ्ट विकास योजना (वीडीपी) तैयार करा ली है। 1ए132 ग्रामों की वीडीपी को जिला अभिसरण समिति से अनुमोदित करा लिया गया है। साथ ही 717 ग्रामों को आदर्श ग्राम भी घोषित किया जा चुका है। यही नहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 मे योजना के अंतर्गत 6108.17 लाख की 6 परियोजनाएं भी प्रस्तावित की गई हैं।

उल्लेखनीय है कि पीएम-अजय के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य गांवों में बसने वाली पिछड़ी जातियों का उन्मूलन करना हैए जिसमें योगी सरकार कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रही है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना पीएम.अजय का महत्वपूर्ण घटक है। इसके क्रियान्वयन के लिए योगी सरकार ने समाज कल्याण विभाग को नोडल विभाग तथा प्रदेश स्तर पर प्रबन्ध निदेशक, अनुगम को नोडल एजेंसी नामित किया है। आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले ग्रामों को वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर चिन्हित करते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 तक प्रदेश के 6171 ग्राम तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 4213 (नवचयनित) ग्राम, कुल 10384 ग्रामों का चिन्हीकरण किया गया है। चिन्हित ग्रामों में निर्धारित मानिट्रेबल इंडिकेटर के अनुसार ग्रामों की आवश्यकताओं (अव सरंचनात्मक कार्यों एवं लाभार्थीपरक कार्यों) के सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कराते हुए ग्राम विकास योजना (वीडीपी) तैयार कराई जानी है। अवसरंचनात्मक कार्यों के लिए 20 लाख की धनराशि प्रति ग्राम उपलब्ध कराई जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में चिन्हित 6171 ग्रामों में 2521 ग्रामों की ड्राफ्ट वीडीपी तैयार हो गई हैए जिसमें से 1132 ग्रामों की वीडीपी का जिला अभिसरण समिति से अनुमोदन भी हो चुका है। 717 ग्रामों को आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है। मुख्य सचिव डीएस मिश्रा ने बाकी बचीं 1389 वीडीपी पर तत्काल बैठक बुलाकर अनुमोदन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं। पीएम-अजय के एक अन्य घटक यानी ग्रांट इन एड (सहायता अनुदान) के अंतर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को उद्यमिता विकास के माध्यम से विभिन्न उपयोगी परियोजनाओं की स्थापना की जानी है। इसमें अनुसूचित जाति के व्यक्तियों का क्लस्टर-समूहों का चयन किया जाता है। क्लस्टर-समूह द्वारा प्रस्तुत परियोजना के सफल संचालन के लिये उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 मे योजना के तहत 6108.17 लाख की 6 परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। मुख्य सचिव ने इसके अंतर्गत सभी जिलों के जिलाधिकारियों को अनुसूचित जाति के परिवारों की अभिरूचि एवं क्षेत्रीय आवश्यकता के आधार पर परियोजनाएं तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा डेवलपमेंट एक्शन प्लान ऑफशिड्यूल्ड कास्ट (डीएपीएससी) योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 1336 चयनित प्रधानमंत्री आदर्श ग्रामो में डॉ' अम्बेडकर उत्सव धाम परियोजना के अन्तर्गत सामुदायिक भवनों का निर्माण कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

## मार्च 2024 तक यूपी रोडवेज की फ्लीट में जुड़ जाएंगी 2.5 हजार नई बसें



**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार जनमानस की यात्रा को और सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए नित नए प्रयास कर रही है। इसी क्रम में योगी सरकार राज्य सड़क परिवहन निगम की 2817 खस्ता बसों को अप्रैल-23 से माह मार्च-24 के बीच नीलाम करने जा रही है, जबकि इसी समयावधि में 2494 नई बसों को फ्लीट में जोड़े जाने की भी योजना प्रस्तावित है। यानी कि खस्ता हाल बसों को फ्लीट से हटाने के बावजूद यूपी रोडवेज की बसों की संख्या में कमी नहीं होगीए बल्कि नई बसों में यात्री और अधिक सुविधा के साथ सफर कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा माह सितंबर 2022 से अभी तक 1500 बसें नीलामी के लिए बस बेड़े से अलग की जा चुकी हैं तथा प्रतिमाह 250 बस सेट अपार्ट करने का भी लक्ष्य है। इससे फ्लीट की वर्तमान औसत आयु 7.62 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष से भी कम की जा सके तथा अच्छी बसों को यात्रियों की सुविधा हेतु उपलब्ध कराया जा सके। वर्ष 2023 में लगभग 3000 नई बसें फ्लीट मे जोड़ने की योजना है तथा अगले वर्ष 2000 नई बसें क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इसके सापेक्ष लगभग 500 नई बसें फ्लीट में आ भी चुकी हैं।

## भाजपा को नगर निकाय चुनाव में हराएगी जनता: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि नगर निकाय चुनाव में जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, कूड़े के ढेर, गंदगी, बढ़े हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और बिजली के बढ़े दामों के खिलाफ वोट देकर भाजपा को हराएगी। जनता शहरों में भाजपा की अव्यवस्था से त्रस्त है। सफाई व्यवस्था न होने से शहरी क्षेत्रों में डेंगू, टाईफाईड समेत तमाम बीमारियों से आम जनता परेशान रही है। इन तमाम दिक्कतों के लिए भाजपा जिम्मेदार है। भाजपा ने स्मार्ट सिटी के नाम पर नगरों की जनता को धोखा दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि निकाय चुनाव में जनता भाजपा से इन सबका हिसाब लेगी। भाजपा सरकार को महंगाई और जनता को हो रही परेशानियों का जवाब देना होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा दलितों, पिछड़ों के हक और आरक्षण को छीन रही है। बहुजन समाज को अपमानित कर रही है। इस बार बहुजन समाज को भरोसा है कि समाजवादी सबको जोड़कर भाजपा का मुकाबला करेगी और भाजपा को करारी शिकस्त देगी। लोकतंत्र, बाबा साहब के संविधान को बचाने और अपने हक, सम्मान, अधिकार के लिए बहुजन समाज समाजवादी पार्टी के साथ एकजुट हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का लक्ष्य लोकतंत्र विरोधी भाजपा को हराना है। अन्य दल तय करें कि उन्हें क्या करना है। भाजपा देश की अर्थव्यवस्था को डुबो रही है। समाज को तोड़ रही है। अर्थव्यवस्था डूब जाएगी तो नौजवानों को काम और नौकरी कैसे मिलेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों से गेहूं सस्ता खरीदा गया जबकि लोगों को आटा महंगा मिल रहा है। सरसों का तेल, दूध, गैस, सिलेण्डर सब कुछ महंगा हो गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन के क्षेत्र में घोर अव्यवस्था है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झलकारी बाई को दी गई श्रदांजलि

- सपा अध्यक्ष ने कहा जनता को झूठ परोस रही वर्तमान सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झलकारी बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अखिलेश यादव ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की विश्वस्त सेनानी झलकारी बाई की भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम1857 में प्रमुख भूमिका थी। वे झांसी की नियमित सेना की महिला शाखा दुर्गा दल की सेनापति थी। रानी झांसी की हमशक्ल होने से वे उनके ही वेश में अंग्रेजों से युद्ध करती थी। झलकारी बाई के अंग्रेजों द्वारा पकड़े जाने पर ही रानी झांसी को किले से निकलने का मौका मिला था। झलकारी बाई की वीरगाथा बुंदेली लोकगीतों में भी गाई जाती है।

अखिलेश यादव ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान सरकार जनता को झूठ परोस रही है। समाज का हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। समाज को तोड़ने और बांटने का काम हो रहा है। समाजवादी पार्टी हमेशा अन्याय के खिलाफसंघर्ष करती रही है। इस अवसर पर नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद, पूर्णमासी देहाती पूर्व विधायक, अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, एस के राय, अशोक देव, अनूप बारी, अमृत राजपाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## सीएम योगी के प्रयासों से एक्सपोर्ट प्रदेश में बदल रहा यूपी

- 43 सेंटर ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस में यूपी के 12 शहरों को किया गया शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### प्रदेश का एक्सपोर्ट 89 हजार करोड़ से बढ़कर 1.57 लाख करोड़ तक पहुंचा



**उत्तर** प्रदेश अब एक्सपोर्ट प्रदेश में बदल रहा है। बीते 6 वर्ष में सीएम योगी के प्रयासों की बदौलत यूपी को लैंड लॉक प्रदेश होने के बावजूद एक्सपोर्ट के क्षेत्र में पहचान मिलने लगी है। इन 6 वर्षों में राज्य का एक्सपोर्ट 88967 करोड़ से बढ़कर 1.57 लाख करोड़ पहुंच गया है। पीएम मोदी की मंशा के अनुरूप सीएम योगी प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अलावा यूपी में बने प्रोडक्ट्स के एक्सपोर्ट पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। इसके लिए ड्राई पोर्ट्स की स्थापना हो या फि र वाराणसी से हल्दिया के बीच जल मार्ग की शुरुआत, इन सभी के माध्यम से प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निवेश कर रहे उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर्स के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोल दिए हैं। यूपी के इन प्रयासों को केंद्र सरकार से प्रोत्साहन मिला है। केंद्र सरकार ने यूपी के इस पोटेंशियल को पहचानते हुए 43 सेंटर ऑफएक्सपोर्ट एक्सीलेंस में यूपी के भी 12 शहरों को चुना है।

सीएम योगी ने पीएम मोदी के देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के संकल्प के अनुरूप प्रदेश को देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सीएम योगी ने प्रदेश को 5 वर्षों में वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए पूरे तंत्र को काम पर लगा रखा है। प्रदेश के उद्यमियों, निवेशकों और आंत्रप्रेन्योर्स को तमाम तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। 25 सेक्टर में नई नीतियों के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा देने की योजना चलाई जा रही है। यूपीजीआईएस के माध्यम से मिले 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है। इन सभी चीजों ने प्रदेश के एक्सपोर्ट को बूस्ट.अप दिया है। इसकी बदौलत पहली बार प्रदेश का एक्सपोर्ट एक लाख करोड़ के पार पहुंचा है। 1.57 लाख करोड़ के एक्सपोर्ट को जल्द से जल्द 2 लाख करोड़ तक पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने यूपी वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक नीति 2022 के माध्यम से ड्राई पोर्ट्स की अवधारणा को पेश किया है। इसमें कई उद्यमी निवेश कर रहे हैं। दरअसल उत्तर प्रदेश विभिन्न निर्यात क्लस्टरों से युक्त होने के साथ ही भूमि से घिरा हुआ राज्य है। ऐसे में समुद्री बंदरगाहों को निर्यात कार्गो के सुविधाजनक परिवहन के लिए प्रदेश में ड्राई पोर्ट्स के विकास पर जोर दिया जा रहा है। दरअसल ड्राई पोर्ट्स के तहत एक इनलैंड पोर्ट बना दिए जाते हैं जहां एक्सपोर्टर और इंपोर्टर के बीच की कस्टम फॉर्मेलिटीज पूरी हो जाती हैं। इसके बाद यहां से कंटेनर्स को पोर्ट पर भेज दिया जाता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही एक्सपोर्टर्स की सुविधा के लिए यह ड्राई पोर्ट्स बहुत महत्वपूर्ण हैं इसीलिए यूपी में बहुत सारे ड्राई पोर्ट्स का निर्माण हो रहा है। अभी संचालित हो रहे ड्राई पोर्ट्स की बात करें तो मुरादाबाद रेल लिंक्ड संयुक्त घरेलू एवं एक्जिम टर्मिनलएरेल लिंक्ड प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल और कानपुर में इनलैंड कंटेनर डिपो (आईसीडी), दादरी टर्मिनल में आईसीडी कार्यरत है। दादरी में एक मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) एवं बोराकी ग्रेटर नोएडा में मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) भी विकसित किए जा रहे हैं। वाराणसी में 100 एकड़ क्षेत्र में भारत का प्रथम 'फ्रेट विलेज' विकसित किया जा रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के निर्यात केंद्रों को पूर्वी भारत के बंदरगाहों से जोड़ने वाला यह गांव इनबाउंड एवं आउटबाउंड कार्गो के लिए ट्रांस. शिपमेंट हब के रूप में कार्य करेगा। यही नहीं एक्सपोर्ट के क्षेत्र में यूपी को प्रोत्साहित करने के लिए बीते दिनों पीएम मोदी ने वाराणसी से हल्दिया जल मार्ग को भी ग्रीन सिग्नल दिया था। हल्दिया मल्टीमॉडल टर्मिनल को वाराणसी से जोड़ता है और भारत बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और पूर्वोत्तर से भी जुड़ा हुआ है। यह कोलकाता बंदरगाह और बांग्लादेश को भी जोड़ता है। इससे उत्तर प्रदेशए बिहारएझारखंड और पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश तक व्यापार करने में आसानी होगी। वाराणसी इसके केंद्र में होगा जिससे यूपी के एक्सपोर्ट को पंख लगेंगे। यही नहीं प्रयागराज को भी इस जल मार्ग से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। मोदी सरकार ने देश में नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी का ऐलान किया है। इसका मकसद देश में निर्यात को बढ़ाना है। सरकार का लक्ष्य है कि इसकी मदद से देश में निर्यात को बढ़ाकर साल 2030 तक दो ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाया जा सके। इससे देश का निर्यात तो बढ़ेगा ही इसके साथ ही वाराणसी, मुरादाबाद और मिर्जापुर जैसे शहरों की तस्वीर भी बदल जाएगी। दरअसल नई फ रॅन ट्रेड पॉलिसी में चार नए शहरों में से तीन यूपी से हैं। मिर्जापुर को हाथों से बने कारपेट, मुरादाबाद को कारपेट और वाराणसी को हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में विशेषताओं के लिए यह उपलब्धि मिली है। इस लिस्ट में यूपी के अन्य 9 शहरों में केखरा (हैंडलूम के लिए), मलिहाबाद (हॉर्टीकल्चर के लिए), कानपुर (लेदर प्रोडक्ट्स के लिए), आगरा (लेदर प्रोडक्ट्स के लिए), फि रोजाबाद (चूड़ियों.ग्लास आइटम के लिए) सहारनपुर (हैंडीक्रॉफ्ट के लिए, भदोही (कालीन के लिए) और नोएडा (अपैरल प्रोडक्ट्स के लिए) पहले से ही शामिल हैं। इस लिस्ट में शामिल होने का मतलब है कि इन शहरों के पास निर्यात प्रोत्साहन निधि तक प्राथमिकता पहुंच होगी और ये सभी शहर ईपीसीजी योजना के तहत निर्यात की पूर्ति के लिए सामान्य सेवा प्रदाता लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

## लखनऊ में कोरोना के 15 नए केस मिले

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना के आंकड़ो में बढ़ोत्तरी का असर राजधानी लखनऊ में देखने को मिल रहा है। मंगलवार को लखनऊ में कोरोना के 15 नये मरीज सामने आये हैं। इनमें अलीगंज में 4 पुरूष, 2 महिला, चिनहट में 1 महिला, 1 पुरूष, सरोजनीनगर में 2 महिला, 1 पुरूष, सिल्वर जुबली में 1 महिला, 1 पुरूष एवं टूडियागंज में 2 पुरूष कोविड धनात्मक रोगी पाए गए हैं। वहीं आज 6 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में कोविड एक्टिव केसों की संख्या 70 है।

# अभद्रता को लेकर अधिवक्ताओं ने काटा हंगामा

संवाददाता। सीतापुर

- खुद को भाजपा का नेता बताने वाले के वायरल वीडियो का मामला गर्माया
- 1 अप्रैल को जिला अस्पताल में एंबुलेंस के आगे गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुआ था विवाद
- शुक्रवार तक नो वर्क का किया गया ऐलान

**अपने** को मिश्रिख ब्लाक प्रमुख और भाजपा नेता रामकिंकर पांडेय का बड़ा भाई बताकर एक हृदय रोगी अधिवक्ता के परिजनों के साथ अभद्रता करने और उन्हें धमकाने का वायरल हुआ वीडियो तूल पकड़ गया है। मामला अधिवक्ता का होने के चलते बार एसोसिएशन मैदान में आ गई है। भड़के अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कोतवाली का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद कथित भाजपा नेता पर केस दर्ज हो गया है। पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। उधर बार एसोसिएशन ने पुलिस को शुक्रवार तक की मोहलत देते हुए तब तक कार्यविरत रहने का ऐलान कर दिया है। अब बार एसोसिएशन शुक्रवार को समीक्षा बैठक कर जैसे हालात होंगे वैसी कार्रवाई के लिए कदम बढ़ाएगी। बताते चलें कि सीतापुर जिला बार के अधिवक्ता सुरेश चंद्र राठौर को दिल का दौरा पड़ने के बाद उनके परिजन एक अप्रैल को लेकर जिला अस्पताल आए थे। हालत नाजुक देख यहां से उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था। परिजनों ने आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर बीमार अधिवक्ता को लखनऊ ले जाना चाहा तो देखा कि उनकी एंबुलेंस के ठीक आगे एक कार खड़ी हुई थी। लखनऊ ले जाने में देर हो जाने के कारण अधिवक्ता की मृत्यु हो गई थी। परिजनों के मुताबिक जब उन्होंने स्थिति की गंभीर को देखते हुए अपने को भाजपा नेता बताने वाले उमेश मिश्रा से कार हटाने के लिए कहा तो वह धमकी और गालीगलोज पर उतर आया। वीडियो में साफहै कि एक व्यक्ति दबंगई दिखाते हुए न केवल पीड़ित अधिवक्ता के परिजनों संग अभद्रता कर रहा है, बल्कि खुद को भाजपा नेता और मिश्रिख ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडेय का भाई होना बता रहा है। बताते हैं कि जिला अस्पताल परिसर में उक्त दबंग कार मालिक द्वारा अधिवक्ता के परिजनों को धमकाने का वीडियो वायरल हो रहा था। उधर दिवंगत अधिवक्ता के साले जयकिशन राठौर व अन्य परिवारीजनों ने कुल मामले को लेकर सीतापुर बार एसोसिएशन में प्रार्थना पत्र देकर उचित कार्रवाई और जान माल की सुरक्षा किए जाने की मांग रखी थी। मंगलवार को बार एसोसिएशन की आपात बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता उपाध्यक्ष सपना त्रिपाठी और संचालन महासचिव बुद्धिप्रकाश मिश्रा ने किया। इस बैठक में दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों के साथ खुद को भाजपा नेता बताने वाले दबंग द्वारा की गई, अभद्रता को गंभीरता से लेते हुए इस मसले पर कड़े रूख का निर्णय लिया गया। इसके बाद पूर्व बार अध्यक्ष हरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में तमाम अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए शहर कोतवाली पहुंचे और बाहर जमीन पर बैठकर धरना दिया। इसके बाद दिवंगत अधिवक्ता के साले जयकिशन राठौर की तहरीर पर उमेश मिश्रा के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल टीपी सिंह ने आक्रोशित अधिवक्ताओं को आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिए जाने का भरोसा दिया है।

## सिविल बार मे राकेश प्रताप पांडे और कमल गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित

**मोहम्मदी-खीरी।** सिविल बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट मोहम्मदी की प्रबंधकारिणी चुनावों में आज नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेंद्र नाथ गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष पद पर राकेश प्रताप पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश अर्कवंशी, उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह, महामंत्री पद पर कमल गुप्ता, संयुक्त मंत्री पद पर रवि शुक्ला, संगठन मंत्री पद पर अमित कुमार गवर्निंग काउंसिल सीनियर के 6 पदों के सापेक्ष सिर्फ एक नामांकन अरविंद कुमार पांडे ने किया है। वहीं गवर्निंग काउंसिल जूनियर के 6 पदों के सापेक्ष सिर्फ सुखविंदर भार्गव ने नामांकन किया है। कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव की स्थिति बनती नजर आ रही है जहां राकेश मिश्रा और कृष्ण कुमार सिंह ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए चुनाव अधिकारी ने बताया कि आज नामांकन पत्रों की जांच का कार्य भी पूरा हो गया है कल 5 अप्रैल को नाम वापसी का कार्य होगा।

# सीतापुर की होनहार बेटी ने किया कमाल

संवाददाता। सीतापुर

- देश के दो मिलिट्री स्कूलों में हुआ खुशबू रानी अंसारी का चयन
- ओबीसी वर्ग में खुशबू ने यूपी में पाया पहला स्थान
- खुशबू ने संजोया है आर्मी अफसर बनने का सपना

**आमतौर** पर बेटियों का सपना डाक्टर, इंजीनियर या आईएएस बनने का होता है लेकिन हम आपको सीतापुर की एक ऐसी होनहार बेटी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो फौज में जाने का सपना आंखों में संजोए हुए हैं। खैराबाद कस्बे के मोहल्ला अर्जुनपुर के निवासी परिषदीय विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद इकबाल अंसारी की बेटी खुशबू रानी अंसारी ने ऐसा कमाल किया, जिससे जिले का नाम प्रदेश व देश में चमक उठा। खुशबू ने ओबीसी वर्ग में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खुशबू का चयन देश के दो राष्ट्रीय सैनिक स्कूलों राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बैंगलुरू व सैन्य स्कूल हरियाणा में हुआ है। वह राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बैंगलुरू में दाखिला लेने जा रहीं हैं। आपको बता दें कि पूरे भारत वर्ष में ओबीसी महिला केटैगरी में सैनिक स्कूल में मात्र 24 सीटें हैं, जिसमें ओबीसी, सामान्य, एससी व एसटी वर्ग की 6-6 सीटें ही हैं, इन 6 सीटों में से खुशबू ने उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर अपना नाम प्रदेश के फलक पर चमका दिया। 6 भाई-बहनों में सबसे छोटी खुशबू रानी अंसारी का बचपन से ही सपना आर्मी अफसर बन देश की सेवा करने का है, जिसके लिए उन्होंने पहला कदम भी बढ़ा दिया है। खुशबू की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक स्कूल में हुई और वर्तमान में वह बिसवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय जुड़ईपुर में छठी कक्षा में अध्यननरत थीं, लेकिन अब वह मिलिट्री स्कूल में पढ़ाई कर अपने सपने को साकार करेंगी। होनहार खुशबू रानी अंसारी ने आई इंडिया से बताया कि वह हमेशा से ही देश सेवा करना चाहती थी और आर्मी अफसर बन वह अपने सपने को हकीकत में बदलेंगी। अन्य बच्चों को संदेश देते हुए खुशबू ने कहा कि मेहनत, आत्मविश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन से आप हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं। आपको बता दें कि खुशबू रानी अंसारी की मां शमा परवीन ग्रहणी हैं, जबकि सबसे बड़े भाई शाहिद अंसारी मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा बहन नाजिया अंसारी चेन्नई में साफ्टवेयर इंजीनियर, भाई राशिद अंसारी देहरादून में बीटेक की पढ़ाई कर रहें है, जबकि जुड़वा बहनें आयशा अंसारी व सानिया अंसारी सीतापुर के अग्रवाल पब्लिक इंटर कालेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहीं है। वहीं खुशबू रानी अंसारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।

# नीलगाय काटने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार, 110 किलोग्राम मांस बरामद

संवाददाता। निघासन-खीरी

**मुखबिर** द्वारा मिली सूचना के अनुसार निघासन पुलिस बल तथा वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नीलगाय काटकर उसका मांस विक्रय करने वाले तीन अभियुक्तों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें वन्य जीव संरक्षण अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। जबकि 4 अभियुक्त फरार होने में कामयाब हो गए। उनकी तलाश में पुलिस तथा वन विभाग की संयुक्त टीम जुटी हुई है, समाचार लिखे जाने तक फरार आरोपी किसी की पकड़ में नहीं आ सके हैं। जानकारी मुताबिक स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहनन पुरवा में मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर पुलिस तथा वन विभाग की टीम ने गांव में ही स्थित एक झोपड़ी में संयुक्त रूप से छापा मारकर नीलगाय को काटकर उसके मांस बेचने वाले तीन अभियुक्तों बाबू उर्फशहरीर, इसरार हुसैन पुत्र इब्राहिम, मोहम्मद अहमद हुसैन पुत्र साबिर को पठाननपुरवा-पढ़ुआ मार्ग पर ग्राम बेहनन पुरवा में एक झोपड़ी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार हो चुके अभियुक्तगणों को हमराही पुलिस कर्मियों की हिरासत में रखकर पुलिस बल द्वारा झोपड़ी और आसपास की जगह का निरीक्षण किया गया तो अंदर मौके पर करीब 110 किलोग्राम कटा हुआ मांस बरामद हुआ। मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी रमियाबेहड को सूचना देकर बुलाया गया एवं मांस का नमूना परीक्षण लिए जाने पर पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा नीलगाय के मांस की पुष्टि हुई । मांस को एक गड्ढे में दबा दिया गया । मौके से पशुओं को काटने के व विक्रय करने के औजार एवं उपकरण दो लोहे की छुरी, एक कुल्हाड़ी, एक लोहे का फरसा, एक लोहे की तराजू एवं एक किलोग्राम लोहे का बांट एवं जामा तलाशी से दो देसी तमंचे 12 बोर और दो जिंदा कारतूस के साथ 95,850 रुपए बरामद हुए।

## कच्ची शराब माफियाओं के विरुद्ध आक्रामक अभियान जारी

**निघासन-खीरी।** एसपी द्वारा कच्ची शराब माफियाओं एवं विक्रेताओं के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत निघासन पुलिस बल द्वारा बीते 5 दिनों के दौरान आक्रामक कार्रवाई जारी है इस दौरान सैकड़ों लीटर कच्ची शराब बरामद की गई, व आधा दर्जन से अधिक अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। गत 1अप्रैल से यह अभियान लगातार जारी है। ताजा जानकारीअनुसार पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार के पर्यवेक्षण कथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन प्रभातेश कुमार के मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामनिवास निवासी ग्राम बम्हनपुर को धर्मापुर रोड पर नाले के पास से गिरफ्तार किया गया। उनसे प्लास्टिक की पिपिया में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब, 2 किलो यूरिया व शराब निर्माण उपकरण बरामद हुए। अभियुक्त को आबकारी अधिनियम के अंतर्गत जेल भेजा गया है।

# खोए स्वरूप को वापस पाएगी मंदाकिनी नदी

संवाददाता। सीतापुर

- भाजपा एमएलसी पवन सिंह चौहान, सीडीओ ने अभियान का किया शुभारम्भ
- जल महोत्सव के तहत मंदाकिनी संरक्षण अभियान की शुरुआत
- कुल 19 किलोमीटर दूरी तक कराये जाएगें कई कार्य
- 36 बीघा के एक तालाब सहित दर्जन से अधिक तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

**सीतापुर** में विलुप्त हो चुकी मंदाकिनी नदी के खोये स्वरुप को वापस लाया जायेगा। नदी के किनारे पूर्व में जो 12 तालाब थे वह भी अपना अस्तित्व खो चुके हैं। उनके जीर्णोंद्धार की तैयारी भी की गयी है। यही नहीं पहले चरण में बरेठी गांव के पास एक 36 बीघा, और एक 5 बीघा क्षेत्रफल के जलाशय को मनरेगा से बनवाये जाने की तैयारी की गयी है। जिसकी शुरुआत मंगलवार को सीतापुर से भाजपा एम एल सी पवन सिंह चौहान और मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा ने पूजन अर्चन कर की। संस्था लोकभारती सीतापुर द्वारा जलमहोत्सव के अंतर्गत मंदाकिना संरक्षण का आरंम्भ ग्राम पंचायत बरेठी से हुआ। बरेठी ग्राम में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ के निकट नवनिर्मित रैन बसेरे में एक बैठक हुई। यहीं पर आचार्य रामजी दिक्षित, युवराज अवस्थी ने पूजन कराया और नारियल तोड़ा गया। बैठक में एस डी एम मिश्रिख अनिल कुमार, सीओ सुशील कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी रजत राम वर्मा, सिचाईं विभाग से अंकित कुशवाहा, शिवम, लोकनाथ मौर्य, प्रमोद मौर्य, देशराज यादव, संस्था लोकभारती के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह, सदस्य सुधीर सिंह चंद्र किशोर, पूर्व प्रधान कुलदीप कुमार, फक्कीरे लाल आदि मौजूद रहे। बतातें चले की लगभग 25 साल पहले गोमती नदी में मंदाकिनी नदी का जल आकर मिलता था। इस नदी के किनारे पर बद्रीनाथ, केदारनाथ व चित्रकूट आदि धार्मिक स्थल स्थित है। यह नदी ग्राम वजीरनगर के पास से प्रवाहित होती रही है। लगभग 19 किलोमीटर के बाद बरेठी गांव के पास इसका विलय गोमती नदी में हो जाता है। दो दशक पहले तक नदी से तमाम सोतें निकलते थे। नदी के दोनों तरफ 15 तालाब आज भी मौजूद है। धीर-धीरे मंदाकिनी नदी का अस्तित्व मिटता रहा। संस्था लोकभारती के अवध प्रांत अध्यक्ष एवं एम एल सी पवन सिंह चौहान ने मंदाकिनी नदी के जीर्णोंद्धार की तैयारी की है। जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह ने बताया कि पहले चरण में 6 किलोमीटर तक कार्य किया जाएगा। इसकी शुरुआत ग्राम बरेठी से हुई। कुल 19 किलोमीटर में कार्य कराया जाना है।

## क्विक न्यूज

### मायके में रह रही विवाहिता ने की आत्महत्या

**बरेली।** मायके के पास ही रहने वाले एक युवक की हरकतों से परेशान विवाहिता ने कमरे में बंद होकर फांसी लगा ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरूकर दी।बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सतीपुर स्थित अपने मायके में रह रही सुभाष नगर थाने की तिलक कॉलोनी निवासी सचिन की पत्नी शिवानी ने आज सुबह तड़के घर के एक कमरे में बंद होकर छत के एक गुंडे से दुपट्टा बांध कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के भाई अमन ने बताया कि शिवानी को मोहल्ले का रहने वाला संजू विवाह के पूर्व से ही परेशान करता था वह सती पुर चौराहा पर सब्जी की दुकान लगाता है विवाह के बाद भी वो शिवानी से आते जाते छेड़छाड़ करता था यह बात शिवानी ने अपने घर वालों को बताई उन्होंने संजू को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माना कल दिन में शिवानी अपने पिता शंकरलाल के साथ घर में थी और घर के अन्य लोग चनहेटी निवासी एक रिश्तेदार के घर गए थे उसी दौरान मौका देखकर संजू शिवानी के घर में घुस आया उसने घर में मौजूद उसके पिता शंकरलाल को एक कमरे में बंद कर दिया और शिवानी के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की लेकिन मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और संजू फरार हो गया इसके बाद से शिवानी तनावग्रस्त हो गई और आज सुबह तड़के उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगा ली दरवाजा ना खुलने पर घर के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कुंडी तोड़ कर कमरे में जाने के बाद शिवानी के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरूकर दी ।

### सपा जाति-धर्म देखकर टिकट नहीं देगी: बृजेश यादव

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के नगर निकाय चुनाव प्रभारी बृजेश यादव (विधायक ) नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत चुनाव को लेकर मुख्य बिंदुओं पर एक प्रेस वार्ता की जिसमे उन्होंने पत्रकार बंधुओ के सवाल के जवाब देते हुए कहा की सपा जाती धर्म देखकर मेयर का टिकट नहीं देगी जो जीतता हुआ प्रत्याशी होगा उसी को टिकट देकर जिताने का काम किया जायेगा । ब्रजेश यादव ने कहा की भाजपा का चाल चरित्र चेहरा जनता के सामने बेनकाब हो चुका है, जहां जनता महगाई की मार से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है वही भाजपा नेता सत्ता के नशे मे चूर होकर झूठ का प्रचार कर रहे है और जनता की गाड़ी कमाई को प्रचार में लुटा रहे है, इसलिये जनता इस बार भाजपा को हार की सलामी देगी,आज की प्रेस वार्ता में निर्वतमान जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप , महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, प्रवीण सिंह एरन,विधायक अता उर रहमान, विधायक शहजील इस्लाम,पूर्व विधायक महिपाल सिंह यादव,भगवत सरन गंगवार, सुल्तान बेग , पूर्व विधायक आर के शर्मा , सुप्रिया एरन, डॉक्टर आई एस तोमर, शुभलेश यादव, कदीर अहमद, जफर बेग, हैदर अली आदि प्रमुख थे।



### 202 लीटर अवैध शराब बरामद, 14 गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय खीरीए श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षणए बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए '202 लीटर अवैध कच्ची शराब' ए '05 अवैध शराब भट्ठी' बरामद कर '14 अभियुक्तों' को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत '13 अभियोग' पंजीकृत किए गए।

### कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाना होगा: रजनीश गुप्ता

**शाहजहांपुर।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सईद अंसारी के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें तस्दीक अंसारी को जिला महासचिव के पद पर नियुक्ति पत्र देकर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया इस मौके पर प्रमुख रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता महानगर अध्यक्ष पवन सिंह प्रदेश सचिव अनूप वर्मा जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरेशी गौरव त्रिपाठी रफीउल आसन फरमान खान सुरेश शुक्ला सहित अल्पसंख्यक कांग्रेस के सलीम इंद्रीसी वसीम खान असीफखान वहीद खान वासिफनूर अनस अन्सारी साबिर अन्सारी एव दरजनो कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सईद अंसारी ने कहा कि आने वाले नगर निकाय चुनाव में अल्पसंख्यक समाज की भूत अहम भूमिका होगी हम सबको मिलकर अल्पसंख्यक समाज को जागरूक करके कांग्रेस के प्रति और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाना होगा।

### प्राइवेट डॉक्टरों ने राइट टू हेल्थ के विरोध में की हड़ताल

**लखीमपुर खीरी।** राजस्थान में डॉक्टरों पर हो रहे अत्याचार के राष्ट्रव्यापी विरोध के समर्थन में आज जिले के प्राइवेट डॉक्टरों ने निजी गेस्ट हाउस में सांकेतिक हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया। वही हड़ताल कर रहे डॉक्टरों की मांग है उन पर राइट टू हेल्थ को जबरन न थोपा जाए । इसको लागू करने से पहले डॉक्टरों की राय भी ली जाए। संगठन के अध्यक्ष डा अमरजीत सलूजा ने कहा इस नियम में कोई भी मरीज अगर आपके पास आता है जिसके पास पैसा नहीं है तो उसका भी इलाज आपको करना पड़ेगा इतना ही नहीं इमरजेंसी भी आपको देखनी होगी चाहे उसके पास पैसा हों या ना हो उसको अपने खर्चे पर एंबुलेंस से सही जगह पर पहुंचाएं। सरकार ने नियम तो बना दिया लेकिन उसके लिए कैसे भुगतान किया जाएगा उसकी कोई पॉलिसी नहीं बनाई है। वही डॉक्टर पवन गर्ग ने कहा की आरटीएच चीज गलत नहीं है हर व्यक्ति को स्वास्थ्य का अधिकार है लेकिन सरकार को मरीज और डाक्टरों को सुनकर कोई नियम लाना चाहिए। बिना दोनों को सुने अगर कोई नियम सरकार लाती है तो उसको डॉक्टरों पर थोपने जैसा ही कहा जाएगा। सरकार यह बिल इसलिए लाई है की ये इलेक्शन का साल हैएइलेक्शन के दौर में फ्री की रेवड़ी बाटी जाती है सरकार की मंशा बेहतर स्वास्थ्य देना ना होकर वोट बटोरने की है। इस नियम के आजाने के बाद इमरजेंसी को लेकर मरीजों और डॉक्टरों के बीच में आपसी सौहार्द बिगड़ेगा मारपीट की घटनाएं सामने आएंगी। वहीं हड़ताल कर रही महिला डॉक्टर रूबी मेहता ने कहा कि सरकार को राइट टू हेल्थ को लेकर प्राइवेट डाक्टर पर डालना गलत है।

### एक करोड़ से अधिक की स्मैक बरामद, एक गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने बीती रात चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक करोड़ 10 लाख रुपए कीमत की स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने गिरफ्तार स्मैक तस्कर को जेल भेजा। सीबीगंज थाना क्षेत्र में झुमका चौराहा पर निर्माणाधीन बीएफ के पास ड्रग सेल प्रभारी इंस्पेक्टर अवनीश यादव और दरोगा जितेंद्र कुमार ने मुखबिर की सूचना के बाद अपनी टीम को लेकर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया इसी दौरान उन्होंने उन्होंने दिल्ली के भारत नगर स्थित जेजे कॉलोनी निवासी सुरेश पुत्र अनिल को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1किलो 100ग्राम स्मैक बरामद हुई जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 10 लाख बताई जाती है। पुलिस ने तस्कर सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि वह बरेली से स्मैक लेकर उसे बेचने के लिए दिल्ली ले जा रहा था लेकिन पुलिस ने उसे रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया और मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा।

तंत्र मंत्र की एक अजीबो गरीब घटना...

# पुलिस ने परिवार के सात लोगों को तालाबंद मकान से किया बरामद

संवाददाता। शाहजहांपुर



**पुलिस** ने तंत्र मन्त्र की एक अजीबो गरीब घटना में एक परिवार के सात लोगों को ताला बंद मकान से बरामद किया। पुलिस ने बेसुध हालत में बरामद कर सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। परिवार के 7 सदस्यों ने खुद को कमरे में कैद कर लिया।

एक हफ्ते बाद कोई हलचल न होने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को वहां एक कमरे में 2 महिलाएं और 5 बच्चे फर्श पर बेसुध पड़े मिले। मामला तिलहर थाना क्षेत्र के बहादुरगंज का पुलिस ने बताया कि बहादुरगंज में रहने वाला बनारसी लखीमपुर खीरी में जड़ी बूटी बेचने का काम करता है। उसी घर में सातों लोग बच्चे कमरे में कैद मिले हैं। घर में अंदर से ताला लगा था। खटखटाने पर कोई खोलने नहीं आ रहा था।

एक हफ्ते तक घर में कोई हलचल न होने पर पड़ोसियों ने बनारसी को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया।

## मेन गेट पर अंदर से लगा था ताला

इसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से घर के मेन गेट का ताला तोड़ा। इसके बाद कमरे की कुंडी तोड़ी, तो अंदर बनारसी की पत्नी संतो कौर (50), शीतल (25), प्रीती (21), अंजलि (18), सुजाता (15), कामनी (14), संजय (12) बेसुध पड़े मिले। उनके चेहरों पर लाल रंग लगा था और सभी भूख-प्यास से तड़प रहे थे। इनमें एक किशोरी का चेहरा भी बुरी तरह से सूजा हुआ था। हकी-बहकी बातें कर रहे थे सभी लोग पुलिस के अनुसार, महिलाएं और बच्चे किसी भी सवाल का सही से जवाब तक नहीं दे पा रहे थे। सभी बहकी-बहकी बातें कर रहे थे। अंदर पहुंचते ही सभी जयकारे लगाने लगे और बाहर जाने की बात कहने लगे। आनन-फानन में पुलिस ने एम्बुलेंस से सभी को भेजा। जहां से 3 की हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। खुद को कमरे कैद क्यों किया, इसकी जांच की जा रही है। पड़ोसियों के मुताबिक, घर में तंत्र मंत्र चल रहा था। जिसके चलते ही सभी ने खुद को कमरे में बंद किया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सजर अहमद ने बताया कि एक हफ्ते से इन लोगों ने कुछ खाया-पीया नहीं है। उनकी हालत काफी खराब है। सभी का इलाज किया जा रहा है।

## पुलिस से बोली शीतल- मौत के बाद मेरे पति मिलने आते हैं

बनारसी की बेटी शीतल की 5 साल पहले विशाल से शादी हुई थी। पिछले साल विशाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद शीतल अपने मायके आ गई थी और यहीं रह रही थी। शीतल का कहना है, मेरे पति की असमय मौत हुई है। मौत के बाद मेरा पति सपने में आता है। नवरात्रि पर व्रत के दौरान मैंने उसके कहने पर व्रत रखा था। मेरे पति ने मुझसे भूखे-प्यासे रहकर राम नवमी पर हवन करने के बाद घर में ही चौकी लगाने को कहा था। 29 मार्च को हम लोग घर के अंदर चौकी लगाकर बैठ गए थे। कोई कुछ खा नहीं रहा था। किसी ने पानी भी नहीं पिया था। मैंने सभी परिजनों को काला धागा भी बांधा था और बालाजी का अनुष्ठान करने लगे थे। बहादुरगंज थाने के इंस्पेक्टर ने बताया, सूचना मिलते ही मौके पर जाकर कमरे का दरवाजा खोला। बनारसी की पत्नी संतो कौर और बेटी शीतल समेत 7 लोग कमरे के अंदर पड़े मिले। शीतल और संतो अनुष्ठान में लीन थे, जबकि बाकी लोग लेटे हुए थे। शीतल और संतो कौर अंधविश्वासी व मनोरोगी हैं। शीतल के कहने पर ऐसा किया गया है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बनारसी की पत्नी संतो कौर और बेटी शीतल समेत 7 लोग कमरे के अंदर पड़े मिले। शीतल और संतो अनुष्ठान में लीन थे, जबकि बाकी लोग लेटे हुए थे। शीतल और संतो कौर अंधविश्वासी व मनोरोगी हैं। शीतल के कहने पर ऐसा किया गया है।

## जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला भी निलंबित

**बरेली।** जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को नियम विरुद्ध तरीके से सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में चल रही जांच के बाद शासन द्वारा जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को भी आज निलंबित कर दिया गया। ज्ञात हो कि बरेली की जेल में सजा काट रहे माफिया अतीक के भाई अशरफ से लोगों को बिना पर्ची से मिलवाने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की जांच डीजी जेल आनंद कुमार ने डीआईजी जेल आरएन पांडे को सौंपी थी जिन्होंने डीजी जेल को जांच रिपोर्ट सौंपी थी इसके बाद आज जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को भी निलंबित कर दिया गया। इससे पूर्व जिला राजीव कुमार मिश्रा मुलाकात अधिकारी और डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह पांच बॉर्डर को भी निलंबित किया जा चुका है जबकि 2 बॉर्डर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था आज किसी मामले में राजीव शुक्ला को भी शासन द्वारा निलंबित किया गया।

# पीड़ित परिवार ने हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए दिया धरना

- एक महीने पहले कक्षा 11 के छात्र का शव छात्रा के घर पर मिलने का मामला

संवाददाता। शाहजहांपुर

**अखिल** भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार के साथ खिरनीबाग राम लीला मैदान में धरना देकर न्याय की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर न्याय नही मिला तो, भूख हड़ताल के साथ ही सीएम से मिलने के लिए पैदल लखनऊ तक जाएंगे। थाना खुटार क्षेत्र में एक महीने पहले कक्षा 11 के छात्र देवकीनंदन मिश्रा का शव स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा के घर पर मिला था। सूचना के बाद परिजन छात्रा के घर पहुंचे तो कमरे में फंदे पर बेटे का शव देखकर छात्रा और उसके माता-पिता पर हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। एक महीना बीत जाने के बाद पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर कर रहे प्रदर्शन

**परिजन** एक महीने के दौरान आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। आज अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों के साथ परिजन शाहजहांपुर के खिरनीबाग रामलीला मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी से फोन पर बात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि इस दौरान तमाम लोग रामलीला मैदान में धरने पर भी बैठ गए। वहीं एसपी ने अपनी बात को रखने के लिए परिजनों के साथ 12 लोगों का डेलिगेशन बुलाया है। धरने में शामिल हरिशरण वाजपेयी ने कहा कि, देवकीनंदन की हत्या करने वाले हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की है। मांग के बावजूद पुलिस आरोपियों का साथ दे रही है।

# टोल कर्मियों का दुर्व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

संवाददाता। बरेली



**टोल** प्लाजा फतेहगंज पश्चिमी पर कल किसान की गन्ने से भरी ट्रॉली द्वारा सेंसर के टूटने के कारण टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने दोहना के किसान नन्हे पाल यादव के साथ दुर्व्यवहार किया और उसकी ट्रैक्टर ट्रॉली को जबरन खड़ा कर लिया। इसकी जानकारी मिलते ही किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री किसान नेता डॉ रवि नागर आज सुबह 10: 00 बजे फत्तेहगंज पश्चमी टोल पर किसान को न्याय दिलाने के लिए धरने पर बैठ गए।धरने को संबोधित करते हुए किसान नेता डॉ रवि नागर ने कहा कि किसानों की जमीन पर ही टोल बनाया है और किसानों के साथ ही अभद्रता की जाती है। इस तरीके की खबरें आए दिन आ रही हैं। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसान की ट्रैक्टर ट्रॉली को कल रात से जबरन फत्तेहगंज टोल कर्मियों ने खड़ा कर लिया है। जिसमें बीज का गन्ना है। कल से अब तक गन्ना सूख कर खराब हो गया है। जो अब बोने के काम नहीं आएगा। इसका किसान को नुकसान दिया जाए और जो मजदूर गन्ना बोने के लिए खेत में चल रहे हैं। टोल कंपनी उसका भुगतान करें और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल मुकदमा लिखा जाए। अन्यथा किसान एकता संघ न्याय मिलने तक धरना जारी रखेगा। धरने पर सीओ मीरगंज हर्ष मोदी, फत्तेहगंज इंस्पेक्टर अशोक कुमार तत्काल फोर्स के साथ पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया की दोषी टोल कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर. होगी और जो किसान का नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई भी टोल कंपनी द्वारा करायी जाएगी। टोल कर्मचारियों ने अपनी गलती मान पीड़ित किसान से माफी मांगी। इसके पश्चात धरना समाप्त हुआ। धरने को युवा प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, जिला अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने भी संबोधित किया। धरने में प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन सचिव जगपाल सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष श्रीपाल नेताजी, तहसील अध्यक्ष श्याम पाल गुर्जर, नन्हे पाल यादव, राजेंद्र सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में किसान एकता संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पोस्टकार्ड के माध्यम से पीएम से सवाल पूछेगी कांग्रेस

**शाहजहांपुर।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी से पोस्ट कार्ड के माध्यम सवाल पूछे जाएंगे। जिसका प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा। कहा कि पीएम और अडानी के बीच क्या रिश्ता है और अडानी ने अब तक बीजेपी को कितने करोड़ रुपये का फंड दिया है। शाहजहांपुर में मंगलवार को युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष इरफान हसन खान ने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में बैठक की। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी से कई सवाल किए। मीडिया से बात करते हुए युवा जिलाध्यक्ष इरफान हसन खां ने बताया कि कांग्रेस एक अभियान शुरू कर रही है। पीएम मोदी से कुछ ऐसे सवाल करना है, जिनका जवाब उनको देना होगा। कुछ सवाल सीधे और कुछ पोस्ट कार्ड के माध्यम से किए जाएंगे। बताया कि सवाल पूछने वाले का नाम, मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर करने के बाद उन पोस्ट कार्ड को भेजा जाएगा। पीएम के अधिकारिक विदेशी दौरों के बाद अडानी को कितने ठेके मिले, इसका सूत्र बताया जाए।

# जून तक पूरा कर लें मेडिकल कालेज निर्माण कार्य : डिप्टी सीएम

● डिप्टी सीएम ने ली विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक

● मेडिकल कालेज के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



संवाददाता। फतेहपुर

**उप** मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विकास भवन सभागार में कानून व्यवस्था एवं सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी, विकासपरक योजनाओं के विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक अधिकारियों के साथ की। मेडिकल कॉलेज के अधूरे निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाकर गुणवत्तापूर्ण हर हाल में जून माह तक पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही मरीजों का इलाज शुरू किया जाये। सामग्री व उपकरण की आवश्यकता के लिए नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कराये हुए डिमांड कर ली जाये। ताकि अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात इलाज में देरी न हो और मरीजों की रेफर व्यवस्था में विराम लग सके।

डिप्टी सीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि स्वयं अपने अधीनस्थों को भी कार्य योजना बनाकर प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सब सेन्टर, हेल्थ वेलनेस सेंटर का प्रतिदिन निरीक्षण कर रिपोर्ट से जिलाधिकारी को अवगत कराएं। साथ ही शासन को भी सूचना भेजें। हेल्थ वेलनेस सेंटर में सभी मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त किया जाये।

दो दिवसीय भ्रमण पर जनपद आये प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर पहुंचकर माथा टेककर पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात रेड़इया मलिन बस्ती में पैदल भ्रमण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डिप्टी सीएम ने मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

डिप्टी सीएम ने सलेमाबाद गौशाला का निरीक्षण करते हुए गौवंशों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

● शिक्षामित्रों ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन, की नियमितीकरण की मांग

● सफाईकर्मियों को वितरित किए सेफ्टी किट, छात्रों को दिए प्रमाण पत्र

एसडीएम सदर को निर्देशित किया कि लाभार्थी को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (गोल्डेन कार्ड) के तहत गोल्डेन कार्ड बनवाया जाये। उन्होंने सफाई कर्मियों से परिचय प्राप्त कर दस कर्मियों को सेफ्टी किट वितरित किये। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत कुपोषित बच्चों के अभिभावकों सद्दाम निवासी बकंधा, राकेश निवासी सलेमाबाद, गंगा प्रसाद निवासी अल्लीपुर, अंकित निवासी अल्लीपुर को दुधारू गाय दी।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिध मंडल ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। ज्ञापन सौंपकर शिक्षामित्रों के स्थायीकरण एवं नियमितीकरण करने की मांग की। जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए कहा कि प्रदेश के लगभग 1.50 लाख शिक्षामित्र वर्तमान में आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। अल्प मानदेय के कारण परिवार का पालन पोषण करना संभव नहीं हो पा रहा है।

इसलिए जल्द शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान किया जाए। जिससे प्रदेश के शिक्षामित्रों में आर्थिक समस्या के कारण प्रतिदिन लगभग 4-5 शिक्षामित्रों की हो रही असामयिक हो रही मौतें रुक सकें। ज्ञापन के माध्यम से उपमुख्यमंत्री यह से मांग की गई कि नियमावली में संशोधन करते हुए शिक्षामित्रों का पुनः समायोजन नियमितीकरण किया जाए। इस अवसर पर जिले डीएम, एसपी व सीडीओ समेत जिले के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का दिलाएं लाभ : जिलाधिकारी

● 37 क्रय केंद्रों में हुई 53 हजार मैट्रिक टन गेहूं खरीद



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद से संबंधित बैठक का आयोजन संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों/जिला प्रबंधक, क्रय एजेन्सी के साथ किया गया।

जिलाधिकारी ने समस्त क्रय एजेंसी के अधिकारियों से कहा कि गत वर्ष 2022-23 में अनुमोदित कुल 37 क्रय केंद्रों के माध्यम से लगभग 53 हजार मैट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी। कृषकों को सरकार की न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना का लाभ प्रदान किए जाने हेतु सचिव, कृषि उत्पादन मंडी समिति को निर्देश दिए कि जनपद के कृषकों को जागरूक करने के लिए पंपलेट, बैनर आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराएं साथ ही समस्त क्रय एजेंसियों को क्रय सत्र प्रारंभ हो गया है। समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि क्रय अवधि में गेहूं खरीद बाधित न हो।

डिप्टी आरएमओ अविनाश कुमार झा ने बताया कि आगामी रबी विपणन वर्ष 2023-24 जनपद में दिनांक 1 अप्रैल से गेहूं क्रय प्रारंभ हो गया है जो 15 जून तक चलेगा। वर्तमान गेहूं सत्र हेतु गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य रु0 2125/- कुं0 निर्धारित किया गया है। गेहूं क्रय हेतु जनपद में अब तक विभिन्न गेहूं क्रय एजेंसियो द्वारा 37 क्रय केंद्र खोले गए। जिलाधिकारी ने कृषक भाइयों से अपील की है कि पीएफएमएस के माध्यम से त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने हेतु अपने संयुक्त बैंक खाते के स्थान पर यथासंभव एकल बैंक खाते को ही पंजीकरण में दर्ज कराएं। साथ ही अपना बैंक खाता आधार से लिंक करा लें। ताकि बैंक खाता एनपीसीआई मैप्ड हो, ताकि समय से भुगतान कृषकों के खाते में प्राप्त हो सके। और समय से गेहूं बेचने हेतु कृषक भाई अपना पंजीयन अवश्य करा ले। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस भी किसान का रजिस्ट्रेशन हो रहा है उसका मिलान उसके आधार कार्ड से कराएं।

# एसपी ने किया ने नये थाने का उद्घाटन



**फर्रुखाबाद।** नगर के कादरी गेट पुलिस चौकी को नया कादरी गेट थाना बनाया गया है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने आज ननया कादरी गेट थाना का फीताकीटकर उद्घाटन किया। एसपी श्री मीणा ने कादरी गेट चौकी इंचार्ज राजेश राय की कादरी गेट थाना प्रभारी पद पर तैनाती की है। सेंट्रल जेल चौकी प्रभारी जगदीश वर्मा को कादरी गेट थाना का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया।

कोतवाली फर्रुखाबाद के उपनिरीक्षक अवधेश कुमार अशोक कुमार सिंह नरेंद्र सिंह, विमल कुमार ,कन्हैया लाल पांडे ,सूरज प्रकाश ,नरेश कुमार, की नये कादरी गेट थाना में नियुक्ति की गई। पुलिस लाइन के दीवान रमेश चंद्र की नए थाने में मालखाना का हेड मुहर्रिर पद पर तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बजरिया चौकी इंचार्ज दिलीप सिंह कंचन का थाना जहानगंज के लिए तबादला कर दिया है। कोतवाली फर्रुखाबाद के उपनिरीक्षक अमित कुमार गुप्ता की बजरिया चौकी इंचार्ज पद पर तैनाती की गई है। मीडिया सेल प्रभारी रहमत खां को एसपी का पीआरओ बनाया गया। एसपी के पीआरओ शंकरानंद की सेंट्रल जेल चौकी इंचार्ज पद पर नियुक्ति की गई।

पुलिस लाइन के उपनिरीक्षक विक्रम सिंह की नई कोतवाली में तैनाती की गई है। जिले के अनेकों पुरुष एवं महिला सिपाहियों की भी नई कोतवाली में नियुक्ति की गई है। मालूम हो कि पुराने सिटी कंट्रोल रूम के भवन को गिरा कर नये कादरी गेट थाना भवन का निर्माण कराया गया है।

# पच्चीस हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● 72,450 रुपये नगद व तमंचा हुआ बरामद

**हमीरपुर।** राठ क्षेत्र में मंगलवार को पच्चीस हजार का इनामी बदमाश को पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर मुटभेढ़ में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाश के पास 72450 रुपये नगद व तमंचा बरामद किया है। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राठ के सीओ पीके सिंह ने आज बताया कि क्षेत्र के अमगांव ग्राम के पास झांसी जिले के गुरसहाय गंज में पड़ी डकैती में वांछित बदमाश शोएब निवासी राठ कही जाने के लिये सवारी का इंतजार कर रहा है तभी एसओजी टीम व राठ पुलिस ने घेरकर उसे गिरफ्तार करने का प्रयास किया।

बदमाश ने भागते हुये पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जबावी फायरिंग में बदमाश के पैर मे गोली लगी और घायल हो गया,पुलिस ने उसके पास से 72 हजार 450 रुपये नगद तमंचा व पिट्ठू बैग बरामद किया है। घायल बदमाश को सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया जहा पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल हमीरपुर में भर्ती कराया गया है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में लूटपाट,गिरोहबंद के मुकदमे दर्ज हैं।

# निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में प्रत्याशियों के चयन की जद्दोजहद प्रारम्भ

● भाजपा के लिए आसान नहीं प्रत्याशियों के नामों का चयन

● सपा के सामने हैं चरमराया हुआ संगठन

● बसपा में टिकट के दावेदारों की लंबी लाइन

संवाददाता। उरई, जालौन

**निकाय** चुनाव को लेकर तस्वीर साफहोने के बाद जनपद की चार नगर पालिका परिषद व सात नगर पंचायतों में आरक्षण की घोषणा होने के बाद सभी राजनैतिक दलों में दावेदारों की सक्रियता बढ़ गयी है। निकाय चुनाव को लेकर बात की जाये तो भाजपा के पास जनपद में सबसे मजबूत सांगठनात्मक ढांचा लेकिन फिर भी उसके सामने प्रत्याशियों का चयन करना चुनौती से कम नहीं होगा। वहीं सपा के सामने भी चरमराया हुआ संगठन है ऐसी स्थिति में निकाय चुनाव उसके लिये आसान नहीं होगा। तो बसपा में भी टिकट के दावेदारों की लंबी लाइन लगी है कई मिशनरी कार्यकर्ता भी टिकट हासिल करने की लाइन में लगे हुये हैं। ऐसी स्थिति में बसपा के लिये भी प्रत्याशियों के नामों का चयन करना एक बड़ी समस्या रहेगी।

जहां तक कांग्रेस की बात की जाये तो कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष बृजलाल खाबरी का यह गृह जनपद है। लेकिन पार्टी यहां संगठनात्मक दृष्टि से काफी कमजोर भी हैं फिर भी पार्टी से टिकट मांगने वालों की संख्या उतनी नहीं है जितनी की भाजपा, बसपा या सपा में देखी जा रही है। निकाय चुनाव की सरगर्मियों के बीच भाजपा को प्रत्याशियों के नामों का चयन करने में खासी मशक्कत करनी पड़ सकती है। हालांकि भाजपा में प्रत्याशियों के नामों का चयन सांसद, विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ ही क्षेत्रीय कमेटी के पदाधिकारियों की मीटिंग में लंबी रायशुमारी के बाद ही चयन होगा। जिन दावेदारों के नामों पर सभी एकमत होंगे उसको भी पार्टी अपना प्रत्याशी घोषित करती रही है। इसको देखते हुये निकाय चुनाव में कोई परिवर्तन होगा इसकी गुंजाइश न के बराबर मानी जा रही है। समाजवादी पार्टी की बात की जाये तो कुछ समय पूर्व ही युवा नेता दीपराज गुर्जर को नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। लेकिन उनको विरासत में चरमराया हुआ संगठनात्मक ढांचाा मिला है। ऐसी स्थिति में निकाय चुनाव में उनके सामने भी प्रत्याशियों के नामों का चयन करना कड़ी चुनौती साबित होगा।

## क्विक न्यूज

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की कैद

**फतेहपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या एक के पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार चौरसिया ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी बहनोई को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 15 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी (15) को 11 जून 2016 को शाम उसका बहनोई संतोष बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया था। परिवार के दबाव बनाने पर किशोर को घर छोड़ गया था। घर से किशोरी नकदी और जेवरात बहकावे में ले गई थी। मामले में 13 जून को किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना दौरान अपहरण और दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई गई। सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में कुल छह गवाह पेश हुए।

### सभासद प्रत्याशियों का आप नेताओं ने लिया साक्षात्कार

**फतेहपुर।** जल्द ही निकाय चुनाव सम्पन्न होने की सुगबुगाहट शुरू होने के साथ ही राजनीतिक दलों में मजबूत दावेदार मैदान में उतारने को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है। जिसको ध्यान में रखते हुए मंगलवार को आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी प्रदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में वार्डवार चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों से शिष्टाचार मुलाकात करने के साथ ही साक्षात्कार लिया गया। जिला प्रभारी ने साक्षात्कार के बाद बताया कि प्रत्याशियों का साक्षात्कार लेने के साथ ही उनसे आवेदन फार्म भरवाए गए हैं जो प्रदेश कार्यालय भेजे जाएंगे। प्रत्याशियों की अंतिम चयन सूची प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न निकायों से कुल 13 लोग साक्षात्कार में शामिल हुए। साक्षात्कार एवं आवेदन फार्म की प्रति प्रदेश कार्यालय भेजी जाएगी।

### आज से अतिक्रमणकारियों पर चलेगा बुलडोजर

**मौदहा, हमीरपुर।** कल व्यापारियों व प्रशासन के मध्य संपन्न हुई बैठक में एसडीएम ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नही हटाया तो कल से दुकानदारों को बेदखल कर बुलडोजर चलाया जायेगा। नगर के मलिकुंआ चौराहे से लेकर देवी चौराहे तक मार्ग के दोनों ओर काबिज दुकानदारों ने नगर पालिका द्वारा निर्धारित की गई सीमा को लांघ कर अतिक्रमण कर रखा है जो फुटपाथ तक अपनी दुकानों का सामान सजाकर व्यापार करते हैं। इस अतिक्रमण के चलते इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रभावित होता है। नगर के मुख्य चौराहों पर हाथ ठेला पर सब्जी व फल बेचने वालों का कब्जा रहता है इसके अलावा नगर में सैकड़ों की संख्या में चलने वाले ई-रिक्शा के चालक भी मनमाने ढंग से रिक्शा खड़ा कर सवारियां भरते हैं जिससे नगर के मुख्य मार्ग पर दिन भर जाम जैसी स्थिति उत्पन्न होती है।

### तिराहे पर यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्री परेशान

**कोंच, जालौन।** मारकंडेश्वर तिराहे पर यात्री प्रतिक्षालय न होने से कोंच से बाहर जाने वाले यात्रियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से आ रहे स्कूली छात्र, छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालयों की छुट्टी के बाद छात्रध् छात्राओं को मारकंडेयश्वर तिराहे पर काफी देर इंतजार करने के बाद ही वाहन मिल पाते हैं, ऐसे में तिराहे पर उन्हें खड़े होकर समय बिताना काफी कष्टप्रद होता है। मारकंडेयश्वर तिराहा यहां का सबसे व्यस्ततम तिराहा तो है ही, अधिकांश रूटों की बसें भी यहीं से लोगों को पकड़नी होती हैं। इस तिराहे पर कोई यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने की स्थिति में यहां पर यात्रियों का बुरा हाल होता है। भले ही छोटा सा सही लेकिन यहां प्रतीक्षालय जरूरी है क्योंकि इसके न होने से यात्रियों को भारी परेशानी होती है।

### छात्र-छात्राओं ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

चित्रकूट। श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का बैनर लेकर शिक्षकों के साथ नगर भ्रमण किया। घर-घर जाकर बच्चों ने अभिभावकों को स्कूल भेजने को प्रेरित किया। मंगलवार को प्रत्येक बच्चे को पढ़ना जरूरी है। शिक्षित समाज में अशिक्षित बच्चों का रहना भविष्य में बहुत ही कष्टदायी होगा। आधुनिक जमाने में सभी काम कम्प्यूटर, व्हाट्सएप आदि संसाधनों से हो रहा है। ऐसे में अशिक्षित का जीना दूभर है। सभी से अपने बच्चों को हर हाल में विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। बच्चे अबोध होते हैं, उन्हें शिक्षा के महत्व का ज्ञान नहीं है। इसी क्रम में संचारी रोग सब जगह फैल रहा है। इस रोग से बचने को सबको जागरूक करें।

### 35 लीटर कच्ची शराब सहित दो गिरफ्तार

**जालौन, उरई।** पुलिस ने अलग अलग स्थानों से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 35 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली में तैनात एसआई राजकुमार पांडेय ने रापटगंज निवासी कैलाश कुमार को मुखबिर की सूचना पर मोहल्ले में ही पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

# निराश्रित गौवंशों को भेजा जायेगा गौशाला : अशोक जाटव

संवाददाता। चित्रकूट



कैटिल कैचर वाहन को हरीझंडी दिखाते जिला पंचायत अध्यक्ष

**किसान** भाइयों की फसलों को निराश्रित गौवंश से निजात दिलाने को जिला पंचायत ने कैटिल कैचर वाहन खरीदा है। मुख्य विकास अधिकारी की मौजूदगी में में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने हरीझंडी दिखाकर अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मऊ व चित्रकूट को ये वाहन प्रयोग को हैण्डओवर किया।

मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सड़क में घूम रहे व किसानों की फसलों को चरते निराश्रित गौवंश गौशालाओं में भेजे जायेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में निराश्रित गौवंश सड़कों पर घूमते-फिरते नजर आते हैं। इससे आये दिन हादसे होते हैं। इस वाहन का प्रयोग तहसील मऊ में किया जायेगा। भाजपा सरकार किसानों को समृद्ध बनाने को संकल्पित है। देश का किसान समृद्ध होगा तो देश भी विकसित होगा। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत ने एक कैटिल कैचर वाहन खरीदा है। तहसील मऊ के निराश्रित गौवंश घूमते नजर आये तो उसकी सूचना कैटिल कैचर वाहन को दें। निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाया जायेगा। कैटिल कैचर वाहन का संचालन नगर पंचायत मऊ करेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने समस्या के निदान को शासन की मंशानुसार सभी ब्लाक प्रमुखों से से कहा कि जनहित में एक-एक कैटिल कैचर वाहन खरीदें। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, अपर मुख्य अधिक्कारी सुधीर कुमार, अभियंता भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

### फलों के राजा आम से किसान ने छोड़ी आस

**चित्रकूट।** जिले में पहले सूखा, फिर तापमान में उतार-चढ़ाव और अब बेमौसम बारिश से आम की पैदावार पर संकट खड़ा हो गया है। इस बार आम की फसल न होने की उम्मीद की जा रही है। मौसम के मिजाज से आम के किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें दिखने लगी हैं। बेमौसम बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से आम की फसल को भारी क्षति पहुंची है। इस साल आम की पैदावार कम होने की आशंका जताई जा रही है। मंगलवार को आम के किसानों ने बताया कि आम की फसल खासी कमजोर है। एक वक्त होता था जब जिले में आम की बौर पेड़ों में दिखने लगती थी। मौसम के मिजाज के चलते आम की फसल की भारी उम्मीद लगाये बैठे किसान चिंतित हैं।

# तमंचे के फायर से दो बहनों समेत पांच मासूम हुए घायल

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र के भभौरा गांव में अवैध तमंचे से की गयी फायरिंग से दो सगी बहनो समेत पांच मासूम बुरी तरह घायल हो गये। सीएचसी में इलाज कराने के बाद सभी को कानपुर रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक गांव में कई बच्चे एक साथ खेल रहे थे, तभी फदाली का नाती वहा पर आया और तमंचे से अचानक फायर कर दिया जिससे 6 वर्षीय आमना पुत्री अख्तर हुसैन, 8 वर्षीय आयशा पुत्री अख्तर हुसैन, 13 वर्षीय पवन पुत्र जितेन्द्र, 8 वर्षीय रिया पुत्री शैलेंद्र, 10 वर्षीय आकाश पुत्र जितेन्द्र आदि लोग बुरी तरह घायल हो गये। जब डाक्टरों ने वहा के परिजनों से पूछा तो सभी ने पटाखा फूट जाने की बात कह कर गुमराह करते रहे मगर चिकित्सक ने फायर से घायल होने की बात की पुष्टि की प्रारम्भिक इलाज करने के बाद सीएचसी केक डाक्टरों ने सभी मासूमों को कानपुर के लिये रेफर कर दिया। मौदहा थानाध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# चित्रकूट की दो प्रतिभायें यूथ-20 में भाग लेने के लिए कानपुर हुईं रवाना



प्रतिभागी बालिकाओं दामिनी एवं अंजली को शुभकामनाएं देतीं सीडीओ अमृतपाल कौर

**चित्रकूट।** नेहरू युवा केन्द्र एवं जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि यूथ 20 के समग्र ढांचे के तहत निर्धारित थीम के अनुसार उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में यूथ- 20 की 14 मार्च को बैठक कर निर्णय लिया गया था । जिसके क्रम में वाद विवाद प्रतियोगिता गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया में आहूत की गई । जिसमें प्रतीक्षारत दामिनी मिश्रा एवं अंजली शुक्ला का चयन किया गया। चयनित बालिकायें 6 अप्रैल को आईआईटी कानपुर में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने चयनित बालिकाओं को फूलमाला पहनाकर बधाई देते हुये कानुपर के लिये रवाना किया। कहा कि यह बहुत ही अच्छा सुनहरा मौका है आप जिस तरह जिला स्तर पर प्रदर्शन किया उससे भी अच्छा प्रदेश में जी 20 के विषय में अपने विचार व्यक्त करे और जिले का नाम रोशन करें यही मेरी शुभकामना है।

# पेज एक का शेष

गढ़े गए...

ऐसे समय में किया है, जब पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में दोनों देशों के बीच शुरू गतिरोध अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। पिछले महीने ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति अभी भी काफी गंभीर बनी हुई है, जो कई स्थानों पर दोनों देशों की सीमा पर सैनिकों की काफी करीब तैनाती के कारण भी है। हालांकि, विदेश मंत्री ने यह भी कहा था कि सीमा पर कई स्थानों पर पीछे हटने की प्रक्रिया में प्रगति हुई है। भारत का कहना है कि सीमा क्षेत्रों में शांति स्थापित हुए बिना चीन के साथ संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं।

चीन को...

के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि चीन के मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी कोई जवाब नहीं है। उन्होंने ट्वीट किया, 20,000 करोड़ अडाणी की शेल कंपनियों में बेनामी पैसे किसके हैं - प्रधानमंत्री चुप, कोई जवाब नहीं। 2000 वर्ग किलोमीटर ज़मीन चीन ने छीन ली, जगहों के नाम भी बदल रहा है, प्रधानमंत्री चुप, कोई जवाब नहीं। प्रधानमंत्री जी, आखिर इतना डर क्यों? कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह सब उस वक्त हो रहा है जब चीन के एक शीर्ष राजनयिक ने हाल में दावा किया था कि भारत-चीन सीमा पर हालात स्थिर हैं। उन्होंने एक बयान में कहा, चीन द्वारा उकसाने की गतिविधि और अतिक्रमण जारी है। उसने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम तीसरी बार बदले हैं।

बदला सुर...

नई विदेश नीति अवधारणा पर तास (टीएएसएस) एजेंसी के सवाल पर माओ निंग ने जवाब देते हुए कहा कि चीन, रूस और भारत प्रमुख उभरती शक्तियां हैं जिनका उल्लेखनीय प्रभाव है। भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता जिआओजियान के ट्वीट में कहा कि जब ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय परिदृश्य गहन और जटिल परिवर्तनों का सामना कर रहा है, हम रूस व भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ संचार को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों से निबटने के लिए संयुक्त रूप से तैयार हैं। उन्होंने इसके साथ यह भी कहा कि चीन और रूस प्रमुख देशों के साथ संबंध बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिसमें आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सहअस्तित्व, दोनों पक्षों के लाभ शामिल है। द्विपक्षीय संबंध किसी तीसरे पक्ष को प्रभावित नहीं करेगा। पिछले महीने राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस की यात्रा पर थे। जहां दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने चीन और रूस के संबंधों को लेकर भविष्य का खाका तैयार किया। दोनों नेताओं के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के साथ साझा हितों पर चर्चा हुई। दोनों ने चीन-रूस के बेहतर संबंधों को लेकर आश्वस्त दिखे। रूसी राष्ट्रपति ने व्लादिमीर पुतिन ने पिछले शुक्रवार को नई विदेश नीति की अवधारणा पर हस्ताक्षर किया था। जिसमें कहा गया कि चीन और भारत के साथ संबंधों को मजबूत और गहरा करना रूस की प्राथमिकता में है।

भारत ने...

की शासन मंडल की बैठक में पावर ने कहा, जैसा कि हम सभी जानते हैं, यह भारत सरकार का नेतृत्व था जिसने इस गठबंधन को बनाने में मदद की इस दृढ़ विश्वास से कि आपदा से निपटने के प्रयास तभी सफल होंगे जब न केवल सरकारों द्वारा बल्कि सभी द्वारा इसे संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि यूएसएआईडी समुदाय के लचीलेपन को एक वैश्विक लड़ाई बनाने के लिए और अधिक भागीदारों को शामिल करना जारी रखेगा।

गृह मंत्रालय...

के राज्यपाल ने संवाददाताओं से कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार भीड़तंत्र को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए मिलकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों की तरफ से ठोस कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम हुड़दंगियों को कानून को अपने हाथों में लेने की कभी अनुमति नहीं देंगे। केंद्र, राज्य, राजनीतिक दल, मीडिया और जनता, भीड़तंत्र को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए हाथ मिलाएंगे। इस बीच, नई दिल्ली में जैन तीर्थंकर महावीर की जयंती पर विश्व शांति और सौहार्द दिवस मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की वोट बैंक की राजनीति देश के समक्ष कई समस्याएं और अनेक चुनौतियां खड़ी कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत गणराज्य में कोई इलाका विशेष कैसे हो सकता है? इतना तुष्टिकरण क्यों।

सिक्किम में...

शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि किसी और फंसे हुए व्यक्ति का पता लगाने के लिए इलाके में सेना, राज्य आपदा प्रबंधन दलों तथा पुलिस द्वारा तलाश अभियान जारी है। घायलों को यहां से 55 किमी दूर स्थित गंगटोक के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण शाम में खोजबीन अभियान रोक दिया गया। हिमस्खलन में हुई मौतों पर शोक जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक ट्वीट में कहा, सिक्किम में हुए दुखद हिमस्खलन में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के प्रति मेरी संवेदना है। हम स्थिति की करीब से निगरानी कर रहे हैं और एनडीआरएफ के दल शीघ्र ही प्रभावित इलाकों में पहुंचेंगे। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। नाथुला समुद्र स्तर से 14,450 फुट की ऊंचाई पर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है।

यूपी में...

संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन एकीकृत आयोग में विश्वविद्यालयों के कुलपति जैसे महनीय पद अथवा भारतीय प्रशासनिक सेवा का सुदीर्घ अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इसी प्रकार, सदस्यों की नियुक्ति में वरिष्ठ न्यायाधीश और अनुभवी शिक्षाविदों को स्थान दिया जाए। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति तथा महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व हो। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का आयोजन भी इसी नए आयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि टीईटी समय पर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिषदीय जूनियर बेसिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल से सम्बद्ध प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक जूनियर हाईस्कूल और अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल से सम्बद्ध अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय, राजकीय हाईस्कूल/इंटरमीडिएट कॉलेजों, अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल/इंटरमीडिएट कॉलेजों, राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक हाईस्कूल/इंटरमीडिएट कॉलेज में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की भर्ती नवीन आयोग द्वारा ही की जानी चाहिए। राजकीय महाविद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय और अल्पसंख्यक महाविद्यालय, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों, गवर्नमेन्ट एडेड पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा अशासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में नवीन एकीकृत आयोग द्वारा ही चयन प्रक्रिया आयोजित की जाए।

अमेरिका में...

दिए थे कि देश-विदेश के किसी भी कोने में छुपने की कोशिश करने वाले संगठित अपराधियों और आतंकियों का कानूनी तौर पर पीछा करें और उन्हे न्यायिक प्रक्रिया के सामने ला कर खड़ा करें। भगोड़े दीपक बॉक्सर को मैक्सिको से गिरफ्तार कर भारत लाना इसी दिशा में एक बहुत बड़ी सफलता है।

उप्र की...

है। उप्र. के बरेली जिला जेल में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद के भाई तथा पूर्व विधायक अशरफ से अपराधियों की नियम विरूद्ध मुलाकात कराने और सहूलियत देने के आरोप में वरिष्ठ जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को निलंबित किया गया है। सूत्रों ने बताया कि कारागार उप महानिरीक्षक की जांच रिपोर्ट के आधार पर जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जेलर राजीव कुमार मिश्रा, मुलाकात अधिकारी डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह और पांच वार्डरों को निलंबित कर दिया गया था। इनमें से दो वार्डर गिरफ्तार हो चुके हैं। प्रयागराज में विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद मिले इनपुट के आधार पर बरेली जेल के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मिलने पर कारागार उप महनिरीक्षक आरएन पांडेय को जांच सौंपी गई थी। पांडेय ने हाल ही में अपनी जांच रिपोर्ट कारागार महानिदेशक को सौंप दी थी। इससे पहले अशरफ से बिना पर्ची शूटरों और गुर्गो की मुलाकात कराने के मामले में बिथरी चैनपुर थाने में संबंधित धाराओं में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उमेश पाल हत्याकांड की जांच में यह बात सामने आई कि बरेली जेल में बंद अतीक के भाई अशरफ ने भी साजिश रची और अपराधियों से मिलकर उसे अमलीजामा पहनाने में भूमिका निभाई।

# रूस को फिनलैंड ने दिया झटका

● नाटो में शामिल हुआ

भाषा। ब्रसेल्स



**फिनलैंड** मगंलवार को दुनिया के सबसे बड़े सुरक्षा गठबंधन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल हो गया, जिसे रूस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के समय से ही इस ऐतिहासिक घटनाक्रम की आहट सुनाई दे रही थी। दस्तावेजों को सौंपने के साथ ही नॉर्डिक राष्ट्र आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे बड़े सुरक्षा गठबंधन का सदस्य बन गया। फ़िनलैंड की सदस्यता यूरोप के सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़े बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। द्वितीय विश्वयुद्ध में सोवियत संघ से अपनी हार के बाद इस देश ने तटस्थता अपनाई थी, लेकिन इसके नेताओं ने यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के कुछ महीने बाद ही संकेत दिया था कि वे नाटो गठबंधन में शामिल होना चाहते हैं। यह कदम रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए रणनीतिक और राजनीतिक रूप से झटका है। वह लंबे अरसे से शिकायत करते आए हैं कि नाटो रूस की ओर विस्तार कर रहा है। वहीं, गठबंधन का कहना है कि इससे मॉस्को को कोई खतरा नहीं है। रूस ने चेतावनी दी कि फ़िनलैंड की नाटो की सदस्यता से उत्पन्न सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए उस प्रतिशोधी उपायै करने के लिए विवश होना पड़ेगा। मॉस्को ने यह भी कहा है कि अगर नाटो अपने 31वें सदस्य राष्ट्र के क्षेत्र में अतिरिक्त सैनिक या उपकरण तैनात करेगा, तो वह फिनलैंड की सीमा के पास अपनी रक्षा प्रणाली को मजबूत करेगा। फिनलैंड की सदस्यता तब आधिकारिक हो गई, जब इसके विदेश मंत्री ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को प्रक्रिया को पूरा करने वाले दस्तावेज़ सौंपे। नाटो की सदस्यता से संबंधित दस्तावेज अमेरिकी विदेश विभाग के पास रहते हैं। ऐतिहासिक प्रक्रिया के पूरा होने से पहले नाटो महासचिव जनरल जेन स्टोलटेनबर्ग ने ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा,फिनलैंड की सहमति के बिना फिनलैंड में और नाटो सैनिक नहीं भेजे जाएंगे। हालांकि, उन्होंने वहां और अधिक सैन्य अभ्यास आयोजित करने की संभावना से इनकार नहीं किया और कहा कि नाटो रूस की मांगों को संगठन के निर्णयों को निर्धारित करने की अनुमति नहीं देगा। संबंधित घटनाक्रम नाटो की 74वीं वर्षगांठ के दिन हुआ।

## यूक्रेन को 2.6 अरब डॉलर की सैन्य सहायता प्रदान करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका, यूक्रेन को लगभग 50 करोड़ डॉलर के गोला-बारूद और उपकरण भेजेगा तथा भविष्य मे उसके लिए 2.1 अरब डॉलर से अधिक खर्च करके युद्ध सामग्री, रडार तथा अन्य हथियार खरीदेगा। अधिकारियो ने यह जानकारी देने के साथ ही बताया कि सैन्य भंडारो से गोला बारूद, ग्रेनेड लांचर और वाहनों को लिया जाएगा ताकि उन्हे जल्द ही युद्ध क्षेत्र मे पहुंचाया जा सके।

## यूक्रेन युद्ध में रूस का समर्थन करने के लिए चीन की आलोचना की ईयू ने

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने यूक्रेन पर हमले के बीच रूस का समर्थन करने के लिए मंगलवार को चीन पर निशाना साधा और इसे बीजिंग की संयुक्त राष्ट्र में प्रतिबद्धताओं का स्पष्ट उल्लंघन करार दिया। बोरेल ने कहा, हमलावर का पक्ष नहीं लिया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के किसी स्थाई सदस्य देश से अपेक्षा की जाती है कि वह अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था के पक्ष में खड़ा रहे और चीन की नैतिक जिम्मेदारी है कि शांति में योगदान दे। यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की मौजूदगी में बोरेल ने चीन की निंदा की। यह टिप्पणी यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन की फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ चीन की यात्रा से ठीक पहले आई है, जहां दोनों इस बात पर जोर देंगे कि यूरोपीय संघ-चीन संबंध रूस के साथ बीजिंग की दोस्ती पर आधारित होंगे।

# कृत्रिम मेधा के जोखिम और अवसरों पर विशेषज्ञों से बात करेंगे बाइडन

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन कृत्रिम मेधा (एआई) के जोखिम और अवसरों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय से जुड़ी अपनी सलाहकार परिषद के साथ बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति इस बैठक का उपयोग "जिम्मेदार नवाचार और उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए अधिकारों और सुरक्षा की रक्षा के महत्व पर चर्चा करनै के लिए करेंगे। इसने कहा कि वह बच्चों की सुरक्षा के लिए कांग्रेस से कानून पारित करने और प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले डेटा संग्रह को सीमित करने के लिए अपने आह्वान को भी दोहराएंगे। लोकप्रिय चैटजीपीटी एआई चैटबॉट के जारी होने के बाद कृत्रिम मेधा का विषय राष्ट्रीय चर्चा का प्रमुख विषय बन गया है जिससे तकनीकी दिग्गजों के बीच ऐसे ही उपकरण विकसित करने की आपसी होड़ बढ़ी है और नैतिक तथा सामाजिक चिंताएं भी बढ़ी हैं। इस परिषद को पीसीएएसटी के नाम से जाना जाता है। इसमें विज्ञान, अभियंत्रिकी, तकीनीकी और मेडिकल विशेषज्ञ शामिल हैं।

## फुकुशिमा रिएक्टर के अंदर की नई तस्वीरों से सुरक्षा संबंधी चिंता पैदा हुई

**तोक्यो।** सुनामी से तबाह हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र के तीन पिघले हुए रिएक्टर में से एक के अंदर रोबोट से ली गई तस्वीरों में मुख्य आधार संरचना में स्टील की छड़ें और इसकी मोटी बाहरी कंक्रीट की दीवार के कुछ हिस्से गायब दिखाई दे रहे हैं, जिससे किसी अन्य बड़ी आपदा की स्थिति में संयंत्र के भूकंप-रोधी बने रहने को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। संयंत्र की संचालक कंपनी तोक्यो इलेक्ट्रिक पॉवर कंपनी होल्डिंग्स पिछले साल से ही प्रथम इकाई के प्राथमिक नियंत्रण कक्ष के अंदर रोबोट के माध्यम से निरीक्षण करा रही है। मंगलवार को जारी नया निष्कर्ष मार्च के अंत में की गई नवीनतम जांच के परिणामस्वरूप आया है। पानी के भीतर भी रिमोट संचालित रोबोट रोव-ए2 को प्रथम इकाई के अंदर भेजा गया था, जो मूल संरचना के ठीक नीचे एक सहायक संरचना है। रोबोट ने 12 साल पहले भूकंप और सुनामी के बाद पहली बार इस तरह की छवि कैद की है।

## स्वीडन में संदेह में पांच लोग गिरफ्तार

**स्टॉकहोम।** स्वीडन मे आतंकवादी गतिविधियों मे मदद करने और उन्हे बढ़ावा देने के संदेह मे पांच लोगो को गिरफ्तार किया गया है। स्वीडन की एसएपीओ नामक आंतरिक सुरक्षा एजेसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसएपीओ के मुताबिक यह गिरफ्तारियां स्टॉक्होम मे जनवरी मे कुरान जलाए जाने की घटना से संबंधित है।

## कोसोवो के पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वह निर्दोष हैं

**हेग।** कोसोवो के पूर्व राष्ट्रपति हाशिम थाची ने मानवता के खिलाफ युद्ध अपराधो और अन्य अपराधो के 10 मामलो मे उनके खिलाफ चल रहे मुकदमे की सुनवाई कर रहे अंतरराष्ट्रीय न्यायाधीशो के एक पैनल से मंगलवार को कहा कि वह निर्दोष है। न्यायाधीशो से कहा कि उन्हे उम्मीद है कि सारे सबूत उनके बरी होने के पक्ष मे होगे, उन्होने कहा कि "जब निर्दोषो के पीछे पड़ा जाता है, तब पीड़ितों को न्याय नही मिलता है। मै इन सभी आरोपो के लिहाज से निर्दोष हूं।

## ऑस्ट्रेलिया ने भी टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने भी आखिरकार सरकारी उपकरणो मे चीन के वीडियो ऐप टिकटॉक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही वह अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और न्यूजीलैड के तथाकथित फाइव आइज खुफिया गठबंधन का आखिरी देश बन गया है जिन्होने सरकारी उपकरणो मे टिकटॉक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया है। अटॉर्नी जनरल मार्क ड्रेफुस ने मंगलवार को एक बयान मे कहा कि खुफिया और सुरक्षा एजेसियो की सलाह पर प्रतिबंध जल्द से जल्द लागू होगा।

## फलस्तीनी ने दो सैन्य ठिकानों के पास इजराइलियों को चाकू मारा

**यरुशलम।** तेल अवीव के दक्षिण मे स्थित एक सैन्य ठिकाने के पास एक संदिग्ध फलस्तीनी ने मंगलवार को दो इजराइलियो को चाकू मार दिया। मैगन डेविड एडोम पैरामेडिक सर्विस ने बताया कि सीफिन सैन्य अड्डे के पास एक राजमार्ग पर चाकूबाजी की इस घटना मे घायल व्यक्तियों को चिकित्साकर्मियो ने प्राथमिक उपचार दिया। बाद मे उन्हे उनकी चोटो के इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। इजराइली मीडिया ने दोनो पीड़ितों की पहचान सैनिको के रूप मे की। संदिग्ध के बारे मे जानकारी स्पष्ट नही है। फलस्तीनियो ने पिछले एक साल मे इजराइली सुरक्षा कर्मियो और नागरिको पर कई हमले किए है।

## सीरिया में वरिष्ठ आईएस कमांडर को मारा : अमेरिकी

**बेरूत।** उत्तर पश्चिम सीरिया मे अमेरिकी सेना के नेतृत्व मे ड्रोन से किए गए हमले मे इस्लामिक स्टेट संगठन का एक वरिष्ठ सदस्य मारा गया, जो यूरोप मे हमलो की साजिश रचने के लिए जिम्मेदार था। अमेरिकी सेना मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना के बयान के अनुसार, सोमवार को हुए हमले मे मारे गए व्यक्ति की पहचान खालिद अय्यद अहमद अल-जबौरी के रूप मे हुई है। अमेरिकी सेना के बयान मे कहा गया है कि जबौरी की मौत से विदेशो मे हमलो की साजिश रचने की संगठन की क्षमता अस्थाई रूप से बाधित होगी।

## द हेग के समीप ट्रेन हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**द हेग (नीदरलैंड)।** डच इमर्जेन्सी सर्विसेज ने बताया कि द हेग के पास मंगलवार को तड़के एक ट्रेन के आंशिक रूप से पटरी से उतर जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा करीब 30 यात्री घायल हो गए। घायलो मे से कुछ की हालत नाजुक बताई जाती है। पटरी से उतर जाने के बाद ट्रेन का एक डिब्बा बगल मे खेत मे जा गिरा। टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों मे एक व्यक्ति को ट्रेन तक पहुंचने के लिए रेलमार्ग के साथ बह रही एक नहर को पार करने के वास्ते अस्थाई पुल का इस्तेमाल करते हुए देखा गया।

# ट्रंप के आपराधिक मामले से जुड़ा घटनाक्रम

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)



**अमेरिका के** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामले में मंगलवार को मैनहट्टन की अदालत में पेश हो सकते हैं। वह आपराधिक आरोप का सामना करने वाले देश के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं। ट्रंप पर आपराधिक मामले से जुड़ा घटनाक्रम इस प्रकार है :

2006 : वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स ने बताया कि उन्होंने नेवादा में लेक टाहो में सेलिब्रिटी गोल्फ टूर्नामेंट में ट्रंप से मुलाकात की थी। 2007 : एक साल बाद ट्रंप ने डेनियल्स से कहा कि वह एक कार्यक्रम में शामिल होने पर चर्चा करने के लिए लॉस एंजिलिस के बेवर्ली हिल्स होटल में उनके बंगले में आकर उनसे मिले। 2011 : डेनियल्स ने इन टच मैगजीन को साक्षात्कार दिया जिसमें उन्होंने ट्रंप के साथ कथित संबंधों की जानकारी दी।जुलाई 2016 : ट्रंप ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करने के एक साल बाद राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी का नामांकन हासिल किया। अक्टूबर 2016 : वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, उस वक्त ट्रंप के वकील माइकल कोहेन ने ट्रंप के साथ कथित संबंधों के बारे में चुप रहने के लिए डेनियल्स को ।,30,000 डॉलर का भुगतान करने की व्यवस्था की। नवंबर 2016 : ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की। जनवरी 2018 : वॉल स्ट्रीट जर्नल ने डेनियल्स से कोहेन के सौदे की खबर दी। एक बार फिर ट्रंप और कोहेन ने डेनियल्स को पैसे देने की बात से इनकार किया। फरवरी 2018 : कोहेन ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि उन्होंने अपने पैसों से डेनियल्स को भुगतान किया और ट्रंप की कंपनी या प्रचार अभियान के कहने पर ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कभी उन्हें भुगतान के लिए कोई रकम नहीं दी। अप्रैल 2018 : ट्रंप की डेनियल्स को भुगतान करने की बात जनवरी में सार्वजनिक हो गई। जुलाई 2018 : उस समय ट्रंप के निजी वकील रहे रुडी गुइलानी ने फॉक्स न्यूज को बताया कि डेनियल्स को भुगतान करना प्रचार अभियान का वित्तीय उल्लंघन नहीं था क्योंकि पैसा एक कानूनी कंपनी के जरिए दिया गया और ट्रंप ने कोहेन को भुगतान कर दिया था।अगस्त 2018 : कोहेन ने मैनहट्टन की संघीय अदालत में आपराधिक आरोपों का दोष स्वीकार कर लिया।अगस्त 2019 : उस समय मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी साइरस वैंस ने मामले को रफा-दफा करने के लिए दिए गए पैसों के रिकॉर्ड के लिए ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन को सम्मन जारी किया।मई 2020 : कोविड-19 संबंधी चिंताओं के कारण कोहेन को जेल से रिहा कर दिया गया और बाकी की सजा घर में नजरबंद रहते हुए काटने का आदेश दिया गया। दिसंबर 2022 : मैनहट्टन में न्यूयॉर्क स्टेट कोर्ट में मुकदमे के बाद ट्रंप ऑर्गेनाइजेशन को कर चोरी का दोषी पाया गया। कंपनी पर एक महीने बाद 16 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया। जनवरी 2023 : मामले को रफा-दफा करने के लिए किए गए भुगतान में ट्रंप की कथित भूमिका के बारे में एक ग्रैंड जूरी के सामने साक्ष्य पेश किए गए। मार्च 2023 : मैनहट्टन के अभियोजकों ने ट्रंप से ग्रैंड जूरी के समक्ष गवाही देने को कहा, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया। कोहेन ने गवाही दी जबकि डेनियल्स ने अभियोजकों से मुलाकात की। अप्रैल 2023 : ट्रंप मैनहट्टन अदालत में पेश होने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे।

## ताइवान अमेरिकी सदन के अध्यक्ष से मुलाकात से पहले चीन के दबाव में नही आया

भाषा। ताइपे

**ताइवान** *की राष्ट्रपति* साई इंग-वेन बुधवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैककार्थी से मुलाकात कर सकती हैं और इससे पहले जवाबी कार्वाई की चीन की धमकी का ताइवान पर कोई असर नहीं दिखाई दिया है। ताइवान की राष्ट्रपति इंग-वेन लैटिन अमेरिका, बेलीज और ग्वाटेमाला में अपने बचे हुए कूटनीतिक सहयोगी देशों की यात्रा कर रही हैं। उनकी इस यात्रा में राजनीतिक रूप से सबसे संवेदनशील मुलाकात लॉस एंजिलिस में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव) के अध्यक्ष केविन मैककार्थी के साथ होगी। ताइवान के लिए विदेशी समर्थन दर्शाने के लिहाज से यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ताइवान और अमेरिका के लिहाज से भी इस यात्रा के अलग मायने हैं क्योंकि चीन इस द्वीपीय देश को अपना हिस्सा मानता है और अमेरिका एवं ताइवान के अधिकारियों के बीच किसी भी बातचीत को अपनी संप्रभुता के लिए चुनौती के रूप में देखता है।

## क्विक न्यूज

### लाहौर की अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री खान की अंतरिम जमानत 13 अप्रैल तक बढ़ाई

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की एक आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तीन मामलों में मिली अंतरिम ज़मानत को मंगलवार को 13 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया। यह मामले पिछले महीने लाहौर में उनके आवास के बाहर उनके समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प को लेकर दर्ज किए गए थे। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, खान निजी क्षमता से अदालत में पेश हुए, जिसके बाद एटीसी न्यायाधीश ए. गुल खान ने आदेश जारी करते हुए 70 वर्षीय खान की जमानत अवधि बढ़ा दी।

### बिलावल को पाक में मार्शल लॉ लगने की आशंका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने आशंका जताई है कि अगर पंजाब में प्रांतीय चुनाव स्थगित करने के मामले की सुनवाई के लिए उच्चतम न्यायालय की बड़ी पीठ का गठन नहीं किया गया तो देश में आपातकाल या मार्शल लॉ लागू हो सकता है। बिलावल की चिंता नकदी की कमी से जूझ रहे देश में जारी राजनीतिक और न्यायपालिका संकट से संबंधित है, जिसमें शीर्ष अदालत ने पंजाब विधानसभा चुनाव स्थगित करने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की याचिका पर सुनवाई की।

### पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने पंजाब में चुनाव स्थगित करने के निर्णय को असंवैधानिक करार दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने पंजाब प्रांत में चुनाव आठ अक्टूबर तक स्थगित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को मंगलवार को असंवैधानिक करार दिया, जो संघीय सरकार के लिए एक झटका है। संघीय सरकार सुरक्षा मुद्दों और आर्थिक संकट का हवाला देते हुए प्रांतीय चुनाव में देरी करने की कोशिश कर रही थी। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने प्रांत में मतदान के लिए 14 मई की तारीख भी तय की। बाइस मार्च को, पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत में विधानसभा चुनाव पांच महीने से अधिक समय के लिए टाल दिए।

### कर घोटाले से निपटने के शोल्ज के तरीके की जांच कराई जाए : जर्मनी की विपक्षी पार्टी

**बर्लिन।** जर्मनी की मुख्य विपक्षी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि वह ओलाफ शोल्ज़ के चांसलर बनने से पहले हुए एक निजी बैंक से जुड़े कर चोरी घोटाले से निपटने के उनके तरीके की संसदीय जांच की मांग करेगी। मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी यूनियन ब्लॉक ने कहा कि वह राष्ट्रीय संसद से मांग करेगी कि ईस्टर की छुट्टियों के बाद अप्रैल के मध्य में संसद सत्र शुरू होने के बाद जांच आयोग का गठन किया जाए। यह मुद्दा लंबे समय से चला आ रहा है।

### मैक्रों चीन की यात्रा पर यूक्रेन, व्यापार पर करेंगे बातचीत

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुअल मैक्रों चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं और इस दौरान व्यापार पर सख्त बातचीत के साथ यूक्रेन में युद्ध भी चर्चा का अहम मुद्दा रहेगा। ऐसी उम्मीद है कि मैक्रों रूस को हथियार भेजने के खिलाफ चीन को आगाह कर सकते हैं और इसके बजाय उससे अपने प्रभाव का इस्तेमाल शांति प्रयासों में करने के लिए कह सकते हैं।

# भारतीय छात्र ने हिंदू पहचान के चलते लंदन के शीर्ष विवि में निशाना बनाए जाने का दावा किया

भाषा। लंदन



**भारत के एक छात्र ने** दावा किया है कि भारतीय और हिंदू पहचान के चलते उसकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर चलाए गए एक अभियान के परिणामस्वरूप लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) छात्र संघ चुनावों के लिए उसे अयोग्य करार दे दिया गया। हरियाणा निवासी छात्र करण कटारिया लंदन के इस विश्वविद्यालय में कानून में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहा है। कटारिया ने कहा कि वह अन्य छात्रों के समर्थन से एलएसई छात्र संघ चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित हुआ। हालांकि, उसे पिछले हफ्ते अयोग्य करार दे दिया गया। उसका मानना है कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और उसे अपना पक्ष पूरी तरह से रखने का मौका नहीं दिया गया। दुर्भाग्य से कुछ लोग एक भारतीय-हिंदू को एलएसई छात्र संघ का नेतृत्व करते नहीं देखना चाहते थे और मेरे चरित्र तथा पहचान को दागदार करने की कोशिश की...। कटारिया (22) ने कहा, जब मैंने एलएसई में अपने स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू की थी, तब मुझे पूरी उम्मीद थी कि मैं छात्र कल्याण के लिए अपने जुनून को पूरा करूंगा। लेकिन मेरे सपने उस वक्त बिखर गए, जब भारतीय और हिंदू पहचान के चलते मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझ कर तैयार किया गया एक अभियान शुरू किया गया। कटारिया एक मध्यवर्गीय कृषक पृष्ठभूमि से है और खुद को अपने परिवार में विश्वविद्यालय स्नातक की पहली पीढ़ी बताता है।

## पता लगा रहे हैं कि चीन जासूसी गुब्बारे से क्या खुफिया सूचना हासिल कर पाया : पेंटागन

वाशिंगटन, चार अप्रैल (भाषा) अमेरिका ने कहा है कि वह अब भी इस बात का आकलन कर रहा है कि चीन जासूसी गुब्बारे से वास्तव में क्या खुफिया जानकारी हासिल कर पाया। फरवरी में चीन का यह जासूसी गुब्बारा अमेरिकी सेना के संवेदनशील स्थलों के ऊपर से गुजरता दिखा था। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन की यह टिप्पणी उस मीडिया रिपोर्ट के बाद आई है जिसमें कहा गया है कि चीनी जासूसी गुब्बारे ने इलेक्ट्रॉनिक संकेतों के माध्यम से कुछ अमेरिकी सैन्य स्थलों के बारे में जानकारी एकत्र की है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, फिलहाल, हम अब भी इस बात का आकलन कर रहे हैं कि वास्तव में वह कौन सी खुफिया जानकारी थी जिसे चीन इकट्ठा करने में सक्षम था, लेकिन हम जानते हैं कि हमने जो

# बांग्लादेश के कपड़ा बाजार में भीषण आग लगी, आठ घायल



भाषा। ढाका

**बांग्लादेश** की राजधानी में कपड़ों के एक बड़े बाजार बंगबाजार में मंगलवार तड़के आग लग गई जिसमें दो दमकल कर्मियों समेत आठ लोग घायल हो गए। अग्निशमन सेवा और नागरिक रक्षा की मीडिया शाखा के प्रभारी शाहजहां शिकदर ने बताया कि बंगबाजार में सुबह छह बजकर करीब 10 मिनट पर आग लगी थी जिसपर छह घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर 12 बजकर 36 मिनट पर काबू किया जा सका। तेज हवाओं के कारण आग को आस-पास की इमारतों में फैलते देखा गया। आग की लपटें अब भी विभिन्न स्थानों पर देखी जा सकती हैं। बीडीन्यूज़24.कॉम पोर्टल की खबर के मुताबिक, बांग्लादेश की वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने आग को बुझाने के लिए बाजार पर पानी का छिड़काव किया।

## करतारपुर जैसा गलियारा खोलने से जुड़े प्रस्ताव को स्वीकृत करने के सिलसिले में पीओके कर रहा पड़ताल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की सरकार ने कश्मीर के दोनों हिस्सों को जोड़ने के लिए करतारपुर जैसा एक गलियारा खोलने की मांग करने वाले एक प्रस्ताव को क्षेत्र की विधानसभा में स्वीकृत करने के सिलसिले में तथ्यों का पता लगाने के वास्ते एक पड़ताल शुरू की है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार में मंगलवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, पीओके के प्रधानमंत्री सरदार तनवीर इलियास खान ने हुयित नेताओं के सम्मान में अपनी मेजबानी में आयोजित एक रात्रिभोज के दौरान दिए भाषण में यह योजना साझा की।

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that, I, Ram Kumar Dagar S/o Rati Ram Dagar employed as DY. COMDT in BSF (Border Security Force) R/o VPO Jindoli Alwar, Rajasthan-301404 declare that name of mine has been wrongly written as RAM KUNVAR JAT, in my 10th & 12th educational documents and as Ram Kawar in BA educational documents. The Actual name of mine is RAM KUMAR DAGAR, which may be amended accordingly. Objection if any shall be communicated to Commandant 146 Bn BSF (Border Security Force)- Khanetar Nallah Poonch (Jammu) within one week from publication of this notice.

**NOTICE**

We Mrs. Jitender Kaur Bhasin W/o Mr. Parminder Singh Bhasin R/o H. No. - D-2/4, Model Town,Delhi - 110009, and Mr. Pawanjot Singh S/o Mr. Parminder Singh Bhasin R/o H. No. - D-2/4, Model Town, Delhi -110009, declare that we had purchased a property bearing No. Spira - 4019 in project Supertech Supernova, located at Sector-94, Noida, U.P. We have lost the original allotment letter of the above said property. We Request M/s Supertech Realtors Pvt. Ltd. to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have any objection, He/She may contact to M/s Supertech Limited office, Plot No. C-2, Sector 96, Noida - 201303, U.P. within 15 Days.

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large of **Mrs. Aaysha** who is purchasing the **Third Floor with roof rights of Property bearing No. 38 area measuring 51.1/4 sq. yards** i.e. **42.85 sq. meters out of Khasra No. 27/20, Situated at abadi of Brij Puri Extension-2 in the area of Village Khureji Khas, Illaqa Shahdara Delhi-110051** from **Mrs. Sahana** who had owner through GPA Dated 15.12.2009 (as doc. No. 11604), and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP - 201301; Contact # 0120-4269379

# ईस्टर अंडे: चिकन से चॉकलेट तक का विकास

भाषा। वारविक (यूके)



**बहुत सारी** ईस्टर परंपराएं - रविवार को हॉट क्रॉस बन्स और लैंब सहित - मध्यकालीन ईसाई या इससे भी पहले के मूर्तिपूजक विश्वासों से उपजी थीं। हालाँकि, चॉकलेट ईस्टर एग की परंपरा इस त्यौहार में आया एक आधुनिक मोड़ है।

सदियों से ईस्टर पर मुर्गी के अंडे खाए जाते रहे हैं। अंडे लंबे समय से पुनर्जन्म और नवीनीकरण का प्रतीक रहे हैं, जो उन्हें ईशु के पुनरुत्थान की कहानी के साथ-साथ वसंत के आगमन की याद दिलाने के लिए एकदम सही लगते हैं। हालाँकि आजकल अंडे लेंट के उपवास की अवधि के दौरान खाए जा सकते हैं, मध्य युग में उन्हें मांस और डेयरी के साथ प्रतिबंधित कर दिया गया था। मध्ययुगीन रसोइए अक्सर इसके आसपास के आश्चर्यजनक तरीके ढूंढते थे, यहां तक कि उनकी जगह लेने के लिए नकली अंडे भी बनाते थे। ईस्टर के लिए - उत्सव की अवधि में - अंडे और मांस खाने की मेज पर वापस आ गए थे। एक बार उपवास के भोजन में अंडे के इस्तेमाल की अनुमति दिए जाने के बाद, अंडों ने ईस्टर दावत में एक विशेष स्थान बनाए रखा। सत्रहवीं शताब्दी की कुकबुक के लेखक जॉन म्यूरेल ने "अंडे विद ग्रीन सॉसै की सिफारिश की। यह सॉस सॉरेल के पत्तों से बनाई जाने वाली चटनी होती थी। पूरे यूरोप में, गुड फ्राइडे के दिन स्थानीय चर्च को एक प्रकार के वार्षिक किराए के रूप में अंडे देने का भी चलन था। शायद यहीं से उपहार के रूप में अंडे देने का विचार आया। सुधार के बाद कई प्रोटेस्टेंट क्षेत्रों में यह प्रथा समाप्त हो गई, लेकिन कुछ अंग्रेजी गांवों ने इस परंपरा को 19वीं शताब्दी तक जारी रखा। यह ठीक से ज्ञात नहीं है कि लोगों ने कब अपने अंडों को सजाना शुरू किया, लेकिन शोध ने 13वीं शताब्दी की ओर इशारा किया है, जब राजा एडवर्ड प्रथम ने अपने दरबारियों को सोने की पत्ती में लिपटे अंडे दिए थे। कुछ सदियों बाद, हम जानते हैं कि पूरे यूरोप में लोग अपने अंडों को अलग-अलग रंगों से सजा रहे थे। वे आमतौर पर पीले रंग को चुनते हैं, प्याज के छिलके का उपयोग करते हैं, या लाल, मैडर जड़ों या चुकंदर का उपयोग करते हैं। लाल अंडे को ईसा मसीह के खून का प्रतीक माना जाता है। 17वीं सदी के एक लेखक ने सुझाव दिया कि यह प्रथा मेसोपोटामिया के शुरुआती ईसाइयों में प्रचलित थी।

### रंगे हुए अंडे से लेकर चॉक्लेट अंडे तक

हालाँकि पैटर्न वाले अंडो को रंगना अभी भी एक सामान्य ईस्टर गतिविधि है, इन दिनो अंडे आमतौर पर चॉक्लेट से जुड़े होते है। लेकिन यह परपरा कब शुरू हुई? 17वी शताब्दी मे जब चॉक्लेट ब्रिटेन मे आई, तो यह एक रोमांचक और बहुत महंगी चीज हुआ करती थी। 1669 मे, अर्ल ऑफ सैंडविच ने किंग चार्ल्स द्वितीय की एक चॉक्लेट रेसिपी के लिए 227 पाउंड का भुगतान किया जो आज के लगभग 32,000 पाउंड के बराबर है। आज चॉक्लेट ठोस रूप मे मिलती है, लेकिन तब यह केवल एक पेय था और आमतौर पर एज़्टेक और माया परंपराओं का पालन करते हुए इसमे मिर्च मिलाया जाता था। अंग्रेजो ने इससे पहले इस तरह के किसी विदेशी नए पेय का स्वाद नही चखा था। एक लेखक ने इसै अमेरिकी अमृतै : देवताओ के लिए एक पेय कहा। चॉक्लेट जल्द ही अभिजात वर्ग के लिए एक फैशनेबल पेय बन गया, जिसे अक्सर इसकी उच्च कीमत के कारण महंगे उपहार के रूप मे दिया जाता था, आज भी इस परंपरा का पालन किया जाता है।

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप की वजह से चार की मौत

भाषा। वेलिंगटन

**पापुआ न्यू** गिनी के दूरदराज़ के इलाके में भूकंप के तेज़ झटकों की वजह से चार लोगों की मौत हो गई तथा 300 से ज्यादा मकान तबाह हो गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। वहीं आपदा राहत अधिकारियों ने मंगलवार को नुकसान का और आकलन किया। दूरस्थ इलाके में सोमवार को 7.0 तीव्रता का भूकंप आया था जिससे प्रशांत क्षेत्र के देश के उत्तरी हिस्से में चम्बरी झील में भूकंप के केंद्र के पास ज़मीन में गहरी दरारें पड़ गई थीं। पोर्ट मोरेस्बी भूभौतिकीय वेधशाला में कार्यवाहक सहायक निदेशक मैथ्यू मोइहोई ने बताया कि यह क्षेत्र दलदली है और लोग शिकार और मछली पकड़कर अपनी गुजर बसर करते हैं। दूरदराज़ का क्षेत्र होने और संचार की व्यवस्था भी ठीक नहीं होने की वजह से इस बात का पता लगाने में कई दिन लग सकते हैं कि भूकंप की वजह से कितना नुकसान हुआ है।

## उत्तरी इराक से तेल निर्यात बहाल करने पर अधिकारियों के बीच करार पर बनी सहमति

**इरबिल (इराक)।** इराक की केंद्र सरकार और अर्ध-स्वायत्त कुर्दिश क्षेत्र के अधिकारियों के बीच उत्तरी इराक से पाइपलाइन के जरिए तुर्की को तेल निर्यात बहाल करने को लेकर मंगलवार को करार पर अंतिम रूप से सहमति बनी। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और अर्ध-स्वायत्त कुर्दिश क्षेत्र के प्रधानमंत्री मसरूर ने बगदाद में संवाददाता सम्मेलन में इस करार की घोषणा की।

# प्रधानमंत्री ने भूटान नरेश से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ दोनों देशों के राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों पर विस्तृत चर्चा की।

यह पूछे जाने पर कि क्या बातचीत के दौरान डोकलाम का मुद्दा भी उठा, विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत और भूटान सुरक्षा से जुड़े विषयों पर करीबी सम्पर्क में बने हुए हैं। क्वात्रा ने संवाददाताओं को बताया कि भूटान नरेश की भारत यात्रा विविध क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और व्यापक बनाने का खाका तैयार करती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने अपने अपने राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सम्पूर्ण आयामों पर चर्चा की। थिम्पू पर प्रभाव बढ़ाने के चीन के प्रयासों को लेकर नई दिल्ली की कुछ चिंताओं के बीच भूटान नरेश ने सोमवार को भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा शुरू की। डोकलाम विवाद पर भूटान के प्रधानमंत्री लोते शेरिंग की हाल की कुछ टिप्पणियों को लोगों ने पड़ोसी देश के चीन के करीब जाने के रूप में देखा, हालांकि भूटान ने कहा कि सीमा विवाद पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर भूटान नरेश की अगवानी की थी। यह भूटान नरेश की इस यात्रा को नई दिल्ली द्वारा दिए गए महत्व को दर्शाता है।

जयशंकर ने सोमवार शाम को भूटान नरेश से मुलाकात की थी और कहा था कि भूटान के भविष्य और भारत के साथ अनूठी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नरेश के दृष्टिकोण की सराहना की जाती है।

भूटान भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देश है और पिछले कुछ वर्षों में दोनों पक्षों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 में डोकलाम में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 73 दिनों तक चले टकराव की पृष्ठभूमि में पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों में तेजी देखी गई है।

डोकलाम पठार को भारत के सामरिक हित के लिहाज से एक महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। डोकलाम ट्राई-जंक्शन पर 2017 में गतिरोध तब शुरू हुआ था जब चीन ने उस क्षेत्र में सड़क का विस्तार करने की कोशिश की थी, जिसके बारे में भूटान ने दावा किया था कि वह उसका है। भारत ने निर्माण का कड़ा विरोध किया था क्योंकि इससे उसके समग्र सुरक्षा हित प्रभावित होते। भारत-चीन के बीच गतिरोध कई दौर की बातचीत के बाद सुलझा। अक्टूबर 2021 में, भूटान और चीन ने अपने सीमा विवाद को हल करने के लिए बातचीत में तेजी लाने के लिए तीन-चरणीय कार्ययोजना को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। भूटान चीन के साथ 400 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा साझा करता है और दोनों देशों ने विवाद को हल करने के लिए सीमा वार्ता के 24 से अधिक दौर आयोजित किए हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा था कि डोकलाम में सीमा विवाद को सुलझाने में चीन की भी बराबर की भूमिका है। भारत लगातार भूटान का शीर्ष व्यापारिक भागीदार रहा है और भूटान में निवेश का प्रमुख स्रोत बना हुआ है।



## काशी तमिल संगमम ने राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने के प्रयासों को तेज करने के लिए प्रेरित किया: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगमम के अपने अनुभवों को साझा करते हुए तमिलनाडु के लोगों से कहा है कि इस आयोजन ने उन्हें राष्ट्र की एकता को और मजबूत करने के प्रयासों को तेज करने के लिए प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल नवंबर में वाराणसी में एक महीने तक आयोजित किए गए कार्यक्रम काशी तमिल संगमम का उद्घाटन किया था। यह आयोजन भारत के उत्तर और दक्षिण के बीच ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों के कई पहलुओं का जश्न है। इसका प्रमुख उद्देश्य ज्ञान और सांस्कृतिक परंपराओं (उत्तर एवं दक्षिण की) को करीब लाना, हमारी साझा विरासत की समझ विकसित करने के साथ इन क्षेत्रों के लोगों के बीच संबंध को और मजबूत करना है तमिलनाडु के लोगों द्वारा वाराणसी में संगमम में अपने अनुभव साझा करने के लिए लिखे गए सैकड़ों पत्रों से उत्साहित मोदी ने उन्हें पत्र लिखा है और उन्हें एक भारत, श्रेष्ठ भारत का ध्वजवाहक बताया है। मोदी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा है कि लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से काशी की संस्कृति और उसके लोगों के बारे में करीब से जानने का अवसर मिला।

## आपदा के प्रभाव से निपटने के लिए एकीकृत रवैया अपनाना होगा: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपदा के प्रभाव से निपटने के लिए एकीकृत रवैया अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि एक क्षेत्र में आपदा का दूसरे क्षेत्र पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। पांचवें अंतरराष्ट्रीय आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना सम्मेलन (आईसीडीआरआई) को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने आपदाओं का सामना करने में सक्षम अवसंरचना के निर्माण में स्थानीय ज्ञान के कुशल उपयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। आईसीडीआरआई आपदा और जलवायु अनुकूलन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे पर वैश्विक पहल को मजबूती प्रदान करने के वास्ते सदस्य देशों, संगठनों तथा संस्थानों के गठबंधन का वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। प्रधानमंत्री ने कहा, निकटता से जुड़ी दुनिया में, आपदाओं का प्रभाव केवल स्थानीय नहीं होगा, बल्कि एक क्षेत्र में आपदा का अलग क्षेत्र में बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, हमारी प्रतिक्रिया एकीकृत होनी चाहिए, अलग-थलग नहीं। उन्होंने कहा कि 40 देश कुछ वर्षों में आईसीडीआरआई के लिए गठबंधन का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन उन्नत और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं, बड़े और छोटे देशों और वैश्विक उत्तर और वैश्विक दक्षिण को एक मंच पर लाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचा केवल रिटर्न के बारे में नहीं है, बल्कि पहुंच और लचीलेपन के बारे में भी है। बुनियादी ढांचे के बारे में समग्र दृष्टिकोण रखने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐसी चीज है जिसमें किसी को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए और संकट के समय लोगों की सेवा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचा उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि परिवहन बुनियादी ढांचा। लचीली और समावेशी अवसंरचना इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है। प्रधानमंत्री ने भारत और यूरोप में लू, चक्रवात और तुर्किए एवं सीरिया में हाल में आए भूकंप की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हालिया आपदाएं विश्व के सामने मौजूद चुनौतियों की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्साहजनक है कि सरकारों के अलावा वैश्विक संस्थान, निजी क्षेत्र और इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भी इसमें शामिल हैं।

# सामाजिक न्याय के बारे में बोलने के लिए विश्वसनीयता खो चुके हैं स्टालिन : भाजपा

भाषा। चेन्नई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) प्रायोजित ऑल इंडिया फेडेरेशन फॉर सोशल जस्टिस (एआईएफएसजे) द्वारा आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के भाषण की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक न्याय के बारे में बात करने की विश्वसनीयता खो दी है।

भाजपा ने सवाल किया कि पिछले दिसंबर से वेंगैवयाल मानव मल कांड में अब तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया है।

स्टालिन ने सोमवार को दिल्ली में आयोजित एआईएफएसजे के पहले सम्मेलन में अपने संबोधन में कर्नाटक में मुसलमानों के लिए आरक्षण खत्म करने को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए कहा था कि राज्य में विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया गया है।

इस सम्मेलन में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम एचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के डी राजा समेत विपक्षी दलों के कई नेताओं ने हिस्सा लिया था।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने पीटीआई-भाषा से कहा, एम के स्टालिन ने सामाजिक न्याय की बात करने की विश्वसनीयता खो दी है। वेंगैवयाल घटना को हुए तीन महीने हो चुके हैं और एक भी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

गौरतलब है कि तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के वेंगैवयाल में पिछले साल दिसंबर में एक दलित कॉलोनी में पीने के पानी की आपूर्ति करने वाली एक ओवरहेड पानी की टंकी में मानव मल पाए जाने की घटना सामने आई थी। तमिलनाडु सरकार ने इस घटना की जांच के लिए सीआईडी टीम का गठन किया था।

कर्नाटक में सामाजिक न्याय की हत्या करने के स्टालिन के आरोपों को लेकर नारायण तिरुपति ने कहा, हम यह स्वीकार करते हैं कि मुस्लिम समुदाय आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है और यही कारण है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में 10 प्रतिशत में से तीन प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को आवंटित किया गया है। यह कर्नाटक सरकार ने है जिसने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को दो प्रतिशत अधिक आरक्षण दिया है।

भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने भी स्टालिन के विचारों को सिरे से खारिज कर दिया।

के. अन्नामलाई ने ट्वीट किया, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने अपनी आंखें बंद कर ली हैं और कहते हैं कि दुनिया में अंधेरा है। सामाजिक न्याय महासंघ को पेश करने का उनका प्रयास और कल उन्होंने जो भाषण दिया, वह इसका उदाहरण है।

## क्विक न्यूज

### आर्गेनाइजर पत्रिका ने समलैंगिक संबंधों की विवाह से तुलना का किया विरोध

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से प्रेरित आर्गेनाइजर पत्रिका ने समलैंगिक विवाह को कानूनी वैधता प्रदान करने का विरोध करते हुए कहा है कि वैवाहिक मुद्दो पर भारतीय परिप्रेक्ष्य को केंद्र मे रखकर विचार किया जाना चाहिए। इस विषय पर उच्चतम न्यायालय विचार कर रहा है। आर्गेनाइजर पत्रिका के संपादक प्रफुल्ल केतकर ने संपादकीय मे कहा, विवाह की तुलना समलैंगिक संबंधो से किया जाना एक और अतिरेक है। भारतीय परंपरा और कानून मे विवाह रूपी संस्था अनुबंध या कानूनी पंजीकरण से परे है। वैवाहिक मुद्दो पर चर्चा करते हुए भारतीय परिप्रेक्ष्य को केंद्र में रखा जाना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में न्यायमूर्ति एस एन ढींगरा (सेवानिवृत) सहित पूर्व न्यायाधीशो के एक समूह द्वारा इस मुद्दे पर जारी किए गए बयान का भी उल्लेख किया। संपादकीय मे कहा गया है कि पूर्व न्यायाधीशो ने इस मुद्दे को उच्चतम न्यायालय में रखने वाले लोगों सहित समाज के सजग सदस्यों से ऐसा करने से बचने का आग्रह किया है।

### भारती पवार नासिक में सावरकर गौरव यात्रा में शामिल हुईं

**नासिक।** केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती पवार ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक शहर मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सावरकर गौरव यात्रा मे हिस्सा लिया। यात्रा अदगांव नाका मे स्वातंत्र्यवीर सावरकर स्मारक से शुरू हुई और नासिक पूर्व विधानसभा क्षेत्र के पंचवटी कारंजा मे संपन्न हुई। स्मारक पर सावरकर को पुष्पांजलि अर्पित की गई और मी सावरकर लिखी भगवा टोपी पहने लोगों ने शहर के कुछ हिस्सो मे मार्च किया। यात्रा मे केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री डॉ. भारती पवार, नासिक पूर्व के विधायक राहुल ढिकले, भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सावजी और बालासाहेब सनप और पार्टी की शहर इकाई के अध्यक्ष गिरीश पालवे ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी और शिंदे नीत शिवसेना ने पिछले महीने घोषणा की थी कि देश मे सावरकर के योगदान का सम्मान करने और उनके खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना के जवाब में महाराष्ट्र के प्रत्एक जिले में सावरकर गौरव यात्रा निकाली जाएगी।

### हम नहीं मानते की मोदी अपनी डिग्री की वजह से पीएम हैं : जयंत

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता जनता मे बहस का मुद्दा बन गई है तब संबंधित अधिकारियो को उठाए गए सवालो का जवाब देना चाहिए। उन्होंने साथ ही जोर देकर कहा कि राकांपा नही मानती कि मोदी अपनी डिग्री की वजह से प्रधानमंत्री है। पाटिल ने कहा, ऐसा नही है कि मोदी अपनी डिग्री की वजह से प्रधानमंत्री बने है। प्रधानमंत्री ने अपनी शैक्षणिक योग्यता सार्वजनिक की है और अगर उसके बारे में सवाल उठाया गया है और लोग उसपर चर्चा भी कर रहे है तो यह मामला विस्तार से विश्लेषण करने का है। संबंधित अधिकारियों को मामले में जवाब देना चाहिए। उन्होने कहा, हम नही मानते कि मोदी प्रधानमंत्री अपनी शैक्षणिक योग्यता की वजह से बने है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को पाटिल के पार्टी मे सहयोगी अजित पवार ने कहा था कि मोदी को 2014 के आम चुनाव में जनता ने चुना क्योंकि उनकी करिश्माई छवि थी जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उनकी डिग्री की नही थी। पवार ने कहा, वह (मोदी) देश का गत नौ साल से प्रतिनिधित्व कर रहे है। मै देख रहा हूं कि उनकी या कुछ अन्य मंत्रियो की (शैक्षणिक) डिग्री के मुद्दे को उठाया जा रहा है। यह अहम मुद्दा नही है बल्कि महंगाई और बेरोजगारी मुख्य मुद्दे हैं।

### भारत की सच्ची घटनाएं डिस्कवरी पर

**मुंबई।** डिस्कवरी टाइम्स क्रॉनिकल के सहयोग से टाइम्स नेटवर्क का कंटेंट स्टूडियो लव किल्स शबनम और सलीम अमरोहा हत्याकांड की प्रसारण घोषणा की है। दिलचस्प लव किल्स गाथा की निरंतरता। 6 अप्रैल को लांच होगा। इसकी वीभत्स कहानी आपको अपनी सीट से हिला देगी। 2008 की एक शांत गर्मी की रात में अमरोहा जिले के बावनखेड़ी गाँव में मदद के लिए रो रही एक युवा लड़की की गगनभेदी चीखें सुनाई दीं। उसका पूरा परिवार मर गया था। शबनम की मदद के लिए पहुंचे लोग खून से लथपथ तस्वीर देखकर दंग रह गए। नौ एकड़ का यह घर जो कभी आठ लोगों से गुलजार रहता था उनमें से सात की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। दीवारों पर ताजा खून बिखरा हुआ है, कमरे उजाड़ पड़े हैं और सात लाशें पड़ी हैं जहां जेंटिल अली परिवार को शांतिपूर्ण नींद में आराम करना था। एक मामूली उपनगरीय भारतीय परिवार की भयानक मौत ने अमरोहा और पूरे देश को झकझोर कर रख दिया।



कोलकाता के चिड़ियाघर में मादा जिराफ अपने नवजात जिराफ को दुलारती हुई

## अदालत द्वारा गठित समिति ने हाथी को पकड़ने के बजाय स्थानांतरित करने की सिफारिश की

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय द्वारा चावल खाने वाले हाथी अरिकोम्बन के भाग्य का फैसला करने के लिए गठित विशेषज्ञ समूह ने मंगलवार को तय किया कि उक्त हाथी का स्थानांतरण किया जाए, न कि उसे बांधकर कुम्की हाथी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। समिति ने सोमवार को इडुक्की जिले के उन इलाकों का दौरा किया था जहां पर अरिकोम्बन ने उत्पात माचाया था। समिति के सदस्यों ने स्थानीय लोगों की शिकायतें सुनी थीं। समिति ने दिन में अरिकोम्बन को लेकर फैसला करने पर विचार करने के लिए यहां बैठक की थी। इस हाथी को अरिकोम्बन नाम उसकी चावल खाने के लिए घरों और राशन की दुकानों में घुसने की आदत की वजह से दिया गया। सूत्रों ने बताया, लगभग पूरे दिन बैठक करने के बाद समिति अंततः हाथी को दूसरे स्थान पर भेजने पर सहमत हुई। समिति हाथी को कुम्की हाथी बनाने के लिए पकड़ने और प्रशिक्षित करने के पक्ष में नहीं है। सूत्रों के अनुसार समिति ने पाया कि स्थानीय लोगों की हाथी के प्रति भय और आशंका जायज है। समिति द्वारा हाथी को दूसरे स्थान पर भेजने के फैसले को प्रसिद्ध मुन्नार पहाड़ी पर्यटन स्थान की सीमा से लगे संथनपारा, चिन्नाकनाल और अन्य प्रभावित ग्राम पंचायतों के लोगों से समर्थन मिलने की उम्मीद है जो कई दिनों से हाथी को दूसरे इलाके में भेजने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। समिति अपनी रिपोर्ट न्यायमूर्ति ए के जयशंकरन नाम्बियार और न्यायमूर्ति गोपीनाथ पी. की विशेष पीठ के समक्ष बुधवार को जमा करेगी।

## होम थिएटर में विस्फोट, दूल्हे और भाई की मौत

भाषा। कवर्धा

**छत्तीसगढ़** के कबीरधाम जिले में शादी के तोहफे के तौर पर मिले म्यूजिक सिस्टम में विस्फोट होने से दूल्हे और उसके बड़े भाई की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने आशंका जताई है कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के भीतर विस्फोटक रखा गया था, जिससे यह धमाका हुआ।

कबीरधाम जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर ने बताया कि सोमवार को रेंगाखार थाना क्षेत्र के चमारी गांव में होम थिएटर में विस्फोट होने से दूल्हा हेमेंद्र मेरावी (22) और उसके बड़े भाई राजकुमार (30) की मौत हो गई। ठाकुर ने बताया कि जिस कमरे में होम थिएटर रखा था, विस्फोट के कारण उसकी दीवारें और छत ढह गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि हेमेंद्र मेरावी का विवाह 30 मार्च को निकटवर्ती झलमला थाना क्षेत्र के अंजना गांव की एक युवती से हुआ था। शादी की रस्म के मुताबिक दुल्हन दूसरे दिन अपने ससुराल से मायके वापस चली गई थी। दोनों थाना क्षेत्र राजधानी रायपुर से लगभग दो सौ किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश की सीमा पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को हेमेंद्र और परिवार के अन्य सदस्य अपने घर के एक कमरे में शादी के तोहफों को खोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि जैसे ही हेमेंद्र ने होम थिएटर को बिजली से चालू किया उसमें विस्फोट हो गया, जिससे इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ठाकुर ने बताया कि इस घटना में हेमेंद्र के भाई राजकुमार और डेढ़ साल के बच्चे समेत पांच अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने शव और घायलों को कवर्धा जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में पहुंचाया। उन्होंने बताया कि बाद में दूल्हे के भाई राजकुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि अन्य का इलाज किया जा रहा है। कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने बताया कि दुर्ग और रायपुर जिलों की फोरेंसिक टीमों को जांच के लिए बुलाया गया है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि म्यूजिक सिस्टम में विस्फोटक रखा गया था। सिंह ने बताया म्यूजिक सिस्टम के कवर पर एक प्रसिद्ध ब्रांड नाम छपा हुआ था लेकिन आशंका है कि यह मूल ब्रांड न होकर उसकी कॉपी है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि होम थिएटर किसने दिया था और इसे कहां से खरीदा गया था। रेंगाखार थाने के थानेदार दुर्गेश रावटे ने बताया कि कमरे के निरीक्षण के दौरान एलपीजी गैस सिलेंडर जैसा कोई अन्य ज्वलनशील पदार्थ नहीं मिला जिससे विस्फोट हो सकता था। रावटे ने बताया कि कमरे में म्यूजिक सिस्टम ही एकमात्र ऐसा उपकरण था जिसमें विस्फोट हुआ

# उद्धव ठाकरे ने फडणवीस को बेकार गृहमंत्री बताया

भाषा। ठाणे

**शिवसेना** (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुट के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने धड़े की एक महिला कार्यकर्ता पर कथित रूप से हमला किए जाने के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बेकार गृहमंत्री बताया और उनके इस्तीफे की मांग की।

फडणवीस ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि ठाकरे कमजोर मुख्यमंत्री थे जिन्होंने सत्ता की खातिर अपनी विचारधारा की बलि दे दी। उन्होंने कहा कि उन्हें अहमियत दिए जाने की जरूरत नहीं है।

ठाकरे, उनकी पत्नी रश्मि और बेटे आदित्य ठाकरे ने ठाणे में एक अस्पताल में घायल महिला से भेंट की। ठाणे ठाकरे के प्रतिद्वंद्वी एकनाथ



शिंदे का गढ़ है जिन्होंने पिछले साल जून में महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिरा दिया था तथा भाजपा के साथ हाथ मिलाकर मुख्यमंत्री बन गए थे।

ठाकरे ने संवाददाताओं से कहा कि महिला कार्यकर्ता गुहार लगाती रही कि उसका गर्भधारण संबंधी उपचार चल रहा है, उसके बाद भी उसके पेट पर लात-घूसे मारे गए।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र को एक बेकार गृहमंत्री मिला है। एक असहाय और चाटुकार व्यक्ति यहां गृहमंत्री है। जब उनकी अपनी ही पार्टी के लोगों पर मिंधे (ठाकरे की पार्टी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए यह शब्द प्रयोग करती है) गुट द्वारा हमला किया गया तब वह कदम उठाने के लिए तैयार नहीं थे। ठाकरे ने कहा, क्या उन्हें (शिंदे को) मुख्यमंत्री कहा जाना चाहिए या गुंडा मंत्री कहा जाना चाहिए? मैं यह नहीं कह रहा हूं, लेकिन लोग फैसला करेंगे। जब वे अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करें तो उन्हें गुंडा विभाग का एक प्रभारी मंत्री रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं पर हमला करने वालों के खिलाफ कथित रूप से कार्वाई नहीं करने को लेकर ठाणे के पुलिस आयुक्त को भी बेकार करार दिया।

ठाकरे ने कहा कि शिवसैनिक और आम लोग ठाणे से भाजपा-शिवसेना गठजोड़ को उखाड़ फेंकने में सक्षम हैं। नागपुर में फडणवीस ने कहा कि ठाकरे एक कमजोर मुख्यमंत्री थे जो जेल भेजे गए अपने दो मंत्रियों को इस्तीफा देने के लिए कह नहीं पाए। उनका इशारा अनिल देशमुख और नवाब मलिक की ओर था। दोनों राकांपा नेता हैं। मैं उसी भाषा में उन्हें (ठाकरे को) जवाब दे सकता हूं लेकिन मैं उस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करूंगा। उद्धव ठाकरे हताश हैं। वह ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन अपने निवास के बाहर कभी नहीं आए। उन्होंने घर से ही अपना सारा काम किया एवं वह लोगों के बीच नहीं गए। लोग इसके बारे में जानते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता फडणवीस ने कहा कि ठाकरे इतने कमजोर थे कि वह उन दो मंत्रियों को इस्तीफा देने के लिए कह नहीं पाए जिन्हें जेल हुई थी क्योंकि उन्हें अपना पद चले जाने का डर था।

## हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बस पलटने से पांच लोग घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मंगलवार अपराह्न बारिश के बीच हिमाचल सड़क परिवहन निगम (एचआरटीसी) की एक बस के पलट जाने से उसमें सवार पांच लोग मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना मनाली उपमंडल के पतली कुहल 15 माइल के पास हुई। यह हादसा तब हुआ जब बस मनाली से दिल्ली जा रही थी।

पुलिस ने कहा कि घायलों में बस चालक और संवाहक भी शामिल हैं। घायलों का इलाज पतली कुहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। इस दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# चिकित्सकों व राज्य सरकार के बीच सहमति, हड़ताल समाप्त

भाषा। जयपुर

**स्वास्थ्य** का अधिकार (आरटीएच) विधेयक को वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे निजी अस्पतालों के चिकित्सकों की मंगलवार को राज्य सरकार के साथ सहमति बन गई जिसके बाद निजी चिकित्सकों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

दोनों पक्षों में हुए समझौते के अनुसार स्वास्थ्य का अधिकार लागू करने के प्रथम चरण में 50 बेड से कम के निजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को इस कानून के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस पर खुशी जताते हुए कहा कि राजस्थान देश का पहला ऐसा प्रदेश होगा जहां राइट टू हेल्थ लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में कष्ट नहीं पाए, इस सोच के साथ राज्य सरकार स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) लेकर आई है। यह बेहद प्रसन्नता की बात है कि राज्य सरकार द्वारा राइट टू हेल्थ विधेयक के संबंध में चिकित्सकों के समक्ष रखे गए प्रस्ताव पर सहमति बनी है। इससे राजस्थान राइट टू हेल्थ लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। गहलोत ने कहा, सभी प्रदेशवासियों ने इस विधेयक के पक्ष में राज्य सरकार का सहयोग किया और आगे बढ़कर इस जनहितैषी विधेयक का स्वागत किया है। अब चिकित्सकों की भी इस पर सहमति बनना सुखद संकेत है।

उन्होंने आशा जताई कि सभी चिकित्सक तुरंत प्रभाव से काम पर वापस लौटेंगे और स्वास्थ्य का अधिकार, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना तथा आरजीएचएस जैसी योजनाओं को सरकारी एवं निजी अस्पताल मिलकर सफल बनाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि निजी एवं सरकारी अस्पतालों ने जिस तरह कोविड का बेहतरीन प्रबंधन कर मिसाल कायम की, उसी तरह इन योजनाओं को धरातल पर सफलतापूर्वक लागू कर राजस्थान मॉडल ऑफ पब्लिक हेल्थ पेश करेंगे। इससे पहले मंगलवार को राज्य सरकार एवं चिकित्सकों के बीच स्वास्थ्य का अधिकार बिल को लेकर सहमति बनी।

मुख्य सचिव निवास पर प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा टी. रविकांत व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर दोनों पक्षों की ओर से सहमति व्यक्त की गई। समझौते के अनुसार स्वास्थ्य का अधिकार लागू करने के प्रथम चरण में 50 बेड से कम के निजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को इस कानून के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

## दंगाइयों पर कार्रवाई करने में बगलें झांकने वाले योगी से सीखें : नकवी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने पश्चिम बंगाल और बिहार में पिछले दिनों हुई हिंसा का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विरोधी दलों पर निशाना साधा और कहा कि दंगाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने में बगलें झांकने वालों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सबक लेना चाहिए कि कार्वाई कैसे की जाती है। नकवी ने यह आरोप भी लगाया कि सेक्युलर दुकान पर कम्युनल पकवानै पकाने वाले लोग दंगा करने वालों को बचाने में जुटे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, दंगें इंसान ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत को लहूलुहान करते हैं।

# आदिवासी की हत्या किए जाने पर 13 दोषी करार

भाषा। पालक्काड (केरल)

**केरल** की एक विशेष अदालत ने पालक्काड जिले में 2018 में कथित तौर पर खाद्य पदार्थ चुराने के आरोप में एक आदिवासी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में मंगलवार को 13 लोगों को दोषी ठहराया। अट्टापडी के आदिवासी मधु की 22 फरवरी 2018 को चोरी के आरोप में स्थानीय लोगों ने बांधकर पिटाई की थी जिससे उसकी मौत हो गई। विशेष लोक अभियोजक राजेश एम मेनन ने संवाददाताओं को बताया कि इस घटना के पांच साल बाद विशेष न्यायाधीश के. एम. रतीश कुमार ने इन लोगों को भारतीय दंड

**● सजा पर फैसला आज**

संहिता (आईपीसी) की धारा 304(दो) के तहत गैर-इरादतन हत्या के आरोप में दोषी ठहराया, जिसमें अधिकतम 10 वर्ष के कारावास की सजा है। उन्होंने बताया कि दोषियों की सजा की अवधि को लेकर फैसला बुधवार को सुनाया जाएगा। मेनन ने यह भी कहा कि 13 दोषियों में से एक को आईपीसी की धारा 304(दो) के तहत दोषी करार दिया गया है और बाकी के 12 दोषियों को इसके साथ ही धारा 326 (खतरनाक हथियारों से जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाना) और धारा 367 (गंभीर चोट पहुंचाने या दासता के इरादे से अपहरण) के तहत भी अपराधों का दोषी ठहराया गया है।

धारा 326 तथा 367 के तहत अधिकतम सजा क्रमशः आजीवन कारावास और 10 वर्ष की जेल है। एसपीपी ने बताया कि 12 दोषियों को एससीएसटी कानून की धारा 3(1)(डी) के तहत अपराध का दोषी ठहराया गया है। मेनन के अनुसार, अदालत का मानना था कि दोषियों की आदिवासी व्यक्ति को मारने की मंशा नहीं थी। अदालत ने 16 आरोपियों में से दो को बरी कर दिया था। मामले में 16वें आरोपी को आईपीसी की धारा 352 के तहत दोषी ठहराया गया, जिसमें तीन माह तक जेल या 500 रुपए तक जुर्माना या दोनों सुनाए जा सकते हैं।

# सुदर्शन-मिलर ने दिलाई टाइटंस को लगातार दूसरी जीत

## दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से हराया

**भाषा।** नई दिल्ली

**गुजरात टाइटंस** ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मुकाबले में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। गुजरात ने दिल्ली को आठ विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात के लिए साई सुदर्शन से सबसे ज्यादा नाबाद 62 रन का योगदान दिया। इससे पहले हरफनमौला अक्षर पटेल की 22 गेंद में 36 रन की पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 162 रन बनाए। दिल्ली के लिए कप्तान डेविड वार्नर ने 32 गेंद में 37 और सरफराज खान ने 34 गेंद में 30 रन बनाए लेकिन यह दोनों बल्लेबाजों ने संघर्ष किया और रन गति को बढ़ाने में नाकाम रहे। अक्षर ने अपनी पारी में



दो चौके और तीन छक्के जड़े। उन्हें अभिषेक पोरेल का अच्छा साथ मिला 20 साल के पोरेल ने 11 गेंद की पारी में दो छक्के की मदद से 20 रन बनाकर प्रभावित किया। गुजरात के लिए मोहम्मद शमी और राशिद खान ने तीन-तीन विकेट लिए। शमी हालांकि महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 41 जबकि राशिद ने इतने ही ओवर में ही 31 रन खर्च किए। अलजारी जोसेफ ने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। जोसेफ ने अपनी बाउंसर गेंदों से दिल्ली के बल्लेबाजों को काफी परेशान किया। शमी की पहली गेंद विकेट को छू कर निकली लेकिन गिल्लियां नहीं गिरी और वार्नर आउट होने से बच गए। इस ओवर से 11 रन आए जिसमें से बल्ले से सिर्फ चार रन निकले। शमी को शानदार गेंदबाजी का फायदा पारी के तीसरे ओवर में मिला। उन्होंने शॉट गेंद पर पृथ्वी साव (सात रन) की कमजोरी का फायदा उठाया जो मिड ऑन पर अल्जारी जोसेफ को आसान कैच देकर पवेलियन लौटे। शानदार लय में चल रहे मिशेल मार्श (चार रन) ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर चौका लगाया लेकिन शमी ने अगली गेंद पर उन्हें बोल्ड कर शानदार वापसी की। अब तक संघर्ष कर रहे वार्नर ने ओवर की आखिरी गेंद पर आत्मविश्वास से भरा चौका जडा। पावरप्ले के आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या के खिलाफ भी चौका लगाया जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 52 रन हो गया जिसमें 14 अतिरिक्त रनों का योगदान था। वार्नर ने सातवें ओवर में जोसेफ के खिलाफ दो चौके जड़े लेकिन इस गेंदबाज ने पारी के नौवें ओवर में उन्हें बोल्ड कर बदला पूरा किया। जोसेफ ने अलगी गेंद पर अपनी गति से रीले रोसो को चौकाया। गेंद ने उनकी बल्ले का बाहरी किनारा लिया और प्वाइंट पर राहुल तेवतिया ने आगे की तरफ डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। वह हालांकि हैट्रिक पूरा करने से चूक गए। ओवर की आखिरी गेंद सरफराज के सिर पर लगी और टीम के चिकित्सकों से कनकशन की जांच के बाद उन्होंने खेलना जारी रखा। पदार्पण मैच खेल रहे 20 साल के अभिषेक पोरेल ने जोसेफ के खिलाफ 11वें ओवर में छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर किए। सरफराज को 12वें ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल की गेंद पर जोश लिटिल ने कैच टपका कर जीवनदान दिया।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स** :वॉर्नर बो जोसेफ 37, साव क जोसेफ बो शमी 7, मार्श बो शमी 4,खान क लिटिल बो राशिद 30, रोसोयू क तेवतिया बो जोसेफ 0, पोरेल बो राशिद 20, पटेल क मिलर बो शमी 36,हकीम खान क पंड्या बो राशिद 8, यादव नाबाद1,नॉर्किया नाबाद 4, **अतिरिक्त** : 15 रन, कुल योग : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 162 रन, **विकेट पतन** : 1-29, 2- 37, 3-67, 4- 67, 5-101, 6- 130, 7-148, 8-158, **गेंदबाजी** : शमी 4 - 0 -41- 3,लिटिल 4- 0-27-0, पंड्या 3-0-18- 0, जोसेफ 4-0-29- 2, दयाल 1-0- 12-0, राशिद 4 - 0-31 -3

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## आरसीबी के पाटीदार बाहर



**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार टखने की चोट के कारण पूरे इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से बाहर हो गए हैं जिससे टीम को बड़ा झटका लगा है।आठ मैच में दो अर्धशतक से 55.50 के औसत से 333 रन बनाने वाले 29 साल के पाटीदार पिछले साल आरसीबी के तीसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने क्वालीफायर एक में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया था।आरसीबी ने बयान में कहा, दुर्भाग्य से रजत पाटीदार टखने की चोट के कारण आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं। हम रजत के जल्द उबरने की कामना करते हैं और इस प्रक्रिया के दौरान उनका समर्थन जारी रखेंगे। कोच और टीम प्रबंधन ने अभी उनके वैकल्पिक खिलाड़ी की घोषणा नहीं करने का फैसला किया है। पाटीदार को आरसीबी के शिविर में शामिल होने से पहले ही चोट लगी थी लेकिन शुरुआत में माना जा रहा था कि वह कम से कम आईपीएल के दूसरे हाफ के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनके बाहर होने से हालांकि टीम की समस्या बढ़ गई है। पाटीदार के बाहर होने की खबर उस समय आई है जब पिछले सत्र में 12 मैच में 20 विकेट के साथ टीम के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड ने संकेत दिया है कि वह अप्रैल के चौथे हफ्ते तक मैच फिट नहीं हो पाएंगे। सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आठ विकेट की जीत के दौरान आरसीबी के इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉप्ली का दायां कंधा भी खिसक गया था।

## मुंबई ने युवाओं में निवेश किया और अब उनके प्रदर्शन का समय : मुख्य कोच बाउचर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर को यकीन है कि जिन युवा खिलाड़ियों पर टीम ने इतना निवेश किया है, वे इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में प्रभावी प्रदर्शन करेंगे। आरसीबी ने सोमवार को मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से हराया। तिलक वर्मा ने 46 गेंद में 84 रन बनाए जबकि निहाल वढेरा ने 13 गेंद में 21 रन की पारी खेली। बाउचर ने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , आईपीएल बड़ा टूर्नामेंट है और युवा खिलाड़ियों के लिए अच्छे प्रदर्शन का सुनहरा मौका है। हमने इतने साल में युवा खिलाड़ियों पर बहुत निवेश किया है और अब उनके लिए अच्छे प्रदर्शन का समय है। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बांड ने भी अपने युवा खिलाड़ियों की तारीफ की।

## गुजरात टाइटंस में केन विलियमसन की जगह लेंगे दासुन शनाका



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने श्रीलंका के सीमित ओवरों के कप्तान दासुन शनाका को चोटिल केन विलियमसन की जगह आईपीएल के बाकी मैचों के लिए टीम में चुना है। मध्यक्रम के आक्रामक बल्लेबाज शनाका के साथ उनकी बेसप्राइज 50 लाख रूपए में करार किया गया है। वह नीलामी में नहीं बिके थे। विलियमसन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 31 मार्च को पहले मैच में फील्डिंग करते समय चोटिल हो गए थे। विलियमसन ने इंस्टाग्राम पर लिखा , मैं गुजरात टाइटंस को बाकी सत्र के लिए शुभकामना देता हूं। काश मैं आपके साथ खेल पाता लेकिन ऐसा हो नहीं सका। मैं प्रशंसकों को भी उनके प्यार और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। उम्मीद है कि जल्दी ठीक हो जाऊंगा।

## नडाल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने क्ले कोर्ट पर होने वाले मोंटे कार्लो मास्टर्स से नाम वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि अभी वह शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने मे सक्षम नही है। बाईस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नडाल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद से ही कूल्हे की चोट के कारण बाहर है। मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट आठ अप्रैल से शुरू होना है। नडाल ने यह टूर्नामेंट रिकॉर्ड 11 बार जीता है। मै अपने करियर के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट मे से एक मोंटे कार्लो मास्टर्स मे नही खेल पाऊंगा। मै अभी अपनी पूरी क्षमता से खेलने की स्थिति मे नही हूं। मेरी तैयारियां चल रही है और उम्मीद है कि मै जल्द वापसी करूंगा।

## अंबर की मेहनत पर आशीष ने फेरा पानी

**लखनऊ।** मैन ऑफ़ द मैच राम आशीष यादव 2 विकेट23 रन के हरफ़नमौला प्रदर्शन से ज़ोरदार लेपर्ड्स ने पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में खेली जा रही डिवीज़नल चैंपियंस लीग में मंगलवार को दिलकश टाइगर्स को 6 विकेट से पराजित किया। ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर खेले गए मैच में दिलकश टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 135 रन बनाये। टीम को शुरू में ही तब झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज मोहम्मद अजकर बिना खाता खोले पवैलियन लौट गए। हालांकि दूसरे सलामी बल्लेबाज संतोष यादव ने 46 गेंदों पर 3 चौके से 48 रन की उम्दा पारी खेली। इसके बाद तारिक हुसैन ने 17 रन जोड़े जबकि कप्तान अंबर प्रताप सिंह ने 25 गेंदों पर 3 चौके से 30 रन बनाये और संतोष यादव के साथ चौथे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर टीम को मजबूती दी। ज़ोरदार लेपर्ड्स से राम आशीष यादव ने 2 विकेट हासिल किये।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पाक के कप्तान होंगे बाबर

**कराची।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 14 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला के लिए बाबर आजम पाकिस्तान की वनडे और टी20 टीम के कप्तान होंगे। बाबर के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी भी नवंबर के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे वापसी करेंगे। उन्होंने पिछले महीने लाहौर क्लंदर की कप्तानी करके उसे लगातार दूसरा पाकिस्तान सुपर लीग खिताब दिलाया लेकिन घुटने की चोट के कारण इंग्लैड और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला नही खेल सके थे। राष्ट्रीय चयनकर्ताओ ने बाबर, शाहीन, हारिस रऊफ़, फखर जमां और मोहम्मद रिजवान को शारजाह मे अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला मे आराम दिया था। अफगानिस्तान ने वह श्रृंखला 2-1 से जीती। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखलाएं 14 अप्रैल से सात मई के बीच लाहौर, रावलपिंडी और कराची मे खेली जाएगी।

## नितिन मेनन करेंगे एशेज श्रृंखला में अंपायरिंग

**नई दिल्ली।** आईसीसी अंपायरो की एलीट पेनल मे अकेले भारतीय नितिन मेनन जून जुलाई में इंग्लैड और आस्ट्रेलिया के बीच एशेज श्रृंखला मे अंपायरिंग करेंगे। इंदौर के 39 वर्ष के मेनन तीसरे और चौथे टेस्ट मे मैदानी अंपायर होंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया , वह एशेज मे अंपायरिंग करेंगे। तीसरा टेस्ट छह से 10 जुलाई तक लीड्स पर और चौथा 19 से 23 जुलाई के बीच मैनचेस्टर मे खेला जाएगा। मेनन पांचवें और आखिरी टेस्ट मे टीवी अंपायर होंगे जो लंदन मे खेला जाएगा। मेनन इससे पहले 2020 मे भी एशेज मे अंपायरिंग कर सकते थे लेकिन कोरोना महामारी के कारण स्थानीय अंपायरों को ही चुना गया।

# पंजाब किंग्स की चुनौती के लिए तैयार रॉयल्स

## सनराइजर्स के खिलाफ बड़ी जीत के बाद जोश में है राजस्थान

**भाषा।** गुवाहाटी

**सनराइजर्स** हैदराबाद के खिलाफ शानदार जीत से आत्मविश्वास से भरा राजस्थान रॉयल्स अपनी संतुलित टीम के दम पर बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। पिछले साल के उप विजेता रॉयल्स ने 72 रन की जीत के दौरान रविवार को हैदराबाद की टीम को खेल के हर विभाग में पछाड़ा। सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और बेहतरीन फॉर्म में चल रहे इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर तथा कप्तान संजू सैमसन के अर्धशतकों से रॉयल्स के बल्लेबाजों ने दबदबा बनाया। टीम ने इसके बाद युजवेंद्र चहल (17 रन पर चार विकेट) और ट्रेंट बोल्ट (21 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से सनराइजर्स के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। पंजाब किंग्स ने भी हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मोहाली में डकवर्थ -लुईस पद्धति के तहत सात रन की जीत के दौरान अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्षमता की झलक पेश की जिससे बुधवार को गुवाहाटी में होने वाले मुकाबले के रोमांचक होने की उम्मीद है। यह मैच रॉयल्स का घरेलू मैच होगा और पूर्वोत्तर को पहली बार आईपीएल मुकाबले की मेजबानी का मौका मिलेगा। रॉयल्स की बल्लेबाजी में गहराई है। युवा यशस्वी ने 37 गेंद में 54 रन की पारी के दौरान दर्शाया कि वह कितनी तेजी से परिपक्व हुए हैं जबकि बटलर ने पिछले सत्र की फॉर्म को बरकरार रखते हुए 22 गेंद में 54 रन की पारी खेली। मध्य क्रम में हालांकि देवदत्त पडिक्कल और रियान पराग सस्ते में आउट हुए लेकिन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। रॉयल्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आती है। टीम के पास बोल्ट के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक है। इसके अलावा दो दिग्गज भारतीय स्पिनर चहल और रविचंद्रन अश्विन भी टीम का हिस्सा हैं और पंजाब की टीम को पता है कि इनके खिलाफ बारसापारा स्टेडियम में उनकी राह आसान नहीं होगी। पंजाब के पास शीर्ष क्रम में शिखर धवन के रूप में अनुभवी भारतीय बल्लेबाज है। टीम के गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह कर रहे हैं। टीम को हालांकि



इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाल लियाम लिवंगस्टोन का इंतजार है जिन्हें इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है। उन्हें पिछले साल दिसंबर में घुटने में चोट लगी थी। आईपीएल इतिहास में 18 करोड़ और 50 लाख रुपए के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी बने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन, लिविंगस्टोन और अर्शदीप मौजूदा सत्र में पंजाब की टीम के लिए तुरुप के इक्के साबित हो सकते हैं।

## विदेश में आपरेशन कराएंगे अय्यर

### आईपीएल और डब्ल्यूटीसी फाइनल नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर विदेश में कमर का आपरेशन कराएंगे जिसकी वजह से आईपीएल का पूरा सत्र और जून में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल नहीं खेल सकेंगे। आईपीएल की कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के कप्तान अय्यर कम से कम पांच महीने तक बाहर रहेंगे। इसके मायने हैं कि भारत में अक्टूबर नवंबर में होने वाला वनडे विश्व कप भी वह नहीं खेल सकेंगे। वह विदेश में सर्जरी कराएंगे और कम से कम पांच महीने तक बाहर रहेंगे। डब्ल्यूटीसी फाइनल भारत और आस्ट्रेलिया के बीच लंदन में सात जून से खेला जाएगा। अय्यर को दिसंबर में भारतीय टीम के बांग्लादेश दौरे पर चोट लगी थी।

# डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र से अपने और विरोधी के मैदान पर मैच के प्रारूप की योजना: धूमल

**भाषा।** नई दिल्ली

**महिला प्रीमियर** लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सत्र की सफलता से उत्साहित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अध्यक्ष अरूण धूमल ने मंगलवार को कहा कि वे दूसरे सत्र से अपने और विरोधी के मैदान पर मुकाबले के प्रारूप को लागू करने की योजना बना रहे हैं लेकिन अगले तीन साल तक टीम की संख्या पांच ही रहेगी। पहला डब्ल्यूपीएल प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच काफी लोकप्रिय रहा लेकिन टूर्नामेंट का आयोजन व्यस्त कार्यक्रम के बीच महिला टी20 विश्व कप के तुरंत बाद किया गया इसलिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी मुकाबलों का आयोजन मुंबई में दो स्थलों पर कराने का फैसला किया। डब्ल्यूपीएल के आयोजन को अपने कार्यकाल की सबसे बड़ी चुनौती



करार देते हुए धूमल ने कहा कि अपने और विरोधी के मैदान पर मुकाबले के प्रारूप से टीम को प्रशंसकों का आधार बनाने में काफी मदद मिलेगी और बोर्ड चाहता है कि अगले साल ही इसे लागू किया जाए। अच्छी शुरुआत का मतलब है कि आधा काम हो गया। डब्ल्यूपीएल की शुरुआत शानदार रही और भविष्य में हमने अब तक जो देखा उससे बहुत बेहतर होगा। हमने पांच टीम के साथ शुरुआत की लेकिन खिलाड़ियों के पूल को देखते हुए भविष्य में अतिरिक्त टीम की गुंजाइश है। हमें टीम की संख्या में इजाफे की उम्मीद है लेकिन आगामी तीन सत्र में पांच ही टीम रहेंगी। हम निश्चित तौर पर अपने और विरोधी के मैदान पर मुकाबले के प्रारूप पर गौर कर रहे हैं, भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को देखते हुए हम देखेंगे कि कौन का समय उपलब्ध है और फिर फैसला करेंगे। प्रशंसकों को जोड़ने के नजरिए से यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम अपने और विरोधी के मैदान पर मुकाबले के प्रारूप को अपनाएं। ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे थे। टूर्नामेंट ने शुरुआत से पहले ही सुर्खियां बटोरी थी जब बीसीसीआई को टीम के अधिकार से 4700 करोड़ और मीडिया अधिकार से 951 करोड़ रुपए मिले थे। धूमल ने कहा, अब तक सफर शानदार रहा है और डब्ल्यूपीएल के लिए उपलब्ध समय को देखते हुए काफी चुनौतीपूर्ण भी।

# वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए महत्वपूर्ण होंगे स्टार्क, जंपा : पोंटिंग



**भाषा।** नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को उम्मीद है कि इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में दिग्गज तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और लेग स्पिनर एडम जंपा उनकी टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। तैंतीस साल के स्टार्क हाल में भारत के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के दौरान शानदार फॉर्म में थे जिसमें उन्होंने आठ विकेट चटकाए। उन्होंने विशाखापत्तनम में दूसरे वनडे में पांच विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला 2-। से जीती। चार टेस्ट की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद जंपा ने भी एकदिवसीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चेन्नई में निर्णायक तीसरे वनडे में चार विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 21 रन से जीत दर्ज की। पोंटिंग ने मंगलवार को आईसीसी रिव्यु में कहा, मिशेल स्टार्क संपूर्ण पैकेज है। वह छह फुट पांच इंच का है, 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता है। वह बाएं हाथ का गेंदबाज है और वह नई गेंद को अंदर की तरफ स्विंग करता है जैसा (एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान) सूर्यकुमार यादव के साथ हुआ। स्टार्क 2019 विश्व कप के सबसे सफल गेंदबाज थे जबकि 2015 में उन्होंने न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट के साथ यह सम्मान साझा किया था। जब वह लय में होता है तो वह दुनिया के किसी भी गेंदबाज जितना अच्छा है और वह लंबे समय से ऐसा कर रहा है। कई अजीब कारणों से हमेशा कुछ लोग मिशेल स्टार्क पर उसके प्रदर्शन के लिए निशाना साधते रहे हैं।

## संन्यास ले चुके मुक्केबाज आमिर पर डोपिंग के लिए दो साल का प्रतिबंध लगा

**लंदन।** ब्रिटेन के संन्यास ले चुके मुक्केबाज आमिर खान को अपने करियर के अंतिम मुकाबले के बाद प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर सभी खेलों से दो साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। पूर्व लाइट-वेल्टरवेट विश्व चैंपियन और ओलंपिक रजत पदक विजेता आमिर फरवरी 2022 में मैनचेस्टर में केल ब्रूक के खिलाफ मुकाबले में हार के बाद ओस्टेरिन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे जो एनाबोलिक एजेंट है। ब्रिटेन की डोपिंग रोधी संस्था ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ओस्टेरिन सिलेक्टिव एंड्रोजेन रिसेप्टर मॉड्युलेटर है जो मांसपेशियां बनाने में मदद करता है। ब्रूक के खिलाफ मुकाबले के तीन महीने बाद संन्यास की घोषणा करने वाले आमिर ने डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन स्वीकार किया है लेकिन कहा कि उन्होंने जानबूझकर इस पदार्थ का सेवन नहीं किया। उनके इस दावे को जनवरी में सुनवाई के बाद स्वतंत्र पैनल ने स्वीकार किया। उनका प्रतिबंध पांच अप्रैल 2024 को खत्म होगा।

# राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन संजीता पर चार साल का प्रतिबंध

## डोप परीक्षण में असफल रहीं

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल खेलों** में दो बार की चैंपियन भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू पर पिछले साल डोप परीक्षण में असफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासन पैनल ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। संजीता पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान परीक्षण में एनाबॉलिक स्टेरॉयड -ड्रोस्तानोलोन मेटाबोलाइट के लिए पॉजिटिव पाई गई थी, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। प्रतियोगिता के दौरान 30 सितंबर 2022 को डोप परीक्षण के लिए उनका नमूना लिया गया था। चैतन्य महाजन की अध्यक्षता वाले नाडा पैनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा, यह माना जाता है कि खिलाड़ी ने नाडा एडीआर, 2021 के अनुच्छेद 2.1 और 2.2 का उल्लंघन किया है, इसलिए उसे नाडा एडीआर, 2021 के अनुच्छेद 10.2.1 के अनुसार चार (04) वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। संजीता का प्रतिबंध 12 नवंबर 2022 से शुरू



होगा जब उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित किया गया था। आदेश के अनुसार, निलंबन की अवधि अस्थाई रूप से निलंबित किए जाने की तारीख 12 नवंबर 2022 से शुरू मानी जाएगी। यह खिलाड़ी पैनल को यह संतुष्ट करने में नाकाम रही कि एडीआरवी नाडा एडीआर 2023 के अनुच्छेद 10.2.1.1 के अनुसार गैर-इरादतन था। यह संजीता के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक जीता था जिसे छीन लिया गया है। इस नए घटनाक्रम पर उनकी प्रतिक्रिया नहीं ली जा सकी। संजीता ने 2014 में ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2018 में गोल्ड कोस्ट में 53 किग्रा भार वर्ग में सोने का तमगा हासिल किया था। मणिपुर की इस खिलाड़ी के पास अभी फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है लेकिन यह तय नहीं है कि वह ऐसा करेंगी या नहीं। वह फैसला मिलने के 21 दिन तक नाडा के अपीली पैनल में अपील कर सकती है। संजीता ने सुनवाई के दौरान अपना पक्ष स्वयं रखा था। उन्होंने जानबूझकर प्रतिबंधित दवा लेने से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि भोजन और पूरक पदार्थ लेने में उन्होंने पूरी सतर्कता बरती थी। मौजूदा मामला व्यवस्थित डोपिंग का मामला प्रतीत होता है जहां खिलाड़ी ने प्रतिबंधित पदार्थ का इस्तेमाल किया था। ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जिससे यह साबित हो कि खिलाड़ी ने मिलावटी भोजन, पूरक या दवा के माध्यम से इस तरह के प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया है। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि खिलाड़ी ने ताकत और शक्ति बढ़ाने के लिए जानबूझकर उक्त प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया। पैनल के अन्य सदस्यों में पूर्व हॉकी खिलाड़ी जगबीर सिंह और आरके आर्य शामिल थे। यह पहला अवसर नहीं है जबकि 2011 की एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता को डोपिंग से जुड़े विवाद का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले नवंबर 2017 में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप से पहले एनाबॉलिक स्टेरॉयड टेस्टोस्टेरोन के लिए पॉजिटिव पाए जाने पर अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ ने 2018 में उन्हें प्रतिबंधित किया था। विश्व संस्था ने हालांकि 2020 में उन्हें आरोप मुक्त कर दिया था। संजीता ने जनवरी में पीटीआई से कहा था, मैं पहले भी इस तरह की स्थिति से गुजर चुकी हूं लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आ रहा है कि यह कैसे हुआ। इस घटना से पहले तक मैं अपने खाने और हर काम को लेकर काफी सतर्क थी।

## बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में आयरलैंड पहले दिन 214 रन पर सिमटा

**मीरपुर।** बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम के पांच विकेट की मदद से बांग्लादेश ने आयरलैंड को पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 214 रन पर आउट कर दिया। 2019 के बाद पहला टेस्ट खेल रही आयरलैंड की टीम बांग्लादेश के स्पिनरों का सामना नहीं कर सकी। आफ स्पिनर मेहदी हसन और तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ने दो दो विकेट लिए। इस्लाम ने 58 रन देकर पांच विकेट चटकाए। बांग्लादेश ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर दो विकेट खोकर 34 रन बनाए थे। मोमिनुल हक 12 रन बनाकर क्रीज पर थे जबकि दिन की आखिरी गेंद पर आफ स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने तामिम इकबाल को पवेलियन भेज दिया था। तेज गेंदबाज मार्क एडेयर ने इससे पहले नजमुल हुसैन को पहले ही ओवर में आउट किया।



स्टेडियम में पहुंचे पंत